

7

काजल राघवानी स्टारर...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



11

पं. दीनदयाल उपाध्याय ...

वर्ष 31 अंक 231 | जबलपुर गुरुवार 12 फरवरी 2026 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 3.00


### लोकसभा में राहुल गांधी का एंग्री अवतार

# आपने इंडिया बेच दिया...कोई शर्म नहीं




नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर सरकार पर तीखे हमले किए हैं। उन्होंने कहा है कि देश को बेचकर इन्हें शर्म नहीं आती है। उन्होंने कहा कि भारत के फैसले अमेरिका कैसे ले रहा है। राहुल ने कहा कि अब यूनाइटेड स्टेट्स तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे। यूनाइटेड स्टेट्स हमारे पास आएगा और कहेगा, आप खरीद नहीं सकते, फलां-फलां से तेल खरीदिए। क्या हमारे फैसले अब अमेरिका लेगा। हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे। लोकसभा में बेहद गरमागरम बहस के बीच राहुल गांधी ने राहुल गांधी ने संसद में मार्शल आर्ट का भी जिक्र किया। राहुल गांधी ने कहा कि आप खुद कहते हैं कि एनर्जी और फाइनेंस वेपनाइजेशन है, और आपने अमेरिकियों को हमारे फाइनेंस और हमारी एनर्जी को हमारे खिलाफ हथियार बनाने की इजाजत दी है। इसका क्या मतलब है जब अमेरिका कहता है कि आप इसे नहीं खरीद सकते। किसी खास देश से तेल नहीं खरीद सकते तो इसका मतलब है कि हमारी एनर्जी वेपनाइज्ड है। इसका क्या मतलब है जब वे कहते हैं, आपके टैरिफ कम हो जाएंगे। हमारे टैरिफ कम हो जाएंगे और आपके बढ़ जाएंगे। इसका मतलब है कि फाइनेंस, ट्रेड वेपनाइज़्ड है। तो आप हमें बता रहे हैं कि दुनिया एक ऐसी जगह है जहां जियोपॉलिटिकल कॉन्फ्लिक्ट बढ़ रहा है। आप हमसे कह रहे हैं कि एनर्जी और फाइनेंस को हथियार बनाया जाएगा, और फिर आप अपने साथ ऐसा करवा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आपने इंडिया बेच दिया है। क्या आपको इंडिया बेचने में शर्म नहीं आती? क्या आपको इंडिया बेचने में कोई शर्म नहीं है? आपने हमारी मां को बेच दिया है। आपको कोई शर्म नहीं है।

### ट्रंप से इंडिया अलायंसडील करता तो...

कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर इंडिया अलायंस ट्रंप से डील करता तो हम भारत के हितों का पक्का ख्याल रखते। अगर हम ट्रंप से बात करते तो हम कहते कि राष्ट्रपति ट्रंप अगर आप अपना डॉलर बनाना चाहते हैं तो ये अच्छी बात है, हम आपके दोस्त हैं, हम आपको आपके डॉलर बचाने में मदद करना चाहते हैं, लेकिन प्लीज याद रखिए, अगर आप अपना डॉलर बचाना चाहते हैं तो सबसे बड़ी दौलत जो डॉलर को बचा सकती है वो है भारतीय लोगों के साथ रहना।

### हमारी ऊर्जा सुरक्षा बेहद अहम

दूसरी बात हम ट्रंप को यह कहते कि देखिए मिस्टर प्रेसिडेंट यदि आप भारतीयों के डाटा तक पहुंच चाहते हैं तो पहली बात यह है कि आपको हमारे साथ बराबरी के स्तर पर बात करनी पड़ेगी। आप हमारे साथ ऐसे नहीं बात करेंगे जैसे कि हम आपके नौकर हैं। अगली बात हम ट्रंप को कहते कि हमारी ऊर्जा सुरक्षा बेहद अहम है और चाहे जो कुछ भी हो जाए हम अपनी एनर्जी सिक्योरिटी की हर हाल में रक्षा करेंगे।

### किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया

राहुल ने कहा कि भारतीय इतिहास में पहली बार हमारे किसान तूफान का सामना कर रहे हैं। मक्का सोयाबीन जैसी फसलों में आपने दरवाजा खोल दिया है। मैकेनाइज्ड अमेरिकन फार्म्स के लिए। आपने हमारे गरीब किसानों को कुचलने का रास्ता खोल दिया है। यह शर्मनाक है। इससे पहले किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। और मैं आपको बता दूं आपके बाद कोई भी प्राइम मिनिस्टर ऐसा कभी नहीं करने वाला है।

### यह ट्रेड डील थोक सरेंडर है

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में आरोप लगाया कि भारत-यूई ट्रेड डील पूरी तरह से सरेंडर है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने टैरिफ कम कर दिए हैं, भारतीय डेटा सौंप दिया है, विदेशी कंपनियों को 20 साल की टैक्स छूट दी है, किसानों को मशीनीकृत अमेरिकी खेती से मुकाबले के लिए मजबूर किया है, टेक्सटाइल सेक्टर को कमजोर किया है और एनर्जी सिक्योरिटी से समझौता किया है।



# 'शादी' को लेकर सेना का सख्त रुख

## जारी किए अग्निवीर भर्ती के नए नियम

नई दिल्ली

अग्निवीर योजना को शुरू हुए लगभग 4 साल होने को हैं, और अब सेना ने भर्ती की शर्तों को और ज्यादा कड़ा कर दिया है। नए नियमों के मुताबिक, सेना में शामिल होने के इच्छुक युवाओं को अविवाहित होना अनिवार्य है। भर्ती के आवेदन फॉर्म में ही यह स्पष्ट कर दिया गया है कि उम्मीदवार न केवल भर्ती के समय कुंवारा होना चाहिए, बल्कि पूरी ट्रेनिंग के दौरान भी वह शादी नहीं कर सकता। यदि कोई इन नियमों का उल्लंघन करता है या अपनी शादी की बात छिपाता है, तो उसे सेना से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। नियमों में इस सख्ती की मुख्य वजह हाल ही में सामने आई एक घटना है। बिहार के बेगूसराय के एक युवक ने अग्निवीर ट्रेनिंग के दौरान गुपचुप तरीके से शादी कर ली थी। जब सेना को इस बारे में पता चला, तो विभाग में हड़कंप मच गया। इसी के बाद 2026 की आगामी भर्तियों के लिए जारी नोटिफिकेशन में यह साफ कर दिया गया है कि झूठ बोलने वाले उम्मीदवारों से ट्रेनिंग पर हुआ सारा खर्च वसूला जाएगा। साथ ही, सच्चाई छिपाने पर अब एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है, जिससे उम्मीदवार को जेल तक जाना पड़ सकता है।

### अब आवेदन के समय ही चुन सकेंगे

अपना विभाग सेना ने भर्ती प्रक्रिया को पहले से ज्यादा पारदर्शी और आसान बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण बदलाव किया है। पहले की व्यवस्था में युवाओं को भर्ती होने के बाद उनके विभाग या ट्रेड दिए जाते थे। लेकिन अब नई प्रक्रिया के तहत उम्मीदवारों को आवेदन भरते समय ही अपनी पसंद का ट्रेड चुनने का मौका मिलेगा। इससे युवा अपनी रुचि और काबिलियत के हिसाब से सेना के अलग-अलग विभागों के लिए दावेदारी पेश कर सकेंगे।

### ट्रेड यूनियनों ने आज भारत बंद का ऐलान किया

**नई दिल्ली।** ट्रेड यूनियनों ने 12 फरवरी को देशभर में 'भारत बंद' का आह्वान किया है, जिससे कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। किसान संगठनों और 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने इस हड़ताल का ऐलान किया है। राष्ट्रव्यापी हड़ताल के कारण बिजली, बैंकिंग, बीमा, परिवहन, स्वास्थ्य, गैस और जलापूर्ति से जुड़ी सेवाएं देशभर में प्रभावित हो सकती हैं। हड़ताल में विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 30 करोड़ वर्कर्स के शामिल होने की संभावना है।

### लैंडमाइन ब्लास्ट में सेना का जवान घायल

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग सेक्टर के पास बुधवार दोपहर एक लैंडमाइन में विस्फोट होने से सेना का एक जवान घायल हो गया। सूत्रों के अनुसार यह धमाका गुलमर्ग सेक्टर के अग्रिम इलाके में हुआ। विस्फोट के तुरंत बाद वहां तैनात अन्य जवानों ने घायल सैनिक को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल जवान को तुरंत इलाज के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि जवान की हालत फिलहाल स्थिर है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है।

### असम सीएम के विवादित वीडियो पर केस दर्ज

**दिसपुर।** असम सीएम के विवादित वीडियो को लेकर कांग्रेस नेताओं की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वीडियो राज्य बीजेपी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपलोड किया गया था। बाद में इसे डिलीट कर दिया गया। हिमंता बिसवा सरमा ने बताया कि एक बीजेपी कार्यकर्ता ने भी इसी मुद्दे पर अलग से शिकायत दर्ज कराई है। वीडियो एआई जनरेटेड था। इसमें सरमा को राइफल से दो लोगों पर गोली चलाते दिखाया गया था।

### 10 लाख की रिश्वत लेते एएसआई पकड़ाया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी अधिकारी पर केस दर्ज न करने के बदले 25 लाख रुपये की मांग करने का आरोप है। शिकायतकर्ता का आरोप था कि अधिकारी ने उसके खिलाफ किसी तरह की कानूनी कार्रवाई न करने के बदले 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

# दिल्ली में 2016 से 52 हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता

## हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में साल दर साल बच्चों से लेकर विभिन्न आयु वर्ग के लोगों के लापता होने के मामले में बिना देरी के प्राथमिकी करने सहित अन्य मांगों को लेकर दायर याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र व दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने यह पूछते हुए मामले की सुनवाई 18 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी कि ऐसा कोई मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित है या नहीं। साथ ही अदालत ने केंद्र व दिल्ली सरकार को मामले पर अपना रुख पेश करने को कहा। मामले पर अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। गैर-सरकारी संगठन फ्रीडम री-क्लेम्ड चेयरपर्सन व




अधिवक्ता आयुषी मित्तल द्वारा याचिका में कहा गया कि यह याचिका 2016 से लापता लगभग 52,326 लोगों से जुड़ी है, जिनका आज तक पता नहीं लगाया जा सका है। याची की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता अभिषेक तिवार व देवेश ने कहा कि सरकार से लेकर दिल्ली पुलिस अपनी कानूनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल है और यह नाकामी प्रशासनिक निगरानी का मामला नहीं है, बल्कि कानून लागू करने वाली व्यवस्था के नाकाम होने का है।

### आंकड़े में 6931 बच्चे लापता

आंकड़े पेश करते हुए याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि वर्ष 2026 के शुरूआती 15 दिन में दिल्ली से 800 लोग लापता हुए। यह भी तर्क दिया कि दिल्ली पुलिस के आधिकारिक रिकार्ड के अनुसार 2016 से 15 जनवरी 2026 के बीच दिल्ली में कुल 2,32,737 लोग लापता बताए गए और इनमें से 52,326 लोगों का आज तक पता नहीं लगा है। याचिका में कहा गया कि परेशान करने वाली बात यह है कि इस आंकड़े में 6,931 लापता बच्चे (18 साल से कम उम्र के) शामिल हैं और इनका अभी तक कोई पता नहीं चला।

### एआईबी से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एअर इंडिया- अहमदाबाद क्रैश मामले में एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो द्वारा की जा रही जांच की रिपोर्ट तीन सप्ताह के भीतर पेश करने का आदेश दिया है। इस दुर्घटना में 12 जून 2025 को कुल 260 लोगों की मौत हुई थी।

### उपभोक्ताओं की अपीलों पर सुनवाई करें हाईकोर्ट : सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को संविधान को अनुच्छेद 132 का इस्तेमाल करते हुए कुछ उच्च न्यायालयों को अहम आदेश दिया। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालयों को राज्यों में कम लंबित उपभोक्ता शिकायतों और अपीलों की सुनवाई खुद करनी चाहिए। अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को यह शक्ति देता है कि वह पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए किसी भी मामले में कोई भी आदेश दे। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत तीन स्तर की न्याय जैसी व्यवस्था है। इनमें जिला, राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग और राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग शामिल हैं। राज्य आयोग 1 करोड़ से 10 करोड़ रुपए तक के दावों और जिला आयोग के आदेशों के खिलाफ अपीलों को सुनता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की बेंच ने उन राज्यों की याचिकाओं पर सुनवाई की, जिनके उपभोक्ता आयोगों में लंबित मामले कम थे। कुछ राज्यों ने कहा कि उनकी उपभोक्ता अदालतें एक साल से काम नहीं कर रही हैं।

### भारत के साथ रिश्तों पर चीन का संदेश

# मतभेद को सुलझाओ और भरोसा बढ़ाओ, हम प्रतिद्वंदी नहीं साझेदार




**नई दिल्ली/बीजिंग।** भारत और चीन के बीच नई दिल्ली में हुई भारत-चीन रणनीतिक वार्ता के बाद चीन ने दोनों देशों से मतभेदों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से सुलझाने की अपील की है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि नई अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में भारत और चीन को सहयोग बढ़ाना चाहिए और रिश्तों को स्थिर दिशा में आगे ले जाना चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है, जब विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनके चीनी समकक्ष मा झाओक्सू के बीच व्यापक रणनीतिक बातचीत हुई। मा झाओक्सू भारत में आयोजित ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लेने आए हुए हैं। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों पक्षों ने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय हालात, दोनों देशों की आंतरिक और बाहरी नीतियों, साझा हितों से जुड़े वैश्विक मुद्दों और भारत-चीन संबंधों पर मित्रतापूर्ण, स्पष्ट और गहन चर्चा की। बीजिंग ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत और चीन को मिलकर काम करना चाहिए और राष्ट्रपति शी जिनपिंग तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमतियों को गंभीरता से लागू करना चाहिए। दोनों देशों को यह रणनीतिक समझ बनाए रखनी चाहिए कि भारत और चीन प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि सहयोगी साझेदार हैं और एक-दूसरे के लिए विकास का अवसर हैं, खतरा नहीं।

# इंफ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई पर सरकार ने लिया बड़ा फैसला

## वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में बजट पर दिया जवाब

नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यों को केंद्र से उनकी कर हिस्सेदारी का हस्तांतरण नहीं होने संबंधी कुछ विपक्षी सांसदों के आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार ने केंद्र के विभाज्य पूल में से किसी राज्य का हिस्सा नहीं घटाया है। सीतारमण ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि सरकार ने बजट में पांच मेडिकल क्लस्टर, पांच मेगा औद्योगिक पार्क, बुजुर्ग देखभाल के लिए पेशेवरों को तैयार करने जैसी कई घोषणाएं की हैं जिनसे लाखों रोजगारों का सृजन होगा। सीतारमण ने कहा, हम पर आरोप लगता है कि हम राज्यों की 41 प्रतिशत कर



हिस्सेदारी का हस्तांतरण नहीं करते। मैं सदन के माध्यम से आश्वासन देती हूं कि हमने केंद्र के विभाज्य पूल में से किसी राज्य का हिस्सा नहीं घटाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि 16वें वित्त आयोग ने 2018-19 से 2022-23 तक राज्यों की कर हिस्सेदारी का विश्लेषण किया और निष्कर्ष निकाला कि केंद्र से राज्यों को मिलने वाला यह धन आयोग की सिफारिश से पूरी तरह मेल खाता है और इसमें कोई कमी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष में राज्यों को कुल कर हस्तांतरण 25.44 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में 2.07 लाख करोड़ रुपये अधिक होगा। सीतारमण ने कहा कि संविधान ने केंद्र को उपकर और अधिशेष लगाने का अधिकार दिया है और विभाज्य पूल में वह शामिल नहीं होता है, इसलिए राज्यों की कुल कर हिस्सेदारी की बात करते समय उपकर और अधिशेष संबंधी आरोप अनुचित हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र जो उपकर वसूलता है उसमें से भी राज्यों को अस्पताल, स्कूल और सड़क आदि के निर्माण के लिए सहायता देता है।

# लाडली बहना : नए रजिस्ट्रेशन को लेकर दायर याचिका खारिज

इंदौर

मध्यप्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना 'लाड़ली बहना' के रजिस्ट्रेशन को लेकर हाइकोर्ट का बड़ा फैसला आया है। इस फैसले से बहनों को झटका लग सकता है। दरअसल हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रेशन को लेकर याचिका खारिज कर दी है। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने लाड़ली बहना योजना के रजिस्ट्रेशन दोबारा शुरू करने की मांग की जनहित याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में यह कहा गया था कि योजना का रजिस्ट्रेशन बंद होने से पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। याचिकाकर्ता ने इस योजना के लिए पात्रता की न्यूनतम आयु को 21 से घटाकर 18 करने की भी मांग की थी लेकिन हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। बता दें कि योजना के तहत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं पात्र हैं, लेकिन 20 अगस्त 2023 से रजिस्ट्रेशन बंद कर दिए गए थे, जिसके कारण नई पात्र महिलाएं योजना से वंचित हो रही हैं। याचिकाकर्ता ने इस योजना के लिए पात्रता की न्यूनतम आयु को 21 साल से घटाकर 18 साल करने की भी मांग की थी। इस अहम सुनवाई में शासन की ओर से यह तर्क था कि रजिस्ट्रेशन बंद या शुरू करना शासन का निर्णय है। कोर्ट में कहा गया कि शासन के इस फैसले में कोर्ट का दखल नहीं हो सकता है।

# सड़क से निकलेगी 'जय हो-जय हो' की धुन

## भारत की पहली 'मेलोडी रोड' मुंबई में शुरू

मुंबई

मुंबई ने शहरी ढांचे और तकनीक के क्षेत्र में एक नया प्रयोग किया है। शहर में भारत की पहली 'मेलोडी रोड' शुरू की गई है, जहां गाड़ियां तय रफ्तार से गुजरेंगी तो सड़क से फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर का मशहूर गाना 'जय हो' सुनाई देगा। यह अनोखी सड़क मुंबई की कोस्टल रोड पर बनाई गई है और इसका उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। कोस्टल रोड के नॉर्थबाउंड कैरिजवे पर नरीमन प्वाइंट से वर्ली की ओर जाने वाले हिस्से में यह रोड बनाई गई है। यह हिस्सा कोस्टल रोड टनल से बाहर निकलते ही शुरू होता है। करीब 500 मीटर लंबे इस हिस्से में सड़क पर खास तरह की नालियां बनाई गई हैं। जब वाहन 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से इन पर चलते हैं, तो टायरों से पैदा होने वाली कंपन 'जय हो' की धुन जैसी आवाज बनती है। अधिकारियों का कहना है



कि यह धुन गाड़ी के शीशे बंद होने पर भी सुनी जा सकती है। बीएमसी ने इस हिस्से से पहले 500 मीटर, 100 मीटर और 60 मीटर की दूरी पर चेतावनी बोर्ड लगाए हैं, ताकि चालक पहले से रफ्तार नियंत्रित कर सकें और अचानक ब्रेक न लगाएं। कुछ संकेत टनल के अंदर भी लगाए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की सड़क से चालक तय गति बनाए रखने के लिए प्रेरित होंगे, जिससे अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति कम हो सकती है और ट्रैफिक का प्रवाह बेहतर हो सकता है।

### कैसे आया मेलोडी रोड का विचार


मेलोडी रोड का विचार सबसे पहले 2007 में जापान में सामने आया था। वहां इंजीनियर शिजुओ शिनोदा ने देखा कि सड़क पर बनाई गई खास कटिंग से गाड़ियां गुजरने पर संगीत जैसी आवाज निकलती है। इसके बाद हंगरी, जापान, साउथ कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात में भी ऐसी सड़कें बनाई गईं। मुंबई की यह सड़क दुनिया की पांचवीं और भारत की पहली मेलोडी रोड है।

### 6.21 करोड़ रुपये का आया खर्च

इस परियोजना का सुझाव पूर्व सांसद राहुल शेवाले ने दिया था। हंगरी के विशेषज्ञों की तकनीकी मदद से इसे तैयार किया गया। बीएमसी ने इस पर करीब 6.21 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। 'जय हो' गीत को देशभक्ति की भावना को ध्यान में रखते हुए चुना गया। मुंबई की 10.5 किलोमीटर लंबी कोस्टल रोड पहले ही दक्षिण मुंबई और पश्चिमी उपनगरों के बीच यात्रा समय कम करने के लिए जानी जाती है।

# अमरपुर : 5वें-15वें वित्त में गंभीर अनियमितता, निगरानी तंत्र पर सवाल

## एक ही बिल से दो बार भुगतान, वर्क आईडी-जियो टैग नदारद




डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में इन दिनों 5वें एवं 15वें वित्त आयोग की राशि के खुलेआम दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है, जहां शासन द्वारा तय नियमों और दिशा-निर्देशों को ताक पर रखकर सरपंच और सचिव द्वारा मनमाने तरीके से भुगतान किए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे खेल पर निगरानी तंत्र में बैठे जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं, या फिर जानबूझकर पूरे मामले को नजरअंदाज किया जा रहा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि क्या यह पूरा भ्रष्टाचार उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से संचालित हो रहा है। यदि ऐसा नहीं है, तो फिर जनपद से लेकर जिला स्तर तक का तंत्र इन कथित भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रहा है।

दरअसल, ताजा मामला अमरपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोको का है, जहां पंचायत सरपंच छोटी बाई सैयाम एवं सचिव शिव प्रसाद यादव पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन की खुलेआम अनदेखी कर, निर्माण कार्यों की पूरी राशि अपने चहेते सप्लायरों के खातों में डालने के गंभीर आरोप लगे हैं।

गौरतलब है कि 5वें वित्त की राशि में सरपंच-सचिव द्वारा जमकर बंदरबाट किया गया। वर्ष 2025-26 में पुताई सामग्री क्रय के नाम पर के. जी. एन. हार्डवेयर के बिल क्रमांक 461 को एक ही सामग्री के लिए दो बार भुगतान किया गया। एक ही बिल पर 6620 रुपये और 6600 रुपये का भुगतान दर्शाया गया, जबकि सामग्री की खरीदी केवल एक बार की गई थी। इसके अलावा आकस्मिक बिलों के नाम पर पुताई कार्य हेतु 8720, 5400, 8870, 8500 और 5840 रुपये का भुगतान किया गया। इस तरह केवल पुताई के नाम पर 50 हजार 550 रुपये निकाल लिए गए।

स्टेशनरी सामग्री के नाम पर वर्ष 2025-26 में 6574 रुपये का भुगतान दर्शाया गया। एक ओर ग्राम पंचायत द्वारा कंप्यूटर दुकानों से कंप्यूटर सामग्री से संबंधित उपकरणों की खरीदी की जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर फोटोकॉपी और स्टेशनरी के नाम पर हजारों रुपये के बिल लगाए जा रहे हैं। इसी तरह वर्ष 2025-26 में चाय-नाश्ता के नाम पर 5200, 8770 और 8870 रुपये, कुल 22 हजार 840 रुपये का भुगतान किया गया, जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि मात्र दो महीनों में ही 22 हजार रुपये सिर्फ चाय-नाश्ते पर खर्च कर दिए गए। यह सब अब आम बात हो चुकी है, क्योंकि विकास की राशि जिम्मेदारों की फिजूलखर्ची में निपटाई जा रही है, और निगरानी करने वाले आंख मूंदे बैठे हैं।

सबसे चौंकाने वाला मामला बिल की तारीख से पहले भुगतान का है। धुर्वे कंप्यूटर एवं स्टेशनरी से दिनांक 03 जनवरी 2025 को 6000 रुपये का भुगतान जी राम जी और तिरंगा झंडा, फोटो के नाम पर किया गया, जबकि संबंधित जी राम जी का बिल 16 दिसंबर 2025 को लोकसभा में च्विकसित भारतज्ञ कार्यक्रम के नाम से पेश किया गया। सवाल यह है कि जब बिल ही 10 महीने बाद का है, तो उससे पहले योजना के नाम पर भुगतान कैसे कर दिया गया। इसी तरह 26 जनवरी 2026 के अवसर पर 04 फरवरी 2026 को तिरंगा झंडा और फोटो के नाम पर 3850 रुपये निकाले गए। गौर करने वाली बात यह है कि मात्र 10 महीनों के भीतर दो बार तिरंगा झंडा और फोटो के नाम पर हजारों रुपये का भुगतान दिखाया गया।

भ्रष्टाचार यहीं नहीं रुका। 15वें वित्त आयोग की राशि में भी भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15वें वित्त टाइड और अनटाइड की राशि से 3 लाख 39 हजार 190 रुपये, 14 हजार 500 रुपये, 12 हजार 440 रुपये, 15 हजार रुपये, 2920 रुपये, 12 हजार रुपये और 14 हजार 376 रुपये का भुगतान दर्शाया गया है, जबकि इन भुगतानों में न तो वर्क आईडी दिखाई दे रही है, और न ही जियो-टैग फोटो उपलब्ध हैं। नेट रिचार्ज, सीसी सड़क और अन्य मदों में नियम विरुद्ध भुगतान किए जाने के आरोप भी सामने आए हैं। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि इस तरह के भुगतान सरपंच और सचिव द्वारा हर वित्तीय वर्ष में किए जाते रहे हैं, जिससे ग्राम विकास की राशि का खुलेआम बंदरबाट किया गया है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और पंचायत विभाग इन गंभीर आरोपों पर कब संज्ञान लेता है, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# मनरेगा में 20 कार्यों की सीमा से अटके नए काम, मजदूरों को नहीं मिल पा रहा रोजगार



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले में मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों की प्रगति और भुगतान व्यवस्था को लेकर नया विवाद सामने आया है। 20 से अधिक निर्माण कार्य 'चालू' दर्शाए जाने के कारण ग्राम पंचायतों में नए कार्यों का मस्टर जारी नहीं हो पा रहा है, जिससे जॉब कार्डधारी मजदूरों को रोजगार मिलने में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश संगठन मंत्री रायसिंह मरकाम ने कलेक्टर डिण्डौरी को प्रार्थना पत्र सौंपकर शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि जिले की सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में मनरेगा से स्वीकृत 20 निर्माण कार्यों की सीमा पूरी होने के कारण नए कार्यों का मस्टर जारी नहीं किया जा रहा है। जबकि इनमें से कई निर्माण कार्य स्थल पर पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन अप्रैल 2025 से अब तक सामग्री भुगतान लंबित होने के कारण वे पोर्टल पर चालू की श्रेणी में दिख रहे हैं। इस तकनीकी स्थिति के चलते नए निर्माण कार्यों को टी.एस. और ए.एस. स्वीकृति मिलने के बावजूद मस्टर जारी नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप जॉब कार्डधारी मजदूरों को समय पर रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है और कई मजदूरों के 100 दिवस के रोजगार की पूर्ति भी शेष है। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक निर्भरता मनरेगा पर होने के कारण यह स्थिति मजदूर परिवारों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। रायसिंह मरकाम ने मांग की है कि जिन निर्माण कार्यों को स्थल पर पूर्ण करा लिया गया है और केवल सामग्री भुगतान शेष है, उन्हें 20 चालू कार्यों की गणना में शामिल न किया जाए। साथ ही नए निर्माण कार्यों के लिए मस्टर जारी करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं, ताकि मजदूरों को रोजगार मिल सके और विकास कार्यों की गति प्रभावित न हो। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निर्णय लिया जाए, जिससे मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराने का उद्देश्य पूरा हो सके।

**सामग्री भुगतान लंबित होने से पूर्ण कार्य भी दिख रहे चालू कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग**

# श्री श्री 1008 महंत आनंद गिरि महाराज हुए ब्रह्मलीन

## मां नर्मदा कुटी मालपुर में ब्रह्मलीन संत को आज दी जाएगी समाधि

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

शहपुरा तहसील अंतर्गत मां नर्मदा तीर्थ क्षेत्र कन्हैया संगम मालपुर तट स्थित मां नर्मदा कुटी के प्रसिद्ध संत श्री श्री 1008 महंत पूज्य आनंदपुरी महाराज जिन्हें लोग बंगाली बाबा के नाम से भी जानते थे क्या बुधवार की सुबह देवलोक गमन हो गया। यह अत्यंत हृदय विदारक समाचार है। पूज्य महाराज जी का ब्रह्मलीन होना न केवल मालपुर क्षेत्र के लिए, बल्कि माँ नर्मदा के सभी भक्तों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी तपस्या और सेवा भाव हमेशा हमें राह दिखाते रहेंगे। आज ब्रह्मलीन हुए माँ नर्मदा के अनन्य उपासकज्कन्हैया संगम, मालपुर (माँ नर्मदा उत्तर तट) स्थित च्माँ नर्मदा कुटी के पूज्य महंत दादा आनंद गिरी महाराज (बंगाली बाबा) के आशीर्वाद और उनके अथक प्रयासों से ही कन्हैया संगम घाट आज एक सिद्ध और भव्य आस्था केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित है।कन्हैया संगम घाट को एक सुविधाजनक और सिद्ध क्षेत्र बनाने का उनका संकल्प हम सबके बीच उनकी स्मृति बनकर जीवित रहेगा। माँ रेवा से करबद्ध प्रार्थना है कि पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। आज प्रात: 10ञ्00 से ब्रह्मलीन संत की समाधि



एवं अंतिम क्रिया की प्रक्रिया प्रारंभ होगी सर्वप्रथम उन्हें मां नर्मदा तट अभिषेक हेतु ले जाया जाएगा इसके पश्चात सभी भक्तजनों की दर्शनार्थ मां नर्मदा कुटी आश्रम में रखा जाएगा इसके पश्चात अंतिम यात्रा का भ्रमण होगा इसके पश्चात ब्रह्मलीन संत को समाधि दी जाएगी

# दीनदयाल जी के सिद्धांत हर पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक : चमरू सिंह नेताम

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि पर भाजपा ने किया नमन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

भाजपा जिला कार्यालय डिण्डोरी में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि के अवसर पर तेलीय चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष चमरु सिंह नेताम ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रमुख राजनीतिक चिंतक, अर्थशास्त्री और भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेताओं में से थे। वे अपने दार्शनिक सिद्धांत च्एकात्म मानव दर्शनज के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं। उनकी विचारधारा का मूल आधार यह था कि विकास केवल भौतिक प्रगति तक सीमित न रहकर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने व्यक्ति, समाज और प्रकृति






के बीच संतुलन और सामंजस्य पर जोर दिया। उनके अनुसार, आर्थिक नीतियों का लक्ष्य केवल उत्पादन और उपभोग बढ़ाना नहीं, बल्कि मानव के समग्र विकास को सुनिश्चित करना होना चाहिए। वे 1968 में अपने असामयिक निधन तक भारतीय जनसंघ का नेतृत्व करते रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने उन्हें अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता व महान राष्ट्चिंतक बताया। बिलैया ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र के विकास का मापदंड है और यह विचार देने वाले दीनदयाल जी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य ने भी उन्हें निस्वार्थ कर्मयोगी और महान विचारक बताते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि एकात्म मानव दर्शन के माध्यम से दिया गया अंत्योदय का मंत्र समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना आज भी विकसित भारत के निर्माण की बुनियाद है। राष्ट्र सेवा और समर्पण के उनके आदर्श सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर, सुधीर तिवारी, पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, जिला उपाध्यक्ष महेश धुमकेती, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र दुबे, राजेंद्र प्रसाद पाठक, वीरेंद्र बिहारी शुक्ला, रजनीश राय, बोधराम सरैया, चंद्रशेखर नायक, राहुल पांडे, अविनाश छाबड़ा, राजेंद्र परमार, नरेश चंदेल, भागीरथ उरैती, तरुण ठाकुर, यशवंत तोमर, कान्हा शर्मा, शांतनु पाठक, मोहन सिंह राठौर, सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

शहडोल (स्वतंत्र मत)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर शहडोल नगर के न्यू बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर किया याद बुधवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 फरवरी परम श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर न्यू बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सत सत नमन कर प्रणाम किया पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, च्अंत्योदयज एवं च्एकात्म मानववादज के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उनके चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।



# वॉश ऑन व्हील कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति बढ़ी जागरूकता

शहडोल (स्वतंत्र मत)

वॉश ऑन व्हील कार्यक्रम केवल स्वच्छता का प्रसार ही नही, स्वच्छता सार्थियो को सम्मानजनक तरीके से आय अर्जित करने का साधन भी बन चुका है। जैसे जैसे कार्यक्रम का प्रसार ग्रामीण क्षेत्रो में बढ रहा है वैसे-वैसे ग्रामीण क्षेत्रो में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढी है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी नगरीय निकायो की तरह आन डिमांड स्वच्छता की सुविधा उपलब्ध होने लगी है। जिले में वॉश ऑन व्हील कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम मिलने लगे है। सामुदायिक परिसरो में स्वच्छता मित्रो के माध्यम से आन डिमांड शौचालयो की सफाई की सुविधा उपलब्ध हो रही है। सोहागपुर जनपद पंचायत के स्वच्छता मित्र निरंजन ने बताया कि उन्हें ऐप के माध्यम से लगातार सफाई कार्य हेतु बुकिंग मिल रही है। कई बार तो एक ही दिन में इतने ऑर्डर मिल जाते है कि उनको पूरा करना कठिन हो जाता है। उन्होंने बताया कि यह एक सम्मानजनक शासन का प्रयास है ऑन डिमांड पहुंचकर सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालयो की सफाई संबंधित क्षेत्र के स्वच्छता मित्र द्वारा की जाती है।



# मानपुर रोड पर शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण, ऑडिटोरियम निर्माण को लेकर कार्यवाही

**ब्यौहारी।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मानपुर रोड स्थित शासकीय भूमि पर प्रस्तावित ऑडिटोरियम निर्माण को लेकर नगर परिषद द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए उक्त शासकीय भूमि पर संतोष सेन द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर मकान का निर्माण किया गया था, जिससे ऑडिटोरियम निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रहा था जिसे नगर परिषद द्वारा खाली कराकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। नगर परिषद द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाया गया है। यह कार्यवाही मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्योहारी शरद कुमार गौतम के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई है। कार्रवाई के समय तहसीलदार डीलन सिंह, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। सीएमओ ने बताया कि मानपुर रोड स्थित उक्त शासकीय भूमि पर नगर विकास की दृष्टि से ऑडिटोरियम का निर्माण प्रस्तावित है, जो भविष्य में सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उपयोगी होगा। अतिक्रमण हटने के बाद अब निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाने की संभावना है।



# दो चरणों में होगी पहली डिजिटल जनगणना, प्रथम चरण 1 मई से

## जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

शहडोल (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक संख्या में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना अधिकारी गिरीश शुक्ला ने बताया गया कि भारत की जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। जनगणना का प्रथम चरण 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी। जनगणना 2027 का दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। दुसरे चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। मकान सूचीकरण के कार्य के लिए स्वगणना का विकल्प 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रथम चरण के पूर्व 15 दिन तक उपलब्ध रहेगा। मकान सूचीकरण के कार्य में प्रगणक और पर्यवेक्षक द्वारा शासन द्वारा अधिसूचित 33 सवाल पूछे जाएगें। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य फरवरी, 2027 में होगा। जनसंख्या की गणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी साथ ही व्यक्तियों के सम्बन्ध में अन्य विभिन्न बिन्दुओं जैसे- आयु,लिंग,वैवाहिक स्थिति, धर्म, दिव्यांगता, मातृभाषा, साक्षरता, शैक्षणिक योग्यता, आर्थिक क्रियाकलाप, प्रवास, प्रजननता विवरण इत्यादि पर जानकारी एकत्रित की जाएगी। जनगणना 2027 देश की प्रथम डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें अप्लीकेशन के माध्यम से आंकड़ो का संकलन किया जाएगा। जनगणना के समस्त कार्य की रियल टाइम मॉनिटरिंग सेन्सस् मैनेजमेन्ट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इसके अतिरिक्त, निवासियों को अपना जनगणना डेटा स्वयं ऑनलाइन भरने की सुविधा प्रदान करने के लिए स्वगणना वेब पोर्टल विकसित किया जाएगा। आगामी जनगणना वर्ष 1872 से 16वीं एवं स्वतंत्रता के बाद की 08वीं जनगणना होगी। जनगणना से संबंधिन विभिन्न कार्यकलापों का निष्पादन जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियम 1990 के प्रावधानों के तहत किया जाता है। जनगणना के दौरान संकलित व्यक्तिगत जानकारियाँ पूर्णत: गोपनीय होती हैं और इसे किसी अन्य के साथ साझा नहीं किया जाता है साथ ही, एकत्रित की गई व्यक्तिगत जानकारी को कहीं पर भी साक्ष्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। जनगणना 2027 के प्रगणक, पर्यवेक्षक या कोई अन्य व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार के ओटीपी या बैंक डिटेल्स की मांग नहीं की जाएगी। जनगणना के डिजिटल टूल्स 1. आंकड़ों का संग्रहण-अ. मकान सूचीकरण ऐप ( हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन्स,) ब . जनगणना ऐप ( पॉपूलेशन इनूमरेशन, स्व गणना पोर्टल 3. सेन्सस् मैनेजमेन्ट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल 4. हाउस लिस्टिंग ब्लाक क्रिएटर वेब मैप ऐपजनगणना 2027 के लिए मास्टर ट्रेनरों द्वारा फिल्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। फील्ड ट्रेनरों द्वारा प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को 03 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनगणना 2027 में भाग लेने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को शासन द्वारा मानदेय भी दिया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, डीआईओ मधुकर सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी अमरनाथ सिंह, जिला योजना अधिकारी अहिरवार, सहायक परियोजना अधिकारी डूडा मीनाक्षी शुक्ला, सहित जिला जनगणना समन्वय समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें।



# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिनसार के विद्यार्थियों ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जबलपुर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) द्वारा प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत स्वस्थ आहार एवं आयरन टैबलेट्स सशक्त मातृत्व के लिए विषय पर एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन यूसीएचसी मनमोहन नगर में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार एवं आयरन सप्लीमेंटेशन के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम में बीएससी (नर्सिंग) चतुर्थ वर्ष की छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचाव, आयरन व फोलिक एसिड टैबलेट्स के नियमित सेवन, तथा पौष्टिक आहार की आवश्यकता के बारे में सरल एवं प्रभावी तरीके से जानकारी प्रदान की। छात्राओं ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान आयरन की कमी से माँ एवं शिशु दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिसे समय पर जांच एवं उचित पोषण द्वारा रोका जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं ने स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर प्रश्न पूछे और अपने अनुभव साझा किए। उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों एवं समुदाय के सदस्यों ने भी कार्यक्रम की सराहना की।

### संतुलित आहार पर दी जानकारी

जागरूकता सत्र से महिलाओं में प्रसव-पूर्व देखभाल एवं सरकारी मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। यह कार्यक्रम डॉ. प्रो. प्रिंसी शाजी प्राचार्य प्रभारी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. रीना मैथ्यू (एसोसिएट प्रोफेसर) एवं श्रीमती म्यूरियल क्रिस्टोफर (एमएससी नर्सिंग ट्यूटर), प्रसूति एवं स्त्री रोग नर्सिंग विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार एवं आयरन टैबलेट्स का नियमित सेवन मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम ने उपस्थित महिलाओं में सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# रेलवे ट्रैक का निरीक्षण कर पमरे जीएम ने किया कर्मचारियों से संवाद



कोटा मंडल में व्यापक निरीक्षण, यात्री सुविधाओं को जांचा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने बुधवार को कोटा मंडल का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधकअनिल कालरा सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न विकास कार्यों, सुरक्षा मानकों और अधोसंरचना परियोजनाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण की शुरुआत नवस्थापित बहु-विषयक प्रशिक्षण संस्थान (एमडीटीआई), कोटा के उद्घाटन से हुई। यह संस्थान कोटा मंडल के रेल कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु स्थापित किया गया है। वर्तमान में परिचालन तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के प्रशिक्षण की व्यवस्था प्रारंभ हो चुकी हैद्य संस्थान में 48 बेड की आवासीय सुविधा एवं भोजनालय की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इसी अवसर पर सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित डिजिटल निरीक्षण प्रबंधन मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया गया। यह ई-निरीक्षण प्रणाली अधिकारियों के निरीक्षण कार्य को सुव्यवस्थित करने में सहायक होगी। इसके माध्यम से निरीक्षण टिप्पणियों का सृजन, अनुपालना की निगरानी तथा कार्यवाही की ऑनलाइन प्राप्ति और अंकन संभव होगा। इससे कमियों की समयबद्ध पूर्ति, जवाबदेही और कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। महाप्रबंधक ने कोटा स्थित यांत्रिकीकृत लॉन्ड्री का भी निरीक्षण किया, जहां वातानुकूलित कोचों की लिनेन धुलाई की जाती है। इस अवसर पर लॉन्ड्री प्रणाली के विस्तार कार्य का उद्घाटन किया गया। उन्होंने संपूर्ण धुलाई प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए गुणवत्ता और स्वच्छता मानकों की जानकारी ली।

**पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण** - इसके पश्चात उन्होंने न्यू कोटा रेलवे स्टेशन पहुंचकर पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। रामगंज मंडी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों, स्टेशन भवन एवं यार्ड का निरीक्षण किया गया। यहां उन्होंने प्वाइंट संख्या 132 एवं क्रॉसिंग के मानकों की जांच की तथा ट्रैकमैन कर्मचारियों से संवाद कर उनकी सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर, योगेश कुमार मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# भक्तों ने सुनी शिव महापुराण की कथा



सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

नगर के बस स्टैंड के समीप रामसागर जलाशय तट के शिवघाट मंदिर में शिव महापुराण कथा का आयोजन कथावाचक आचार्य पं. अमृतानंद महाराज वृंदावन धाम के सानिध्य में किया गया है। मंगलवार को सती चरित्र एवं पार्वती विवाह कथा पर प्रवचन देते हुए आचार्य अमृतानंद महाराज ने मां सती की व राजा दक्ष की कथा सुनाते हुए कहा की पौराणिक कथाओं के अनुसार, राजा दक्ष प्रजापति भगवान ब्रह्मा जी के पुत्र थे और सती के पिता थे सती भगवान शिव की प्रथम पत्नी थी राजा दक्ष ने इस जगह एक भव्य यज्ञ का आयोजन किया जिसमें सभी देवी-देवताओं, ऋ षियों और संतों को आमंत्रित किया। इस यज्ञ में भगवान शिव को आमंत्रित नहीं किया था इस घटना से सती ने अपमानित महसूस किया क्योंकि सती को लगा राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान किया है सती ने यज्ञ की अग्नि में कूद कर अपने प्राण त्याग दिये। शिव-पार्वती विवाह प्रसंग प्रवचन में कथावाचक अमृतानंद महाराज ने कहा की यह पवित्र संस्कार है, लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर भगवान शिव पार्वती की झांकी की आरती में मंदिर समिति के उपेंद्र चौबे, अवधेश गर्ग, जितेंद्र पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## सड़क पर फैलाया मलबा कटा हजारों का चालान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार बुधवार को संभाग क्रमांक 3 और 4 के अंतर्गत सड़कों के किनारे अवैध रूप से मलबा, गिट्टी और रेत रखने वालों पर कार्रवाई की गई। सड़कों और मुख्य मार्गों को बाधित करने वाले अतिक्रमणकारियों से कुल 19 हजार रुपये की चालानी राशि वसूली गई। स्वच्छता टीम ने नागरिकों को स्पष्ट हिदायत दी है कि नालियों और सड़कों पर कचरा या निर्माण सामग्री न फैलाएं। दोबारा उल्लंघन पाए जाने पर दोगुना जुर्माना वसूल किया जाएगा। खाली प्लॉट मालिकों को अपने भूखंडों की सफाई रखने और वहां स्वामित्व का बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वहां गंदगी का अंबार न लगे।



# महाशिवरात्रि पर्व से पहले शिवालयों पर हो चाक-चौबंद व्यवस्थाएं

**कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित**



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

आगामी 15 फरवरी को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि शहर के शिवालयों में उमड़ने वाले जनसैलाब को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन का लक्ष्य है कि हर श्रद्धालु सुगमता और शांति के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाएं।

इसके लिए कलेक्टर सिंह ने जिले के सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा कर सतत् रूप से निगरानी रखने निर्देश दिये गए। बैठक में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, एडिशनल एसपी सहित नगर निगम के अपर आयुक्त रहे उपस्थित। शांति समिति की बैठक में महाशिवरात्रि की शोभायात्राओं के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से प्लान करके क्रियान्वयन करने के भी कलेक्टर द्वारा निर्देश प्रदान किये गए ताकि कहीं पर जाम की स्थिति निर्मित न हो और श्रद्धालुओं को भी पूजन अर्चन करने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने नगर निगम को मंदिरों के आस-पास विशेष सफाई अभियान चलाने और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम** - शांति समिति की बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैरिकेडिंग और पार्किंग आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये ताकि श्रद्धालुजन मंदिरों में शांति, सदभाव और भाईचारे के साथ पूजन-अर्चन कर सकें।

## श्रम शक्ति दिवस पर विद्युत कर्मियों के मसीहा का होगा स्मरण



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** श्रम शक्ति दिवस पर आज कर्मचारी नेता, पूर्व विधायक एवं पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष नेता स्व डीपी पाठक की स्मृति विविध आयोजन किए जाएंगे। बताया गया कि स्व पाठक इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन काउंसिल (इंटक) के गठन से ही जुड़ गए और उनका मुत्यु पर्यन्त श्रम संगठनो से नाता रहा। उनकी की पहचान मप्र ही नहीं पूरे देश में रहीं। श्री पाठक 34 श्रम संगठनों के माध्यम से श्रमिक कल्याण कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई और कर्मचारी कल्याण का महत्वपूर्ण कार्य किया। वे महान कर्मयोगी और कर्मचारियों, श्रमिकों के लिए सदैव समर्पित रहे। श्रम शक्ति दिवस का आयोजन विजय नगर संभाग विद्युत कार्यालय के पास आज गुरुवार 12 फरवरी को दोपहर 01 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम मे फेडरेशन के सर्मपित, कर्मठ साथियों का सम्मान किया जाएगा। मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फ़ेडरेशन के यूके पाठक, दिनेश दुबे, अनूप वर्मा, केदारनाथ अग्निहोत्री, सुनील कुरेले, आरएस परिहार, उमाशंकर दुबे आदि ने सभी कर्मचारियों से उपस्थित होने की अपील की है।

## सैंकड़ों मौतों के बाद भी सो रही सरकार: डॉ. पुरूषोत्तम तिवारी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने ग्वालियर-भिंड राष्ट्रीय राजमार्ग को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सड़क अब सड़क नहीं, सरकारी संरक्षण में चल रही मौत की फैक्ट्री बन चुकी है। उन्होंने कहा कि 1400 से अधिक मौतों के बाद भी अगर सरकार को शर्म नहीं आ रही, तो यह सीधा-सीधा जनसंहार है। डॉ. तिवारी ने कहा कि ग्वालियर से भिंड होते हुए इटावा तक जाने वाला यह हाईवे कम चौड़ाई, सिंगल/दो-लेन संरचना, भारी वाहनों के दबाव और सुरक्षा इंतज़ामों के अभाव के कारण लगातार निर्दोष लोगों की जान ले रहा है। रोजाना इस सड़क से 15 से 20 हज़ार वाहन गुजरते हैं, फिर आज भी यह हाईवे दो लेन नहीं बन पाई। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी की स्पष्ट मांग इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी मांग करती है कि है की तत्काल इस मार्ग को 6-लेन घोषित कर निर्माण कार्य शुरू किया जाए। मजबूत डिवाइडर और दोनों ओर सर्विस रोड बनाई जाए, सभी ब्लैक स्पॉट्स पर तुरंत सुधार कार्य हो।

## राष्ट्रीय कार्यशाला में सम्मिलित होंगे देशभर के विद्वान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जबलपुर द्वारा 13 फरवरी को सुबह 9.30 बजे से संहिता आधारित नैदानिक दृषिटकोण विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का तथा 14 फरवरी को दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्र म गूंज 2026 का आयोजन किया जायेगा। दोनों कार्यक्रम राइट टाउन स्थित मानस भवन में होंगे। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ एल एल अहिरवाल ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यशाला में आयुर्वेद के माध्यम से रोगों की पहचान एवं उपचार की आधुनिक एवं व्यवहारिक पद्धतियों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला में प्रमुख वक्ता के रूप में देश के प्रतिष्ठित आयुर्वेद विशेषज्ञ भाग लेंगे।

## धीरेन्द्र व्यास का निधन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर के प्रताप वार्ड पनागर निवासी सुशील व्यास के सुपुत्र धीरेन्द्र व्यास धीरू का 45 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पप्पू व्यास के बड़े भाई एवं रज्जन व्यास, बृजेंद्र व्यास के भतीजे है। अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड स्थित शमशान घाट पर सम्पन्न हुआ।

# पं दीनदयाल के आदर्शों को आत्मसात कर समाज और देश सेवा करें

**पुण्यतिथि पर भाजपा ने सभी 1041 बूथों में की पुष्पांजलि**



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एकात्म मानववाद के प्रेणता जनसंघ के संस्थापक सदस्य प. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज की उपस्थिति में दीनदयाल चौक स्थित पं दीनदयाल की प्रतिमा एवं भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा शहर के सभी 1041 बूथों में कार्यक्रम आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई और समर्पण दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्षरत्नेश सोनकर ने कहा समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की चिंता करते हुए उस उत्थान के लिए कार्य करते हुए राजनीती करने का जो मार्ग प. दीनदयाल ने हमें दिखाया है उस मार्ग पर चलते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज सेवा और देश सेवा करे तो उन्हें उनकी पुण्यतिथि पर सच्ची श्रद्धांजलि होगी इसी उद्देश्य के साथ नगर भाजपा ने सभी बूथों में समर्पण दिवस मनाया है और पार्टी संगठन को सुचारू चलाने के लिए आजीवन सहयोग निधि का समर्पण कार्यकर्ताओ द्वारा किया गया। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा हम सब एक वैभवशाली, गौरवशाली, समृद्ध, सम्पन्न और एक शक्तिशाली भारत के निर्माण के लिए भाजपा में हैं। भारतीय जनता पार्टी पद-प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए नहीं है, बल्कि यह भारत के निर्माण के लिए है। एक ऐसा भारत जो इक्कीसवीं शताब्दी में दुनिया का नेतृत्व करे और धीरे-धीरे हम इस दिशा में बढ़ चले हैं। विधायक अभिलाष पांडे ने कहा हमारे श्रद्धेय श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने कश्मीर से धारा 370 समाप्त करने का जो संकल्प लिया था, उसे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा कर दिया गया है। इस अवसर पर महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, शंकर श्रीवास्तव, योगेंद्र राजपूत, संकल्प पाठक, रीना राय, विवेक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



# दोबारा जमे अतिक्रमणों पर नगर निगम ने की कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर की सड़कों को सुरक्षित, सुंदर और सुगम यातायात बनाने के उद्देश्य से जिला, पुलिस एवं नगर निगम प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में इन्द्रा मार्केट में रात्रि के समय रिपीट कार्रवाई की गयी। अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से ने बताया कि बुधवार को राइट टाउन क्षेत्र में अतिक्रमण निरीधक कार्यवाही की गई, जिसमें यातायात में बाधक ठेले टपरे हटाए गए और दुकानों के बाहर अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए और चालानी कार्यवाही की गई। इसी प्रकार गोहलपुर लेमा गार्डन में ब्लॉक जी4/7 आवास योजना के अंतर्गत उक्त आवास को खाली किया गया। गढ़ा बाजार क्षेत्र में सड़क पर सभी अस्थाई अतिक्रमण को अलग किया गया, शुक्ला नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मां नर्मदा भोग भंडारा एवं चौरसिया समाज जबलपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार 10 फरवरी को अग्रवाल धर्मशाला, ग्वारीघाट में उल्लास एवं आनंदमय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष शिव कुमार नारायण प्रसाद चौरसिया, सचिव भगवान नीलकंठ चौरसिया तथा कोषाध्यक्ष शैलेंद्र गोवर्धन चौरसिया, मीडिया प्रभारी अनिकेत चौरसिया ने शपथ ग्रहण किया। महिला मंडल में निर्वाचित अध्यक्ष रीता हरीश चौरसिया, सचिव सरिता भगवान चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष स्नेलता दिनेश चौरसिया, सह सचिव रेखा राजेश चौरसिया तथा कोषाध्यक्ष श्वेता शैलेंद्र चौरसिया ने पदभार ग्रहण किया।

# पावर ग्रिड के प्रतिनिधि मंडल के साथ एमपी ट्रांसको की उच्च स्तरीय बैठक

**आपसी समन्वय के साथ काम करने पर हुई चर्चा**



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र में ट्रांसमिशन परियोजनाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको), भारत सरकार के उद्यम, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगी।

इस आशय की आपसी सहमति बिजली कंपनियों के मुख्यालय शक्ति भवन में आयोजित एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी तथा पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, वेस्टर्न रीजन 2 के मुख्य महाप्रबंधक एवं रीजनल हेड आरके गुप्ता की उपस्थिति मे हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में बनी। इस अवसर पर प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में ट्रांसमिशन नेटवर्क का विस्तार राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) तथा फॉरेस्ट अप्रूवल से जुड़ी चुनौतियों के कारण अत्यंत कठिन हो गया है।

इसके बावजूद एमपी ट्रांसको, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ समन्वय एवं सहयोग बनाए रखते हुए कार्य करेगी, ताकि राष्ट्र निर्माण में दोनों ट्रांसमिशन यूटिलिटीज़ की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। पावर ग्रिड के सीजीएम आरके गुप्ता ने मध्य प्रदेश में ट्रांसमिशन नेटवर्क विस्तार के लिए एमपी ट्रांसको से मिल रहे सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पावर ग्रिड भी राज्य में संचालित सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे देश में तेजी से बढ़ रहे बिजली उत्पादन का समयबद्ध ट्रांसमिशन सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में पावर ग्रिड द्वारा किए जा रहे विभिन्न ट्रांसमिशन निर्माण कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में एमपी ट्रांसको मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी सहित पावर ग्रिड जबलपुर पुलिंग सबस्टेशन के प्रभारी मोहम्मद मेराज सिद्दीक़ी, वडोदरा पावर ग्रिड से विशेष तकनीकी सहायक मनोज मीणा एवं 400 केवी सबस्टेशन सूखा जबलपुर के कार्यवाहक प्रभारी सुनील बेडेकर भी उपस्थित रहे।

# विधवा बेटी का पुनर्विवाह करने पर पिता पर जुर्माना, किया बहिष्कार

## लांजी के मंडई टेकरी के रहने वाले मानिक ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार



बालाघाट (स्वतंत्र मत)

आपने तो प्रेम विवाह, अंतर्जातीय विवाह में बहिष्कार सुना होगा लेकिन बालाघाट कलेक्ट्रेट में एक ऐसा मामला सामने आया कि जिसे देख सब हैरान रह गए। समाज की रूढ़िवादी समुदायों के चलते बेटी का पुनर्विवाह करने पर पिता के परिवार को सामाजिक बहिष्कार झेलना पड़ रहा है। पिता ने कहा विधवा पुत्री का पुनर्विवाह कराने पर समाज ने मुझे बहिष्कार कर दिया और जुर्माना भी वसूला हैं। समाज की रूढ़िवादी परम्परा के सामने बेबस पिता के परिवार का समाज ने हुक्का-पानी बंद कर दिया हैं, जिससे पिता ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई हैं। इधर, समाज के अध्यक्ष ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कुछ नहीं किया गया हैं। वहीं एसडीएम कमल सिंहमार ने कहा कि जल्द ही इस मामले की जांच की जायेगी।

जानकारी अनुसार, बालाघाट जिले के लांजी तहसील अंतर्गत मंडई टेकरी के निवासी 73 वर्षीय मानिक सोनवाने ने कलेक्टर को शिकायत दी है कि उनके द्वारा अपनी विधवा पुत्री का पुनर्विवाह कराये जाने के कारण बिंझवार समाज के अध्यक्ष अजय पालेवार, उपाध्यक्ष राजकुमार मलगाम, कोषाध्यक्ष राजू मेघनाथ एवं लक्ष्मण नेवारे द्वारा सामाजिक बैठक बुलाकर उसे 10 साल की अवधि के लिए जाति समाज से बहिष्कृत कर दिया गया है और उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

विधवा पुत्री का पुनर्विवाह करने पर पिता को सामाजिक बहिष्कृत करने की रूढ़िवादी मानसिकता को दर्शाती हैं, जबकि 1856 के हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम (ईश्वर चंद्र विद्यासागर के प्रयासों से) और आधुनिक कानून महिलाओं को यह अधिकार देते हैं। यह पितृसत्तात्मक दबाव और सामाजिक कलंक का प्रतीक है, जहाँ महिला की सम्मानजनक जिंदगी से ज्यादा पुराने रीति-रिवाज अहम माने जाते हैं। एक ओर संविधान समानता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है, तो दूसरी ओर समाज के कुछ ठेकेदार आज भी रूढ़िवादी सोच की दीवारें खड़ी कर लोगों की जिंदगी को नरक बना रहे हैं। 73 वर्षीय व्यक्ति सोनवाने का परिवार को बिंझवार समाज के बहिष्कार के आदेश के बाद गांव में हीन भावना की नजरों से देख रहे हैं। समाज वालों ने समाज के कार्यों, सार्वजनिक कार्यो में भी परिवार के सदस्यों से दूरिया बना ली हैं।

मानिक सोनवाने का कहना है कि उसकी पुत्री का पूर्व में विवाह होने के बाद वर्ष 2022 में गंभीर बीमारी के कारण उसके पति की मृत्यु हो गई है। उसने अपनी विधवा पुत्री का सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार एवं कोर्ट मैरिज के माध्यम से महाराष्ट्र रामटेक के युवक से 08 जनवरी 2026 को पुनर्विवाह कराया है। अपनी विधवा पुत्री का पुनर्विवाह कराना समाज के लोगों द्वारा स्वीकार नहीं किया जा रहा है और उसका सामाजिक बहिष्कार करने का फरमान 16 जनवरी को जाति समाज की बैठक में सुनाया गया है। जिसके कारण वह मानसिक पीड़ा व क्लेश से परेशान है। इस बहिष्कार का मामला सुन कर अधिकारियों ने त्वरीत लांजी एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

# बिना चिकित्सकीय योग्यता के एलोपैथी इलाज करने वाले फर्जी चिकित्सक पर एफआईआर के निर्देश

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने किरनापुर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ वर्ष चौबे को बिना किसी वैध चिकित्सकीय योग्यता के एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का उपचार करने के मामले में किरनापुर स्थित क्रिष क्लीनिक के संचालक अपूर्बो कुमार सरकार के विरुद्ध किरनापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। यह कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई आकस्मिक जांच के बाद की गई है। जिला चिकित्सालय बालाघाट की आरएमओ डॉ. सुषमा गोयल एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव करवते तथा सहायक सांख्यिकी अधिकारी डॉ. श्रद्धा सिंह, संगणक मो. अक्रम मंसूरी एवं सहायक ग्रेड-03 हेमंत बोहरे के दल द्वारा 10 फरवरी 2026 को कावरे चौक किरनापुर स्थित क्रिष क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि क्लीनिक संचालक अपूर्बो कुमार सरकार ने वर्ष 2020 में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल से डिप्लोमा इन फार्मेसी की योग्यता प्राप्त की है। उन्होंने इंडियन काउंसिल ऑफ अल्टरनेट मेडिसिन पश्चिम बंगाल से 1994 में आर.एम.पी. (रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर) का पंजीयन कराया है, जो एलोपैथिक चिकित्सा के लिए मान्य नहीं है। उनके पास मुस्कान फार्मेसी के नाम से औषधि विक्रय का लाइसेंस तो उपलब्ध है, लेकिन यह केवल दवाओं की बिक्री के लिए है और चिकित्सा उपचार करने की अनुमति नहीं देता है। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक से बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां तथा माइनर एवं मेजर सर्जरी से संबंधित उपकरण भी बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही सीलबंद कर जब्त कर दिया गया है। दल द्वारा की गई जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि श्री अपूर्बो कुमार सरकार द्वारा बिना किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सकीय अर्हता के एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का उपचार किया जा रहा था, जो मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 का उल्लंघन है तथा धारा 24 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस आधार पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के आदेश जारी किए गए हैं। प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्ष चौबे को अधिकृत किया गया है। विभाग द्वारा इस मामले में समुचित वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किरनापुर के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्ष चौबे द्वारा 29 अप्रैल 2025 को दोपहर में वार्ड नं.19, कावरे चौक किरनापुर स्थित क्रिष क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक संचालक अपूर्बो कुमार सरकार के पास एलोपैथिक औषधियां पाई गईं थी और जब उनसे चिकित्सकीय योग्यता संबंधी दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई वैध प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके थे। इसके बाद प्रकरण अग्रिम कार्यवाही हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट को प्रेषित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश दिनांक 18 सितंबर 2025 के तहत इस मामले की जांच के लिए एक दल गठित किया गया था। इस दल ने जांच में पाये गए तथ्यों के आधार पर क्लीनिक संचालक के विरूद्ध एफआईआर करने की अनुशंसा की थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने आम जनता से अपील की है कि वे केवल योग्य और पंजीकृत चिकित्सकों से ही उपचार कराएं तथा अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों से सावधान रहें।

# आबकारी विभाग की छापामार कार्यवाही

## 07 दिनों में 98 प्रकरण दर्ज, 14 लाख की अवैध शराब व लाहन किया जब्त



**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रह, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कडी में 04 फरवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 तक आबकारी विभाग के मैदानी अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामार अभियान चलाया गया।

जिला आबकारी अधिकारी श्री एक्का ने बताया कि दिनांक 04 फरवरी से 10 फरवरी 2026 तक बालाघाट, लांजी, वारासिवनी, कटंगी एवं बैहर पूर्व-पश्चिम वृतों के अंतर्गत ग्राम टेकाड़ी, पीपरटोला, धामेबाड़ा, कटिंगटोला, बीरनपुर, बिनोरा, नीलागोंदी, चुरली, चौखंडी, बीसापुर, गोरेघाट, जमुनिया, ढीमरूरीठ, रेहंगी, टिंगीपुर, बहेरभाटा, कुरेंडा, धुर्वा, बासी एवं रौंदाटोला सहित अन्य ग्रामों में अवैध शराब निर्माण एवं संग्रहण के विरुद्ध दबिश दी गई।

इस दौरान कुल 98 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 18 आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की गई। कार्रवाई में 686.46 लीटर अवैध हाथ भट्टी, देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त की गई तथा 13,165 किलोग्राम लाहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट किया गया। जब्त मदिरा एवं लाहन का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 14 लाख 21 हजार 790 रुपये आंका गया है।

इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल, संदीप श्रीवास, श्रीमती मायावती मरावी सहित अधीनस्थ आबकारी अमले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पीजी कॉलेज के लिए गौरव का क्षण, सात विद्यार्थियों का एमपीपीएससी में चयन

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के लिए यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि सात मेधावी विद्यार्थियों का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित खनि अधिकारी, सहायक भूवैज्ञानिक एवं खनि निरीक्षक परीक्षा में हुआ हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने जानकारी देते हुए बताया है कि चयनित विद्यार्थियों में छात्रा प्रगति सोनवाने ने द्वितीय रैंक प्राप्त करते हुए खनिज अधिकारी पद पर चयनित होकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इसके साथ ही सहायक भूवैज्ञानिक पद पर छात्र गौरव वासनिक एवं छात्रा प्रगति सोनवाने का चयन हुआ है। वहीं खनि निरीक्षक पद पर छात्र रजत गौतम, छात्र शुभम बोपचे, छात्रा यामिनी उइके तथा छात्र देवेन्द्र सिंह ने सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाते हुए यह उल्लेखनीय है कि भूगर्भ-शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अरविन्द पटले का भी खनि अधिकारी पद हेतु चयन हुआ है, जो विभाग के लिए दोहरी उपलब्धि का प्रतीक हैं। इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे चयनित विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, निरंतर अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ-साथ विभाग के शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन, गहन विषयगत ज्ञान, शोधपरक दृष्टिकोण तथा परीक्षा-उन्मुख रणनीति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यार्थियों की यह सफलता न केवल भूगर्भ-शास्त्र विभाग बल्कि संपूर्ण महाविद्यालय और जिले के लिए गर्व का विषय है तथा भविष्य के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी। महाविद्यालय द्वारा सभी नवनियुक्त खनिज अधिकारी, सहायक भूवैज्ञानिक एवं खनि निरीक्षकों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भूगर्भ-शास्त्र विभाग के समस्त प्राध्यापकों के प्रयासों की सराहना की गई।

## बिजौरी में बुजुर्ग के घर सेंधमारी, नगदी और अनाज पर हाथ साफ



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिजौरी में चोरी की एक और घटना सामने आई है। इस बार चोरों ने गांव के 88 वर्षीय बुजुर्ग कल्याण सिंह के घर को निशाना बनाया। घटना के बाद ग्रामीणों में चिंता का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस के अनुसार अज्ञात आरोपियों ने घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और नगदी सहित बड़ी मात्रा में अनाज और घरेलू सामान लेकर फरार हो गए। फरियादी कल्याण सिंह, पिता छोटेलाल सिंह, ने मानपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में अपराध क्रमांक 42/26 के तहत धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया गया है। चोरी गए सामान में 10 हजार रुपये नगद, करीब दो क्विंटल चावल, झटका मशीन का पैनल, राहर, उड़द, मूंग और अरहर की दाल शामिल है। इसके अलावा फूल के बर्तन, बटुआ, लोटा, हांडा, परात और कटोरे जैसे घरेलू उपयोग के बर्तन भी चोर उठा ले गए।

# हाईवा एवं मिनी हाईवा में हुई भीषण भिड़ंत, चालक स्टेरिंग व्हील में फंसा



उमरिया (स्वतंत्रमत)

बुधवार 11 फरवरी को मानपुर थाना अंतर्गत चिल्हारी मानपुर बरदौहा पुलिया के पास एक भीषण सडक हादसा घटित होने का समाचार प्रकाश में आया है। घटना शाम की बताई जा रही है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार हाईवा एवं मिनी हाईवा में सीधी भिड़त हो गई है। भिडत के बाद मिनी हाईवा का चालक वाहन के स्टेरिंग व्हील में फंस गया। आसपास मौजूद लोगों ने बिना देर किए मदद शुरू की और पुलिस को सूचना दी। अमरपुर चौकी पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी अभिलाष सिंह ने बताया कि चालक को वाहन से जेसीबी के माध्यम से बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर घायल को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मौके पर स्थिति को संभालते हुए यातायात को भी नियंत्रित किया। हादसे के बाद कुछ समय तक सड़क पर लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें नजर आईं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाने की कार्रवाई शुरू की, ताकि मार्ग को जल्द से जल्द सामान्य किया जा सके। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है।

## समर्पण दिवस के रूप में भाजपा ने मनाया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

उमरिया (स्वतंत्रमत)



भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के द्वारा बुधवार 11 फरवरी को भाजपा के पित्र पुरुष कहे जाने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया है। भाजपा नेताओं ने स्थानीय भाजपा कार्यालय और नगर मंडल के द्वारा खलेसर में स्थित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। इस दौरान भाजपा के जिला और नगर मंडल उमरिया के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा के जिला महामंत्री दीपक छतवानी ने अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है इसके पीछे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संघर्ष और समर्पण रहा है। एकात्म मानववाद का मूल मंत्र लेकर भाजपा आज अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक अपनी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि जिले के सभी मंडल और बूथ स्तर पर मनाई गई। इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष धनुषधारी सिंह, अमित सिंह,महामंत्री राधेलाल कोल, नगर मंडल अध्यक्ष नीतू नम्रता यादव, उमरिया ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, सुशील प्रजापति, सुजीत सिंह भदौरिया, राकेश दर्द्वंशी, दीपक गुप्ता, जीतू बारी, सुनील खटीक, राजेंद्र कोल, आशिक बर्मन, राजेश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में लगातार कार्यवाही जारी

## खनिज विभाग की टीम द्वारा 03 वाहनों को किया गया जप्त



उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले में अवैध खनन, उत्खनन, और परिवहन पर खनिज विभाग की लगातार कार्यवाही जारी है जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिसमे खनिज गौण के माफियाओं की कमर तोड़ने की खनिज विभाग ने पूरी तैयारी कर रखी है और अधिकारी का स्पष्ट कहना है कि वैध तरीके से ही कार्य करे अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनिज विभाग की टीम दिन रात एक कर लगातार अवैध कार्यो पर कार्यवाही कर रही हैं।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में प्रभारी खनिज अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की टीम द्वारा 03 वाहनों को जप्त किया गया है, जिसमें तहसील मानपुर अंतर्गत ताला मानपुर रोड पर वाहन हाईवा क्रमांक एमपी 34 जेडबी 5559 मय खनिज रेत जिसके वाहन मालिक पटेल स्टी्ल फेब्रीकेशन प्रो. भरत लाल कुर्मी निवासी कुम्हारी तहसील पटेरा जिला दमोह (म.प्र.) एवं वाहन डम्फार क्रमांक एमपी 21 जी 2263 मय खनिज रेत जिसके वाहन मालिक मेसर्स आर.के. ट्रेडर्स प्रो. राजेश कुमार साहू निवासी बरमान मोहल्ला विजयराघवगढ जिला कटनी (म.प्र.) तथा ट्रेक्टर चेचिस क्रमांक एमबीएनएके 49 एनसीएसटीबी 44463 को मय ट्राली खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में जप्त किया गया। उक्त तीनों प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है तथा अमले द्वारा लगातार सघन जॉच की जा रही है।

## परीक्षा में शामिल हुआ जेल में परिरूध्द विचाराधीन बंदी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस ने बताया कि जेल में परिरुध्द बंदी जो आपराधिक प्रकरण में जेल में परिरुध्द है। उससे पूछतांछ करने पर ज्ञात हुआ कि वह कक्षा 12वीं कामर्स विषय लेकर अध्ययन कर रहा था। उसकी उम्र 18 वर्ष 04 माह है। न्यायालय में लंबित विचाराधीन प्रकरण में पैरवी अधिवक्ता द्वारा की जा रही है। उसकी परीक्षा 10 फरवरी से प्रारंभ होने का प्रवेश पत्र एवं परीक्षा टाईम टेबिल, परीक्षा केंद्र तथा परीक्षा में शामिल कराने की अनुमति माननीय न्यायालय से प्राप्त होने पर पुलिस गार्ड के माध्यम से बंदी को परीक्षा में सम्मिलित कराया गया है। उसे पढाई के लिए पुस्तके भी उपलब्ध कराई गई है। जिससे वह जेल में रहकर भी विद्या अध्ययन कर परीक्षा में सम्मिलित हो सके। छात्र का नाम सृजन खान बताया जा रहा है, जो कि 15 दिवस पूर्व ही जेल मे आया था। छात्र का परीक्षा केंद्र पीएम श्री शासकीय बालक कॉलरी स्कूल बताया जा रहा है।उन्होने बताया कि पांच दिनो तक चलने वाली परीक्षा में विचाराधीन कैदी को गार्ड के माध्यम से परीक्षा दिलवाई जाएगी, ताकि उसका भविष्य उज्जवल हो सके।



# मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा उमरिया कांग्रेस संगठन सुदृढ़ीकरण की दिशा में की गई ब्लॉक अध्यक्षों की महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ

उमरिया (स्वतंत्रमत)



संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दृष्टि से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार बुधवार 11 फरवरी को उमरिया जिले में ब्लॉक स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गई हैं। जारी आदेश के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उमरिया के अध्यक्ष पद पर श्री मिथलेश राय, मानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर श्री उमाशंकर पटेल तथा उप ब्लॉक बांधवगढ़ ताला के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर श्रीमती गंगा बाई कुशवाहा की नियुक्ति की गई है।

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नव नियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए अपेक्षा व्यक्त की है कि वे कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। उन्होंने कहा कि आगामी समय में पार्टी जनहित के मुद्दों..जैसे बेरोजगारी, महंगाई, किसान हित, महिलाओं की सुरक्षा एवं सामाजिक न्यायकृको लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी, जिसमें ब्लॉक अध्यक्षों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी।

नव नियुक्त अध्यक्षों ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के सम्मान और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक कांग्रेस संगठन को सक्रिय कर आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत स्थिति में लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया के अध्यक्ष इंजी विजय कोल सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इन नियुक्तियों का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया कि नए नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनेगा।

## सुलभ यातायात संचालन हेतु एकाकी मार्ग घोशित

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 115 में विहित प्रावधनो के तहत म.प्र. मोटर यान नियम 1994 के नियम 215 के आधीन एवं पुलिस अधीक्षक उमरिया अनुशंसा के आधार पर गांधी चौक शिवालय होटल से छोटी पुल खलेसर तक के मार्ग को जाने का तथा छोटी पुल से विसर्जन स्थल होते हुये खलेसर रोड, गोपाल पुस्तक भंडार वाला मार्ग आने के लिये सुलभ यातायात संचालन हेतु समय सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए एकांकी मार्ग घोषित किया जाता है।

# पं. दीनदयाल जी की प्रतिमा भावी पीढ़ी को अंत्योदय सेवा एवं समर्पण का देगी संदेश : कैबिनेट मंत्री

मण्डला(स्वतंत्रमत)





जिला भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां प्रतिमा का अनावरण प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के साथ भारतीय जनता पार्टी के पांच पूर्व जिला अध्यक्ष बालकिशन खंडेलवाल, प्रमोद सिंघई जैन, रोचीराम गुरवानी, रतन सिंह ठाकुर, ब्रजेन्द्र कोकड़िया के कर कमलों से प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके बाद अतिथियों ने प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने अपने संबोधन में कहा कि जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने एक ऐतिहासिक कार्य करते हुए जिला भाजपा कार्यालय में प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा की स्थापना कर संगठन को नई पहचान दी है। यह केवल एक प्रतिमा स्थापना का कार्य नहीं, बल्कि विचार और संस्कारों को जीवंत रखने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब से प्रफुल्ल मिश्रा ने जिला अध्यक्ष का दायित्व संभाला है, तब से संगठन में निरंतर सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल देखने को मिल रही है, जिससे प्रत्येक कार्यकर्ता को गर्व की अनुभूति होती है। कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने आगे कहा कि हाल ही में जिला अध्यक्ष द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा की स्थापना भी की गई थी, जिसने कार्यालय परिसर को राष्ट्रवादी विचारधारा का केंद्र बना दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मेरे पांचों पूर्व अध्यक्ष भ्रातृत्व भाव से मेरे निमंत्रण को स्वीकार करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल की प्रतिमा भावी पीढ़ी को अंत्योदय सेवा एवं समर्पण का संदेश देती रहेगी। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा मेरा सौभाग्य होगा कि भारतीय जनता पार्टी के किसी कार्यक्रम बैठक या प्रवास दौरान मेरी अंतिम सांस ही मैं अपना सौभाग्य मानूंगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूती प्रदान करें। वहीं जिलाध्यक्ष ने वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद मनोहर तांबे को कार्यक्रम में विशेष आमंत्रण किया गया था लेकिन वे अस्वस्था होने के कारण कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाये इस अवसर पर उन्होंने फोन के माध्यम से प्रतिमा के अनावरण पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं

## महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में विकसित भारत बजट 2026-27 को लेकर महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं भारत माता के तेल्यचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ किया गया। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष बालकृष्ण खंडेलवाल, प्रमोद सिंघई जैन, रोचीराम गुरवानी, रतनसिंह ठाकुर, ब्रजेन्द्र कोकड़िया, बजट कार्यक्रम प्रदेश सह संयोजिका शशि पटेल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू कछवाहा सहित रक्षा अग्रवाल, कृष्णा पंजवानी, रजनी मरावी, गीता चौबे, मनीषा मरकाम, ओमवती ऊईके, सुषमा मिश्रा, उमा यादव, मालती मरावी, कौशल्या मरावी, मीना हरदहा, शीतल वैष्णव, अंगूरी झरिया,श्रद्धा उइके, अनीता तिवारी भावना साहू महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी एवं मातृशक्तियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने अपने उद्बोधन में कहा कि विकसित भारत बजट 2026-27 महिलाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित बजट है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नारी शक्ति को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का जो संकल्प लिया है यह बजट उसी दिशा में एक मजबूत कदम है

## आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में नारी शिक्षा, महिला उद्यमिता और आर्थिक सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई है जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं कार्यक्रम प्रदेश सह संयोजिका शशि पटेल ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर मार्ट्स के माध्यम से ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही समुदाय-स्वामित्व वाले रिटेल आउटलेट्स के रूप में स्थापित किया जाएगा जिससे महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को सुनिश्चित बाजार उपलब्ध होगा।

## कार्यक्रम के दौरान उपस्थित

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झा, राजेश जैन, महेंद्र पटेल, शैलेष मिश्रा, महेंद्र राठोर, रामप्रकाश साहू, जिला महामंत्री पंडित सिंह धुर्वे, संतोष रजक, नरेश चंद्रोल, जोरावर सिंह, शशिकांत श्रीवास्तव, कौशल्या मरावी, जिला कोषाध्यक्ष अखिल सिहारे कार्यालय मंत्री थामन बरमैया, मंडल अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, ललित लोधी,प्रजय जैन, सूर्यकांत जंघेला, श्रीराम परते, नीरज भटट, अनूप सरौते, सुरेंद्र धुर्वे, राजकुमार चौकसे, प्रहलाद मरकाम, आकाश पांडे, धमेन्द्र मिश्रा, डुमारी कुम्हरे, मालती मरावी, मोर्चा अध्यक्ष जाकिर हुसैन, उमेश शुक्ला, जुगल बघेल, विजय सर्वटे नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा सहित मनीषा मरकाम, आशाराम भारतीया सहित भाजपा के जनप्रतिनिधिगण, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बैगा समिति ने दी जानकारी

मण्डला(स्वतंत्रमत)। ग्रामोदय से अभ्युदय के तहत आयोजित चौपाल में मप्र जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित नवांकुर संस्था आदिवासी बैगा विकास समिति द्वारा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अमगवां द्वारा जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं ब्लॉक समन्वयक संतोष कुमार झारिया के मार्गदर्शन में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। इस दौरान ग्राम के विकास को लेकर सरकार की उपलब्धियां एवं शासन की योजना की जानकारी दी गई।

## इंटरनेट सुरक्षा दिवस पर कार्यशाला

मण्डला(स्वतंत्रमत)। रानी फूलकुंवर शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सुरक्षित इंटरनेट दिवस साइबर सुरक्षा एवं एआई पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को इंटरनेट एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचने, यूपीआई पेमेंट तथा एआई के सुरक्षित व जिम्मेदार संवेदनशील उपयोग के लिए प्रोग्रामर डाइट वेदप्रकाश गुप्ता द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। विद्यार्थियो से साइबर सुरक्षा एवं एआई के विषयों पर सवाल-जवाब कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डीआईओ एनआईसी श्रीमति मधु मिश्रा, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य तथा संकाय प्रमुख उपस्थित रहे।

## मुगदरा में शिविर का आयोजन

मण्डला(स्वतंत्रमत)। जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित आरोग्यम मण्डला 2.0 अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुगदरा में जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का औपचारिक शुभारम्भ ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती कमला उईके द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया शिविर ग्रामीणों के लिए बीपी, शुगर सहित 12 प्रकार की बीमारियों की नि:शुल्क जांच की गई। शिविर में उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्राथमिक जाँच के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क औषधियाँ वितरित की गईं।

## विशेष गहन पुनरीक्षण बैठक

मण्डला(स्वतंत्रमत)। विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह ने हेयरिंग लेप्स्ड एण्ड पेंडिंग फॉर्म फाईनल ई-रोल अपडेशन एवं नो मैपिंग के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिये। इस दौरान वीसी में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, (नवनियुक्त सहित) अनुविभागीय अधिकारी रा., तहसीलदार, नायब तहसीलदार, निर्वाचन से संबंधित सहायक प्रोग्रामर एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर शामिल हुए।

## लोक अदालत की तिथि जारी

मण्डला(स्वतंत्रमत)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में निर्धारित तिथियां 14 मार्च, 9 मई, 12 सितंबर एवं 12 दिसंबर 2026 को नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जाना है। अपर कलेक्टर ने सभी विभागों से कहा है कि आगामी नेशनल लोक अदालत में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चिन्हित किए गए प्रकरणों की प्रकृति अनुसार न्यायालयों में लंबित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण कराने का प्रयास किया जाकर अपने विभाग से संबंधित प्रकरणों की सूची शासन एवं कार्यालय कमिश्नर, जबलपुर संभाग जबलपुर को तत्काल उपलब्ध कराते हुए इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

# मनोहारी बांध में वार्षिक समागम सम्पन्न



मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)

एकलव्य बीजाडांडी टीम द्वारा शिक्षा प्रोत्साहन केंद्र एवं टीईएमआईएल केंद्रों के संचालकों का सामूहिक वार्षिक समागम लावर मुढ़िया के मनोहारी बांध किनारे आयोजित किया गया। प्रकृति की गोद में आयोजित इस समागम में एसपीके के 20 एवं टीईएमआईएल के 15 संचालकों की सक्रिय उपस्थिति रही। यह समागम आपसी संवाद साझा सीख और शिक्षा के मूल उद्देश्यों के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम का उद्धेश्य बीजाडांडी क्षेत्र में विगत 8 वर्षों से एकलव्य द्वारा शिक्षा में नवाचार किया जा रहा है जिससे हमारी पहुंच सामुदायिक जुड़ाव और बच्चों की सीख एवं युवाओं की उच्च शिक्षा तक पहुंच को एक साथ साझा करना व समझना रहा। इस गतिविधि के माध्यम से सभी संचालक एक-दूसरे से परिचित हुए तथा अपने-अपने कार्यों, अनुभवों और सीख को खुले मन से साझा किया इसके पश्चात नेचर जर्नलिंग की गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक दाल-बाटी भरता भोज आयोजित किया गया जिसने आपसी अपनत्व और सामुदायिक भावना को और मजबूत किया इसके बाद जनगीत एवं थिएटर गतिविधियों में सभी संचालकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की जिससे पूरा वातावरण जीवंत और आनंदमय बन गया इस कार्यक्रम में एकलव्य टीम से सुरेश, अभिलाष, शिव प्रसाद, रामकुमार, नेहा एवं सूरज की उपस्थिति रही।

## गायत्री परिवार की बैठक सम्पन्न

मण्डला(स्वतंत्रमत)। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माताजी की जन्म शताब्दी समारोह के पुनीत अवसर पर मिशन की गतिविधियों को गति प्रदान करने व संगठन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से केंद्र द्वारा निर्मित 13 बिंदुओं की कार्ययोजना के सफल क्रियान्वयन पर गायत्री शक्ति पीठ में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उपजोन प्रभारी नरेश तिवारी ने की। जिला समन्वयक हरिकेश दुबे ने नवयुग का संविधान युग निर्माण सत्संकल्प का वाचन किया। बैठक में नारायण प्रसाद दुबे, प्रशिक्षण प्रभारी जबलपुर बृजेश शर्मा सहायक उप जोन प्रभारी जबलपुर उपस्थित रहे। उपजोन प्रति निधि संजय सिंगौर, रामचन्द्र शुक्ल मुख्य प्रबंध ट्रष्टी संदीप साहू, गुरुचरण पटेल एवं तहसील स्तर के समन्वयक, विभिन्न शक्ति पीठों प्रज्ञा पीठों के व्यवस्थापक, महिला मंडल, बाल संस्कार शाला, कन्या-किशोर कार्यक्रम प्रभारी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

# पुलिस महानिरीक्षक का आगमन, किया संवाद

मण्डला(स्वतंत्रमत)



बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक ललित शाक्यवार बालाघाट जोन द्वारा जिले का प्रथम भ्रमण किया गया सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण कर शासन द्वारा प्रस्तावित नवीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय हेतु स्थल का निरीक्षण किया गया इस दौरान कार्यालयीन स्टाफ से संवाद स्थापित कर विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की गई इसके उपरांत पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, सभी एसडीओपी अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे बैठक में ई-एफआईआर एवं जीरो एफआईआर पर त्वरित कार्यवाही, नार कोटिक्स प्रकरणों में सख्त कार्यवाही, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समय बद्ध निराकरण, ग्रामीण जनता से सतत संवाद स्थापित करना, नाबालिग बालक-बालिकाओं हेतु जागरूकता कार्यक्रम संचालित करना जिले के नक्सल मुक्त होने के उपरांत इंटेलीजेंस तंत्र को सुदृढ़ करने, सार्वजनिक स्थलों में सीसीटीव्ही कैमरा की उपलब्धता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर निर्देश प्रदान किए गए उक्त बैठक के पश्चात पुलिस कंट्रोल रूम पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा अपराधमुक्त बालाघाट जोन के लक्ष्य, जनता एवं पुलिस के मध्य बेहतर संवाद, पुलिस चौपाल की उपयोगिता, हेलमेट के महत्व तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता पर विस्तार से चर्चा की गई।

# अधिवक्ताओं की आवाज लाई रंग, शीघ्र होगा भूमिपूजन

मण्डला(स्वतंत्रमत)



जिले में नवीन कलेक्ट्रेट भवन निर्माण को लेकर विगत कई माहों से विवाद चल रहा था। सामाजिक संगठन के साथ जिला अधिवक्ता संघ भी भवन निर्माण स्थल को लेकर शिकायत दर्ज करा रहे थे। वहीं इस गंभीर मुद्दे को लेकर जिले के सासंद फग्गन सिंह कुलस्ते और कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके को भी अवगत कराया गया था लेकिन कोई ठोस नतीजे सामने न आने के बाद जिला अधिवक्ता संघ आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हो गया था। बीते दिनों अधिवक्ताओं ने रैली निकालकर आक्रोश दर्ज कराया और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। वहीं बीते दिनों कलेक्टर ने पत्रकारों की बैठक बुलाकर बताया कि अब कलेक्ट्रेट का नवीन भवन कलेक्ट्रेट परिसर में ही बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थिति स्पष्ट किया है कि उद्यानिकी विभाग की भूमि पर कलेक्ट्रेट भवन निर्माण के लिए स्थान चयन का प्रकरण माननीय हाईकोर्ट जबलपुर में विचाराधीन है। संबंधित मामले में आज की पेशी न्यायाधीश के दिल्ली में होने के कारण आगे बढ़ गई है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा वर्तमान कलेक्ट्रेट परिसर में ही नवीन कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत जी-4/जी-5 श्रेणी के आधुनिक कलेक्ट्रेट का निर्माण किया जाएगा जिससे प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आएगी और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। बता दें कि अधिवक्ताओं ने नवीन कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण नगर सीमा में ही कराए जाने मांग की कर रहे थे। लगातार अधिवक्ता इस मुद्दे को लेकर बैठक आदि कर रहे थे।

# वित्तीय साक्षरता सप्ताह कैम्प आयोजित



मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत भारतीय स्टेट बैंक शाखा अंजनिया में बुधवार को कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रिय व्यवासियक कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिसमें शाखा प्रबंधक धीरज कुमार कोष्टा, क्षेत्राधिकारी स्वप्निल सिंह, जिला खादी ग्राम उद्योग से शिवकुमार दिकाते एसएल बरकड़े, शकील अंजुम खान, सुधन्या, सुश्री आदि लक्ष्मी, सलमान खान कियोस्क संचालक सज्जन पटेल, सुजान पटेल, निगेश पटेल, निकुंज पटेल, अजय श्रीवास्तव, गुलाब पटेल ब्लाक कॉन्सलर स्वाति सोनी, आस्था सोनी उपस्थित होकर शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। बैंकिंग साक्षरता एवं जागरूकता के अंतर्गत जानकारी प्रदान के गई।

## समूह की दीदियों का प्रशिक्षण

मण्डला(स्वतंत्रमत)

प्रदेश में पूर्ण साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संचालित नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत ंजनिया में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिलाओं दीदियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान उपस्थित समस्त सामाजिक चेतना केंद्र प्रभारियों और समूह की दीदियों को क्षेत्र के असाक्षरों को चिह्नित कर उन्हें बुनियादी साक्षरता से जोड़ना, उल्लास ऐप के उपयोग और डिजिटल माध्यमों से शिक्षा के प्रसार पर जोर, साक्षरता को एक जन-आंदोलन बनाने में स्व-सहायता समूहों की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में समन्वयक साक्षरता एलके अवस्थी, ब्लॉक सह समन्वयक बीएल यादव, संकुल सह समन्वयक अनिल पटेल, जेएसके अंजनिया के समस्त सामाजिक चेतना केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।

# डिजाईन विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ



मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)। मध्यप्रदेश शासन कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग भोपाल द्वारा संचालित एकीकृत क्लस्टर विकास कार्यक्रम योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 10 हितग्राहियों के लिये ग्राम अंजनिया में डिजाईन विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ महेन्द्र पटेल एवं डोमेन एक्सपर्ट प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जिला द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया है। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती सोनाली देव, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन बीडी भैसारे, शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक अंजनिया धीरज कुमार कोष्टा, परियोजना सहायक आजीविका मिशन अंजनिया शलमा बेगम तथा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जिला पंचायत एसके डेकाटे उपस्थित थे यह प्रशिक्षण एक माह तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में स्व-सहायता समूह की दीदियों को हाथकरघा पर कपड़ा, साड़ी, स्कार्फ एवं अन्य वस्त्र बनाने कौशल सिखाया जायेगा। जिससे स्व-सहायता समूह की महिलायें आत्मनिर्भर एवं वित्तीय रूप से सशक्त हो सकेंगी प्रशिक्षण पश्चात इन महिला हितग्राहियों से प्रोटोटाईप विकास कराया जाकर सतत् रोजगार से संलग्न किया जायेगा।

## हिरदेनगर में जन स्वास्थ्य शिविर

मण्डला(स्वतंत्रमत)। हिरदेनगर में आयोजित आरोग्यम 2.0 जन स्वास्थ्य शिविर में कलेक्टर ने पहुंचकर शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और वहां उपस्थित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने उपचार के लिए आए मरीजों से सीधे संवाद कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवाइयों तथा जांच सुविधाओं के बारे में जानकारी ली कलेक्टर ने शिविर में पंजीयन काउंटर, जांच कक्ष, दवा वितरण केंद्र तथा परामर्श व्यवस्था का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मरीज को व्यवस्थित ढंग से जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मलारा जनपद पंचायत मंडला**

**निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत मलारा जनपद पंचायत मंडला के अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत एवं इच्छुक ठेकेदारों फर्मों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित शर्तें, कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी कार्यालय ग्राम पंचायत मलारा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है-कार्य का विवरण निम्नानुसार है 1.ग्राम पंचायत मलारा में सी.सी.रोड निर्माण कार्य। 2. ग्राम मलारा में रंगमंच निर्माण कार्य। 3. रंगमंच निर्माण सांगवा मार्ग पर आवश्यक निर्माण कार्य। निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि कार्यालय ग्राम पंचायत मलारा द्वारा निर्धारित की जाएगी। निविदा उसी तिथि को एवं उसी समय कार्यालय में खोली जाएगी। ग्राम पंचायत मलारा को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह किसी भी निविदा को स्वीकार या निरस्त कर सके इस संबंध में कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।

दिनांक-09 फरवरी से 13 फरवरी तक
स्थान-ग्राम पंचायत मलारा

सरपंच
ग्राम पंचायत मलारा
जनपद पंचायत मंडला

सचिव
ग्राम पंचायत मलारा
जनपद पंचायत मंडला

संपादकीय

## सियासी संतुलन की चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है कि संवैधानिक पीठ के 2024 में दिए गए फैसले के बाद क्या कार्रवाई की गई है, जिसमें एससी और एसटी के आरक्षण का वर्गीकरण और क्रीमी लेयर को लागू करने की बात कही गई थी। सवाल है कि एससी-एसटी आरक्षण में 'कोटा के भीतर कोटा' और क्रीमीलेयर लागू करने को लेकर अब सरकार क्या कदम उठाएगी? अदालत के एक सवाल ने दलित सियासत को फिर से गरमा दिया है और मोदी सरकार के सामने सियासी संतुलन की बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने एक अगस्त 2024 को एससी और एसटी के लोगों के बीच समान प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों को एससी-एसटी के आरक्षण को कोटा के भीतर कोटा बनाने की मंजूरी दी थी। साथ ही ओबीसी की तरह एससी-एसटी आरक्षण में भी क्रीमी लेयर व्यवस्था को लागू करने की बात कही थी। सुप्रीम कोर्ट के इसी फैसले को लागू कराने की मांग को लेकर सर्वोच्च अदालत में एक याचिका दायर की गई थी। इस मामले पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने सुनवाई करते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार से जवाब मांगा है कि संवैधानिक पीठ के फैसले पर क्या कार्यवाही की गई है? वर्ष 2024 में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को सब-कैटेगरी बनाने का अधिकार राज्यों को देने और क्रीमीलेयर की व्यवस्था को लागू करने का फैसला देने के साथ ही सियासत गर्मा गई थी। विपक्षी दल कांग्रेस से लेकर बीजेपी के कई सहयोगी दलों ने इस फैसले के खिलाफ खड़े नजर आ रहे थे। सर्वोच्च अदालत के फैसले को लेकर बसपा प्रमुख मायावती खुलकर विरोध में उतर गई थीं। दलित समुदाय के लोग भी सड़क पर उतरकर विरोध शुरू कर दिए थे। एससी और एसटी समुदाय के करीब 100 एनडीए सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को किसी भी सूरत में लागू नहीं किया जाना चाहिए। इसके बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा था कि एनडीए सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है। सरकार के इस आश्वासन के बाद एससी-एसटी समाज ने अपना विरोध बंद किया था।

एससी-एसटी आरक्षण में कोटा के भीतर कोटा बनाने का भले ही विरोध न हुआ हो, लेकिन अगर क्रीमी लेयर की व्यवस्था की जाती है तो फिर से दलित समुदाय सड़क पर उतर सकते हैं। साथ ही दलित सियासी आधार वाले बसपा, आजाद समाज पार्टी और चिराग पासवान की एलजेपी भी विरोध के लिए उतर सकती है। इसके अलावा बदले हुए सियासी माहौल में कांग्रेस भी विरोध कर सकती है। दरअसल, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सियासत ताकत को देखते हुए बीजेपी ही नहीं बल्कि कोई भी राजनीतिक दल उसमें हाथ डालने से बचता रहा है। 2024 में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था तो दलित आधार वाले राजनीतिक दलों ने दलित समाज को होने वाले सियासी नुकसान को बताने से ज्यादा आरक्षण खत्म किए जाने की साजिश करार देने में जुट गए थे। केंद्र सरकार ने भी डेढ़ साल पहले एससी-एसटी समुदाय के विरोध को देखते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था, लेकिन अब उसे कोर्ट को बताना होगा कि संवैधानिक पीठ के फैसले पर क्या कदम उठाए हैं। ऐसे में सरकार के लिए एससी-एसटी आरक्षण पर हाथ डालना जोखिम भरा कदम साबित हो सकता है, क्योंकि एक तरफ कुआं तो दूसरी तरफ खाई है।

# कृषि उपज के लिए बाजार को खोलना यानी बवंडर को निमंत्रण

उमेश चतुर्वेदी

इसमें दो राय नहीं है कि संयुक्त राज्य अमेरिका बरसों से भारतीय कृषि बाजार में बड़ी और व्यापक पहुंच हासिल करने की कोशिश में है। हाल ही में अमेरिका के साथ भारत ने महत्वपूर्ण व्यापार समझौता किया है। इसके तहत अमेरिकी बाजारों में भारतीय सामान 18 प्रतिशत के ही टैरिफ पर उपलब्ध हो सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय सामानों पर मनमाने तरीके से थोपे गए पचास प्रतिशत के टैरिफ के मुकाबले मौजूदा व्यापार समझौते के तहत अमेरिका की ओर से प्रस्तावित 18 प्रतिशत का टैरिफ कम ही कहा जाएगा। हालांकि अतीत के करीब तीन प्रतिशत के मुकाबले फिर भी यह बहुत ज्यादा है। बहरहाल इसी समझौते के मद्देनजर जिस तरह से अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रूक लेस्ली रोलिंग्स ने खुशी जताई, उससे भारतीय किसान आशंकित हो उठे।

भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा, जिससे अमेरिकी कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे ग्रामीण अमेरिका में नकदी आएगी। रोलिंग्स यहीं पर नहीं रूके। उन्होंने सिर्फ 2024 के आंकड़ों का हवाला देते हुए लिखा कि भारत के साथ कृषि कारोबार के चलते अमेरिका को 1.3 अरब डॉलर का घाटा हो रहा है। रोलिंग्स ने उम्मीद जताई कि नए व्यापार समझौते की वजह से विशाल आबादी वाला भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण बाजार हो सकता है।



रोलिंग्स की इस खुशी की वजह से भारतीय किसानों का आशंकित होना जायज है। अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा पचास अरब डॉलर है, इसलिए वह लगातार कोशिश करता रहा है कि भारत अपने कृषि बाजारों को खोले। भारत की चिंता की वजह उसकी खेती-किसानी वाली बड़ी जनसंख्या है। भारत के छियासी प्रतिशत किसान सीमांत या लघु हैं। जिनकी जोत दो हेक्टेयर से कम है। भारत में खेती पर करीब 10.7 करोड़ परिवार निर्भर हैं। यह जनसंख्या का करीब बासठ प्रतिशत है। अगर अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में घुसने की अनुमति मिलती है तो भारी सब्सिडी के चलते भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों से भर जाएंगे। इससे भारतीय उत्पादों की मांग घट सकती है। इससे भारतीय किसानों के सामने संकट उठ खड़ा हो सकता है।

किसानों की आशंकाओं को विपक्षी दलों ने अपने ऊंचे सुरों से और बढ़ाया ही है। लेकिन कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते में भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया गया है और किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। चौहान का यह भी कहना है कि इस कारोबारी समझौते से देश के मुख्य खाद्यान्नों, मिलेट्स, फलों,सब्जियों और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह अलग रखा गया है। इस लिहाज से देखें तो इस कारोबार समझौते से देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र पर किसी प्रकार का खतरा नहीं है। शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक, इस समझौते से भारतीय किसानों को नए अवसर मिलेंगे,क्योंकि इस समझौते में कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुंचाए, ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है। भारत अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों को चावल का बड़ा निर्यातक है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, भारत की ओर से अमेरिका समेत कई देशों को करीब 63 हजार करोड़ के चावल का निर्यात कर चुका है। भारत सरकार का दावा है कि नए टैरिफ समझौते से भारतीय किसानों के चावल और मसालों के साथ ही टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा।

भारत-अमेरिकी समझौते के तहत भारत को अमेरिका से पांच सौ अरब डॉलर का सामान पांच सालों में खरीदना है। वैसे समझौते पर जो संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ है, उसके तहत भारतीय कृषि बाजार को भी खोलने की बात कही गई है। लेकिन सरकार सूत्रों का कहना है कि इस समझौते से, भारतीय चावल, गेहूं, सोया और मक्का जैसे अनाजों को बाहर रखा गया है और साथ ही ट्रेड डील से चीनी और डेयरी प्रोडक्ट्स भी बाहर हैं। ऐसा करने की वजह यह है कि भारतीय किसान और डेयरी उद्योग को कारोबारी परेशानियां न झेलनी पड़ें। वैसे भी भारत लंबे समय से कृषि और डेयरी उद्योग को 'रेड-लाइन' यानी किनारे रखने वाला सेक्टर मानता रहा है। इसकी वजह है कि गांवों में इनसे जुड़े काफी रोजगार हैं। इन सेक्टर को खोलने को लेकर भारत की बातचीत यूरोप और ब्रिटेन से भी अटक चुकी है। ऐसे में अमेरिका के लिए इस बाजार को खोलना भारतीय किसानों के लिए, नुकसानदायक तो होगा ही, राजनीतिक बवंडर की वजह भी बन सकता है। इस बवंडर का सामना करने की हिम्मत विरली राजनीतिक ताकतें ही कर सकती हैं। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों, खासतौर पर एमएसएमई, किसानों और मछुआरों के लिए तीन लाख अरब अमेरिकी डॉलर का बड़ा बाजार खुलने की उम्मीद है। इसकी वजह से जो निर्यात बढ़ेगा, उससे महिलाओं और युवाओं के लिए लाखों नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना जताई जा रही है। भारत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, मुर्गी पालन, दूध, पनीर, एथनॉल, तंबाकू, सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि और दुग्ध उत्पादों को पूर्ण रूप से संरक्षित करेगा। दोनों देश अपने-अपने हित वाले क्षेत्रों में एक-दूसरे को पूर्ण तरजीही बाजार पहुंच प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।


आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में भारत ने अमेरिका से 2.4 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद आयात किए थे, जिनमें ज्यादातर ताजे फल, सूखे मेवे, बादाम, अखरोट मादक पेय, कच्चा कपास, वनस्पति तेल और प्रोसेस्ड सामान हैं। दूसरी तरफ भारत ने अमेरिका को 6.2 अरब डॉलर का कृषि निर्यात किया, जिनमें समुद्री उत्पाद, मसाले, डेयरी उत्पाद, चावल, जड़ी-बूटियों के आयुर्वेदिक उत्पाद प्रमुख रहे। यह भारत के कुल 53.2 अरब डॉलर सालाना के कृषि निर्यात का 11.74 प्रतिशत है। कृषि और डेयरी उत्पाद के कारोबार के इसी असुंलन की वजह से अमेरिका भारतीय बाजार में घुसने की लगातार कोशिश कर रहा है। लेकिन भारतीय सूत्र इससे साफ इनकार कर रहे हैं। भारत के सामने संकट यह है कि अगर उसने इस क्षेत्र को खोला तो छोटे और सीमांत किसानों के सामने जो चुनौतियां खड़ी होंगी, उनसे वह कैसे निबट पाएगा।

## गड्ढों वाली व्यवस्था और खतरे में पड़ता जीवन

गड्ढों में गिरी व्यवस्था में समाप्त होता जीवन आज के भारत की एक ऐसी विडंबना बन चुका है, जिसे देखकर मन भीतर तक सिहर उठता है। नोएडा में कार सवार युवा इंजीनियर की गड्ढे में गिरकर मौत का दर्द अभी समाज के मन से उतरा भी नहीं था कि दिल्ली में बाइक सवार युवक की जान एक खुले गड्ढे ने लील ली। दोनों घटनाओं में समानता यह है कि गड्ढे प्रशासन द्वारा विकास या मरम्मत के नाम पर खोदे गए थे और दोनों जगह न तो कोई बैरिकेडिंग थी, न चेतावनी बोर्ड, न रोशनी की व्यवस्था। मानो व्यवस्था ने पहले गड्ढा खोदा और फिर निश्चिंत होकर वहां से हट गई कि अब जो होगा, वह नागरिक की किस्मत है। यही वह सोच है जो किसी भी समाज को भीतर से खोखला कर देती है। प्रश्न यह नहीं है कि गड्ढे क्यों खोदे गए, प्रश्न यह है कि गड्ढे खोदकर लोगों को मौत के मुंह में धकेलने का अधिकार प्रशासन को किसने दिया। क्या विकास का अर्थ यह हो गया है कि सड़कों पर चलते हुए हर नागरिक अपनी जान हथेली पर रखे। क्या शहरों की चमक-दमक और बड़े-बड़े दावों के बीच आम आदमी का जीवन इतना सस्ता हो गया है कि उसकी मौत पर सिर्फ एक खबर छप जाए, दो दिन बहस हो और फिर सब कुछ सामान्य हो जाए। यह सामान्य हो जाना ही सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि जब मौतें सामान्य लगने लगें, तब व्यवस्था की संवेदनशीलता मर चुकी होती है। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदा गया गड्ढा हो या नोएडा की किसी एजेंसी का, जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया हर बार एक जैसी रहती है। अफसर निलंबित कर दिए जाते हैं, जांच समितियां बना दी जाती हैं, 24 या 48 घंटे में रिपोर्ट देने की घोषणा होती है और कुछ समय बाद वही फाइलें धूल फांकने लगती हैं। निलंबन और जांच अब समाधान नहीं, बल्कि एक औपचारिक रस्म बन गई है। सवाल यह है कि क्या निलंबन से मरे हुए बेटे लौट आते हैं, क्या जांच समितियों से टूटे हुए परिवार फिर से जुड़ जाते हैं। जब तक जवाबदेही केवल कागजों पर सिमटी रहेगी, तब तक गड्ढों में गिरती जिंदगियां यूं ही व्यवस्था का शिकार बनती रहेंगी। इस पूरी तस्वीर का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बड़े शहरों में ऐसी घटनाएं कम से कम चर्चा में तो आती हैं, मीडिया सवाल तो उठाता है, लेकिन छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में यही गड्ढे रोज जिंदगियां निगल रहे हैं और खबर तक नहीं बनते। वहां न कैमरा पहुंचता है, न कोई प्रतिनिधि, न कोई जांच समिति। वहां मौतें सिर्फ परिवारों की निजी त्रासदी बनकर रह जाती हैं। क्या नागरिक का मूल्य शहर के आकार से तय होगा। क्या महानगरों का नागरिक ज्यादा कीमती है और छोटे शहरों का नागरिक सस्ता। यह असमानता केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि संवेदनाओं की भी है। हम एक ओर विकसित भारत, सशक्त भारत, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात करते हैं, दूसरी ओर हमारी सड़कों पर खुले गड्ढे हमें आईना दिखाते हैं। विकास की रफ्तार तेज हो सकती है, लेकिन यदि उस रफ्तार में सुरक्षा, जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना नहीं जुड़ी, तो वह रफ्तार विनाश की ओर ही ले जाएगी। यह विडंबना ही है कि हम स्मार्ट सिटी की बातें करते हैं, लेकिन स्मार्ट बैरिकेडिंग, स्मार्ट चेतावनी और स्मार्ट जिम्मेदारी पर बात करना भूल जाते हैं। तकनीक के युग में भी एक साधारण चेतावनी बोर्ड लगाना हमारे तंत्र को याद नहीं रहता। दरअसल समस्या केवल लापरवाही की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जिसमें नागरिक को एक आंकड़ा समझ लिया गया है। फाइलों में वह एक केस नंबर है, सड़क पर वह एक बाधा और हादसे के बाद वह एक आंकड़ा। जब तक प्रशासन और शासन की दृष्टि में नागरिक का जीवन सर्वोपरि मूल्य नहीं बनेगा, तब तक हर नया गड्ढा एक नई मौत की संभावना बनकर खड़ा रहेगा।

– ललित गर्ग

# एआई (AI) युग में मानहानि की कहानी (भाग-1)



दिनेश चन्द सागर (एडवोकेट)

लेखक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं

**रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय; टूटे से फिर ना जुड़े, जुड़े गाँठ पड़ जाय।**

रहीम की यह पंक्ति आज के डिजिटल युग में 'साख' (Reputation) पर सटीक बैठती है। प्रतिष्ठा एक बार टूट जाए तो फिर से जोड़ने पर भी उसमें गाँठ रह जाती है। एआई और सोशल मीडिया के दौर में शब्द अब केवल बोले नहीं जाते, वे वायरल होते हैं। ऐसे में भारतीय कानूनी तंत्र कैसे प्रतिष्ठा की रक्षा कर रहा है, यह समझना ज़रूरी है।

**1. सिविल बनाम आपराधिक मानहानि : मुख्य अंतर**

भारत में मानहानि को दो श्रेणियों में रखा गया है-

– सिविल मानहानि (Civil Defamation) यह टॉर्ट (नागरिक गलत) है। पीड़ित व्यक्ति अदालत में क्षतिपूर्ति और निषेधाज्ञा की मांग कर सकता है।

– माननीय सुप्रीम कोर्ट – राजगोपाल बनाम तमिलनाडु राज्य (1994)- निजता और प्रतिष्ठा को नागरिक अधिकार के रूप में मान्यता दी।

– आपराधिक मानहानि (Criminal Defamation) यह विधिक अपराध है।

– माननीय सुप्रीम कोर्ट – सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत संघ (2016)- आपराधिक मानहानि को संवैधानिक ठहराया और कहा कि प्रतिष्ठा अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का हिस्सा है।

**2. नए कानून (BNS & BNSS) का प्रभाव**

2023 के नए कानूनों ने मानहानि की प्रक्रिया को अधिक स्पष्ट बनाया है-

– धारा 356(2) BNS: इसमें मानहानि को परिभाषित किया गया है। रोचक बात यह है कि नए कानून में 'सामुदायिक सेवा' को भी सज़ा के तौर पर जोड़ा गया है।

– धारा 222 BNSS: यह सुनिश्चित करता है कि मानहानि कानून का दुरुपयोग कर पुलिस सीधे गिरफ्तारी न करे; संज्ञान केवल मजिस्ट्रेट के विवेक पर होगा।

– माननीय सुप्रीम कोर्ट – एस. खुशबू बनाम कन्नियम्मल (2010)- बिना दुर्भावना के राय देना मानहानि नहीं है। यह BNSS की प्रक्रिया को और मजबूत करता है।

**3. एआई (AI) और डिजिटल दुनिया की चुनौतियाँ**

आज 'कलम' की जगह 'एल्गोरिदम' (algorithms) ने ले ली है। यहाँ कानून के सामने तीन बड़ी चुनौतियाँ हैं-

– डीपफेक (Deepfakes) एआई द्वारा बनाए गए फर्जी वीडियो मानहानि का सबसे आधुनिक और खतरनाक रूप हैं।

– सेफ हार्बर (Safe Harbour)- IT एक्ट की धारा 79 सोशल मीडिया कंपनियों को बचाती है, लेकिन माननीय सुप्रीम कोर्ट – गूगल इंडिया प्रा. लि. बनाम विशाखा इंडस्ट्रीज (2020) मामले ने स्पष्ट कर दिया कि सूचना मिलने के बाद सामग्री न हटाना उन्हें उत्तरदायी बना सकता है।

– उत्तरदायित्व का संकट: यदि ChatGPT या कोई अन्य AI गलत जानकारी देता है, तो दोषी कौन?

– Prompt देने वाला यूजर?

- AI मॉडल बनाने वाली कंपनी?

– या वह डेटा जिस पर इसे ट्रेन किया गया?

**4. न्यायपालिका का संतुलित दृष्टिकोण**

माननीय सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार अनुच्छेद 19(1)(a) (वाक् स्वतंत्रता) और अनुच्छेद 21 (गरिमापूर्ण जीवन) के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है-

– सुब्रमण्यम स्वामी प्रकरण (2016) – किसी व्यक्ति की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दूसरे की प्रतिष्ठा की कीमत पर नहीं हो सकती।

– राजगोपाल प्रकरण (1994) – निजता और प्रतिष्ठा को नागरिक अधिकार के रूप में मान्यता दी।

– खुशबू प्रकरण (2010) – राय और आलोचना को मानहानि से अलग किया।

– गूगल इंडिया प्रकरण (2020) – डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म की जिम्मेदारी तय की।

**निष्कर्ष**

डिजिटल युग में तकनीक दोधारी तलवार है। जहाँ एआई हमें सशक्त बनाता है, वहीं यह प्रतिष्ठा के धागे को तोड़ने की क्षमता भी रखता है। नए कानून (BNS/BNSS), आईटी अधिनियम और माननीय सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता यह सुनिश्चित करने की दिशा में कदम हैं कि डिजिटल स्पेस में

# गड्ढों वाली व्यवस्था और खतरे में पड़ता जीवन

पुस्तक समीक्षा/सुबोध दुबे




डॉ. सुरुचि मोहता की पुस्तक 'वाह प्रभु: मौन आत्मा अंतरयात्रा' एक आध्यात्मिक और दार्शनिक रचना है जो सरल और सुलभ शैली में ज्ञान और अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। इसे आश्चर्य और विस्मय का मिश्रण बताया गया है, जिसका उद्देश्य पाठक के लिए आध्यात्मिक ज्ञान तक पहुंच को आसान बनाना है। अध्यात्म का अर्थ समझने व जीवन में उतारने के लिए यह पुस्तक अवश्य पढ़ें। किस तरह से अध्यात्म धर्म, कर्म, योग, साधना से जुड़ा हुआ है। हमें यह समझने की जरूरत है कि अध्यात्म का हमारे जीवन में कितनी अहम भूमिका निभाता है। हमारे पूर्वजों और ऋषि मुनियों व वेद पुराणों, उपनिषद ने यह हमारे एक अनमोल विरासत छोड़ी है, जिसके बिना एक सफलतापूर्वक और सुखद जीवन जीने की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। अध्यात्म ईश्वर की समीपता का आभास है जब हमारा मन इधर-उधर भटकने लगता है तब अध्यात्म ही उसे एकाग्रचित कर सन्मार्ग की ओर ले जाता है और तब मनुष्य को शील, शांति की प्राप्ति होती है। लेकिन धर्म और अध्यात्म का अर्थ अलग है। अध्यात्म तो आन्तिरिक ज्ञान से होता है और धर्म का संबंध बाहरी जगत से होता है। मनुष्य जब अध्यात्म को अपना लेता है तो वह अध्यात्मिक हो जाता है।

'वाह प्रभु' पुस्तक का केंद्र बिंदु आत्मनिरीक्षण और आंतरिक यात्रा है, जो आध्यात्मिकता और आत्म-खोज पर एक व्यक्तिगत और सरल दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। लेखिका की लेखन शैली की सहजता और प्रवाह के लिए प्रशंसा की जाती है, जो उनके व्यक्तित्व को प्रतिबिंबित करती है और जटिल विचारों को सहजता से समझने योग्य बनाती है।

अपनी तरह की यह अनूठी रचना छोटी-छोटी प्रेम कहानियों का संग्रह है। इन काव्यात्मक रचनाओं के दो पात्र हमारे भीतर विद्यमान दो ऊर्जाओं का प्रतीक हैं। यह प्रेमपूर्ण संवाद 'प्रेरित' और 'प्रेरणा' के बीच घटित हो रहा है। ये छोटी-छोटी कहानियाँ व्यावसायिक रणनीतियों के साथ-साथ संगीत अवधारणाओं, आधुनिक भाषा के साथ-साथ संत कविताओं, अवसाद के साथ-साथ प्रेरणा के बारे में भी बात करती हैं। विभिन्न आयामों और अनुभवजन्य समझ के स्तरों में विद्यमान, ये रोजमर्रा के विचार और अवलोकन हैं जो कभी-कभी आलस्यपूर्वक हमारे जीवन के सामान्य रास्तों में घूमते हैं, या हमारी नश्वर, फिर भी अमर अस्तित्व की समझ में एक पल के लिए हमारे सामने आ जाते हैं। सभी बुक लवर्स को यह ज़रूर पढ़नी चाहिए। डॉ. सुरुचि मेहता का टैलेंट और रचनाशीलता इस किताब में बहुत अच्छे से सामने आई है। काव्यनुमा भाषा, साहित्य, स्पिरिचुअलिटी, सब कुछ छोटी कहानियों के रूप में एक शानदार किताब है और एक बार पढ़ने के बजाय 'वाह प्रभु' हमेशा के लिए याद रखने लायक है।

### डॉ. सुरुचि मोहता



डॉ. मोहता एक म्यूजिशियन, उद्यमी और स्कॉलर हैं, जिन्हें शुरू से ही म्यूजिक और कल्चर का शौक रहा है। पद्मा बिनानी फाउंडेशन की क्रिएटिव डायरेक्टर के तौर पर उन्होंने म्यूजिक एल्बम के लिए कंपोज किया, डायरेक्ट किया और गाया, जिन्हें बहुत तारीफ मिली। अपने वेंचर सप्तम स्वर के साथ, उन्होंने दुनिया भर में इवेंट्स और शादियों को प्रोड्यूस किया है। उन्हें अष्टनायिका में उनकी रिसर्च के लिए श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसी महिला विश्वविद्यालय मुंबई से डॉक्टरेट की डिग्री मिली है, जो भारतीय क्लासिकल म्यूजिक और साहित्यिक परंपरा में दिखाई देने वाले मूल प्रतिरूप हैं।

# समस्याओं के निराकरण के बजाए अखाड़ा बनी संसद

योगेंद्र योगी

देश में मौजूद गंभीर मुद्दों पर चर्चा और उनके समाधान के प्रयासों के बजाए निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिए संसद में दलगत राजनीति भारी पड़ रही है। संसद सत्तारुढ़ और विपक्ष के लिए अखाड़ा बनी हुई है। देश के कर्णधारों को देश की बिगड़ती दिशा-दशा की कोई परवाह नहीं है। दिल्ली अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और अन्य शोधों के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल श्वसन प्रणाली, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। जहरीली हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने से तनाव, चिंता, अवसाद (डिप्रेशन), संज्ञानात्मक हानि और बच्चों में एडीएचडी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिसे विशेषज्ञ एक मानसिक स्वास्थ्य आपातकाल मान रहे हैं।

एरोसोल सूक्ष्म कणों पीएम 2.5 और जहरीली गैसों से दिमागी सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव होता है, जो अवसाद और चिड़चिड़ापन पैदा करता है। प्रदूषण के कारण वयस्कों में भावनात्मक थकान, निर्णय लेने की क्षमता में कमी और बच्चों में सीखने में कठिनाई देखी जा रही है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहने से अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसे तंत्रिका अपक्षयी विकारों का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययन बताते हैं कि पीएम 2.5 के एरोसोल घटक, डिप्रेशन और चिंता से सीधे जुड़े हैं। एम्स की एक अन्य रिसर्च में स्पीच एनालिसिस तकनीक के जरिए डिप्रेशन की पहचान की जा रही है, जो बताता है कि मानसिक स्वास्थ्य पर प्रदूषण का असर कितना गहरा है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्मॉग के दौरान बाहर निकलने से बचें, मास्क का उपयोग करें, घर में एयर प्यूरीफायर लगाएं और तनाव कम करने के लिए योग व स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

इसी तरह इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी की 77वीं वार्षिक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने बताया कि आज भारत में करीब 60 प्रतिशत मानसिक रोग 35 साल से कम उम्र के लोगों में पाए जा रहे हैं। यह आंकड़ा इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यही उम्र पढ़ाई पूरी करने, करियर बनाने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने की होती है। अगर इसी समय मानसिक समस्याएं शुरू हो जाएं और उनका इलाज न हो, तो इसका असर पूरी जिंदगी पर पड़ सकता है। कांफ्रेंस में यह भी बताया गया कि कोविड-19 महामारी, आर्थिक अस्थिरता और बदलती सामाजिक संरचना ने युवाओं के तनाव को और बढ़ा दिया है। महामारी के बाद पढ़ाई, नौकरी और भविष्य को लेकर अनिश्चितता ने चिंता और डिप्रेशन के मामलों में इजाफा किया है।

जिम्मेदार राष्ट्र सूचकांक-2026 में सिंगापुर पहले स्थान पर काबिज है, वहीं भारत 16वें नंबर पर है। रिपोर्ट में यह आंका गया है कि कोई देश अपने लोगों और पूरी दुनिया के लिए कितना जिम्मेदार है। इस सूची में सिंगापुर को दुनिया का सबसे जिम्मेदार देश घोषित किया गया है। सिंगापुर ने शासन, समाज और पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर काम करके पहला स्थान हासिल किया है। इसी तरह साल 2026 के ग्लोबल सॉफ्ट पावर इंडेक्स में भारत 48.0 के स्कोर के साथ इस फेहरिस्त में 32वें स्थान पर है। यह पिछले साल के



मुकाबले दो स्थान नीचे और 1.8 अंक कम है। सॉफ्ट पावर किसी देश की उस क्षमता को कहते हैं, जिसमें वह सैन्य बल के बजाय अपनी संस्कृति और मूल्यों से दूसरे देशों को प्रभावित करता है।

विश्व रैंकिंग में भारत का स्थान और घरेलू आतंरिक चुनौतियों पर चर्चा और इनके समाधान के बजाए सबसे बड़ा लोकतांत्रिक मंच संसद तमाशा बनी हुई है। सांसद देश की वास्तविक समस्याओं पर चर्चा करने के बजाए गरिमा को तार-तार करने में लगे हुए हैं। संसद के मौजूदा सत्र में लोकसभा में भारी हंगामे के दौरान कुछ सांसदों ने स्पीकर के आसन की ओर कागज फेंके, जिसके बाद उन्हें सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर हुई, जिसे सदन ने मंजूर कर लिया। दरअसल, राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने पर विपक्षी दल भड़क गए थे और हंगामा शुरू कर दिया था। इस मामले में कुल आठ सांसदों पर कार्रवाई हुई और उन्हें निलंबित कर दिया गया।

लोकसभा में पीएम मोदी का अभिभाषण होना था, उनको धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देना था। इसके लिए पीएम मोदी लोकसभा में पहुंच भी चुके थे। लेकिन उनका अभिभाषण शुरू होने से पहले ही सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। भारत- यूएस ट्रेड डील पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सरकार का पक्ष रखना शुरू किया था, तो विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया था। पीयूष गोयल ने इस दौरान कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील पर कहा कि इसमें किसानों के हितों को सुरक्षित रक्षा गया है। इससे पहले राहुल गांधी आज फिर संसद में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की वो किताब लेकर पहुंचे। लोकसभा में लगातार हंगामा होता रहा।

यही वजह है देश के युवा और उद्यमियों का लगातार भारत से मोह भंग हो रहा है। पिछले साल 2024 में भारत के दो लाख से भी ज्यादा अमीर लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ दी। भारत छोड़कर विदेशों में बसने का चलन साल दर साल लगातार बढ़ रहा है। आंकड़े बताते हैं कि देश के लोगों को भारत की लाइफस्टाइल और यहां की आबो-हवा पसंद नहीं आ रही है, लेकिन उनको विदेशी धरती की लाइफस्टाइल ज्यादा लुभावनी और सुरक्षित लग रही है। साल 2024 में 2 लाख 6 हजार लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी। साल 2023 में 2 लाख 16 हजार 219 लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा और नौकरियों के सीमित अवसर, सामाजिक असमानता और राजनीतिक माहौल लोगों को देश छोड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। देश के बजाए निहित राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देने से समस्याओं का अंबार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले कि हालात बेकाबू हों देश के कर्णधार जिम्मेदारी का एहसास करें और समस्याओं के निदान में गंभीरता दिखाएं।

# ईरान पर हमले की आहट तेज, ट्रंप और नेतन्याहू की बैठक से बढ़ा युद्ध का खतरा

नई दिल्ली



ईरान पर हमले के लिए बस अब अंतिम बैठक में मुहर लगने ही वाली है, क्योंकि ईरान के दो बड़े दुश्मन ट्रंप और नेतन्याहू युद्ध की रणनीति बनाने के लिए एक साथ बैठ गये हैं। राजधानी वाशिंगटन में हो रही इस मुलाकात ने पश्चिम एशिया की सियासत को उबाल पर ला दिया है। एक ओर परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही खींचतान है, दूसरी ओर ईरान के भीतर दमन और खून खराबे के आरोप हैं, जिनसे हालात और भड़क उठे हैं। ऐसे समय में जब कूटनीति और टकराव के बीच की रेखा पतली होती जा रही है, यह बैठक आने वाले दिनों की दिशा तय कर सकती है। हम आपको यह भी बता दें कि ईरानी सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप लगे हैं कि वह सरकार विरोधी घायल प्रदर्शनकारियों को अस्पतालों के भीतर तक खोज कर मार रहे हैं। कई गवाहों के अनुसार अधिकारी अस्पतालों में घुस कर घायल लोगों की पहचान करते हैं और कुछ को सिर में नजदीक से गोली मार देते हैं। कहा गया कि कुछ लोग बिस्तर पर लेटे थे, उनके शरीर में दवा की नलियां और सांस लेने की नलियां लगी थीं, फिर भी उन्हें गोली मारी गयी। कुछ सूत्रों का दावा है कि ऐसे हत्याकांड लगभग हर दिन हो रहे हैं।

हिरासत में लिये गये लोगों के साथ यौन उत्पीड़न के भी आरोप हैं। बताया गया कि हालात इतने खराब हैं कि कुछ बंदी लड़कियों ने अपने घर वालों से गर्भ निरोधक गोलियां भेजने की गुहार लगायी। यह सब उस व्यापक दमन की पृष्ठभूमि में हो रहा है जो पहले आर्थिक तंगी और रियाल मुद्रा के गिरने से शुरु हुआ और बाद में देश भर में सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गया। कार्यकर्ता समूहों का कहना है कि अशांति में हजारों लोग मारे जा चुके हैं। एक मानव अधिकार समाचार संस्था के अनुसार कम से कम 6221 लोगों की जान गयी, जिनमें प्रदर्शनकारी, सुरक्षा बलों के सदस्य और आम नागरिक शामिल हैं, साथ ही 42000 से अधिक लोगों को पकड़ा गया। दूसरी ओर ईरानी अधिकारी कुल मौत का आंकड़ा 3117 बताते हैं और कई मृतकों को आतंकी करार देते हैं। स्वतंत्र जांच लगभग असंभव बतायी जा रही है क्योंकि देश में इंटरनेट पर कड़ी पाबंदी है।

चश्मदीदों ने पहले बताया था कि सुरक्षा बल पीछे से गोली चलाते हैं और अचानक जांच कर उन लोगों को पकड़ते हैं जिनके शरीर पर प्रदर्शन से जुड़ी चोट के निशान मिलते हैं। कई घायल लोग अस्पताल जाने से डरते हैं, क्योंकि उन्हें पकड़े जाने या पूछताछ का भय रहता है। अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार संगठनों ने भी आरोप लगाया है कि बलों ने सीधे सिर और धड़ पर धातु छर्रे दागे।

इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने तेहरान को चेतावनी दी है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या या सामूहिक फांसी से बाज आये। उन्होंने ईरान को वार्ता की मेज पर आने को कहा और चेताया कि अगला हमला पहले से कहीं अधिक कठोर हो सकता है। वहीं, क्षेत्रीय ताकतें जैसे सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र और कतर तनाव घटाने के लिए कूटनीतिक कोशिशों में लगे हैं। इन सबके बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू वाशिंगटन पहुंचे हैं। व्हाइट हाउस में ट्रंप से उनकी मुलाकात का मुख्य मुद्दा ईरान ही है। मुलाकात से पहले उन्होंने ट्रंप के करीबी सलाहकारों से भी चर्चा की। नेतन्याहू ट्रंप पर दबाव डालना चाहते हैं कि परमाणु वार्ता में कड़ा रुख अपनाया जाये। दरअसल इजराइल को शक है कि अमेरिका और ईरान की वार्ता सफल हो सकती है, इसलिए वह अपने हित सुरक्षित करने और किसी भी समझौते के बाद भी सैन्य कदम उठाने की छूट बचाये रखना चाहता है।

# आधिकारिक कार्यक्रमों में वंदे मातरम् को पूरा गाना अनिवार्य : गृह मंत्रालय

नयी दिल्ली (वार्ता)

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर इसके गायन के बारे में औपचारिक दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा है कि अब से इसे सभी आधिकारिक कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से पूरा गाना होगा। मंत्रालय ने 28 जनवरी को जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि यदि वंदे मातरम और राष्ट्रीय गान जन गण मन दोनों एक साथ प्रस्तुत किए जाने हों तो पहले राष्ट्रीय गीत गाया जाएगा।

ताजा निर्देशों में कहा गया है कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम के सभी छह अंतरे पूरे गाए जाने चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि यह प्रोटोकॉल सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत के पालन में एकरूपता लाने के उद्देश्य से बनाया गया है। गीत के आधिकारिक पूर्ण संस्करण की अवधि लगभग तीन मिनट दस सेकंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाये जाते थे। आदेश के तहत वंदे मातरम का आधिकारिक संस्करण प्रमुख राजकीय और औपचारिक समारोहों में बजाया जाएगा। इनमें नागरिक अलंकरण समारोह, औपचारिक राज्य समारोहों में राष्ट्रपति का आगमन और प्रस्थान, तथा राष्ट्रपति के राष्ट्र के नाम रेडियो और टेलीविजन प्रसारण से पहले और बाद के अवसर शामिल हैं। इसी प्रकार अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में राज्यपाल या उपराज्यपाल की उपस्थिति वाले औपचारिक समारोहों में तथा राष्ट्रीय ध्वज के परेड में लाए जाने के समय भी इसे समान सम्मान दिया जाएगा। केंद्र सरकार विशेष आदेश द्वारा अन्य अवसरों पर भी इसके वादन की अनुमति दे सकती है। प्रोटोकॉल में बैंड द्वारा राष्ट्रीय गीत के वादन की औपचारिक प्रक्रिया भी निर्धारित की गई है। गीत शुरू होने से पहले श्रोताओं को सतर्क करने के लिए नगाड़े की एक विशेष ताल बजाई जाएगी। नगाड़े की ताल निर्धारित ढंग से बजाकर गीत शुरू होने से पहले विराम दिया जाएगा। गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परेड के अतिरिक्त सांस्कृतिक या औपचारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय ध्वज फहराते समय इसे सामूहिक रूप से गाया जा सकता है, जिसके लिए कोरस और सार्वजनिक संबोधन प्रणाली जैसी व्यवस्थाएं की जा सकती हैं ताकि सहभागिता समन्वित हो। औपचारिक राज्य समारोहों को छोड़कर राष्ट्रपति की उपस्थिति वाले कुछ सार्वजनिक कार्यक्रमों तथा केंद्रीय या राज्य मंत्रियों की उपस्थिति वाले महत्वपूर्ण अवसरों पर भी सामूहिक गायन की अनुशंसा की गई है। सिनेमा घरों को राष्ट्रीय गीत के अनिवार्य गायन से छूट दी गयी है। विद्यालयों को दिन की शुरुआत में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, साथ ही छात्रों में राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना बढ़ाने पर भी बल दिया गया है। सामान्य निर्देशों के अनुसार, जब राष्ट्रीय गीत का आधिकारिक संस्करण गाया या बजाया जाए तो उपस्थित लोगों से सावधान की मुद्रा में खड़े रहने की अपेक्षा की जाती है, सिवाय उन स्थितियों के जब यह किसी समाचार, फिल्म या वृत्तचित्र का हिस्सा हो और खड़े होने से कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न हो। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रीय गान दोनों प्रस्तुत किए जाएं तो पहले वंदे मातरम प्रस्तुत किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं कंप्रोमाइज्ड : समाजवादी पार्टी

**विधानसभा में बजट पेश होने से पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों का प्रदर्शन**

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट पेश होने से पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सपा विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुखौटे लगाकर विरोध दर्ज कराया। पार्टी नेताओं का कहना था कि केंद्र सरकार की नीतियां बाहरी दबाव में तय की जा रही हैं, जिसका असर देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। सामाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कॉन्प्रोमाइज्ड हैं और कथित रूप से एपस्टीन फाइल के दबाव में ट्रेड डील की गई है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के समझौतों से भारत के किसानों को बड़ा नुकसान होगा। अतुल प्रधान ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ट्रंप के दबाव में काम कर रहे हैं। सपा विधायकों ने मांग की कि बजट में किसानों, युवाओं और आम जनता के हितों को प्राथमिकता दी जाए और किसी भी तरह की अंतरराष्ट्रीय डील से पहले देशहित को सर्वोपरि रखा जाए।

प्रदर्शन के दौरान कुछ देर के लिए विधानसभा परिसर में हलचल का माहौल रहा। सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही कड़ी होने के कारण स्थिति नियंत्रित रही।

# अल्लाह-हू-अकबर का नारा लगाया और बच्चों पर चाकू से किया हमला, हिरासत में 13 साल का आरोपी

नई दिल्ली

लंदन के उत्तर-पश्चिम इलाके में एक स्कूल के अंदर हुई खौफनाक वारदात ने पूरे ब्रिटेन को हिला कर रख दिया है। किंग्सबरी हाई स्कूल में मंगलवार दोपहर को एक 13 साल के लड़के ने दो अन्य छात्रों पर चाकू से हमला कर दिया। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी ने हमला करने से पहले अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाए थे। इसके बाद दोनों घायल बच्चे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाए गए। पुलिस ने संदिग्ध किशोर को कुछ घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया, लेकिन जांच अब काउंटर-टेररिज्म यूनिट के हाथ में है।

यह हमला दोपहर करीब 12:40 बजे हुआ। शुरुआत में पुलिस को एक 13 साल के लड़के के चाकू लगने की सूचना मिली, लेकिन मौके पर पहुंचकर पता चला कि 12 साल का एक और बच्चा भी घायल है। दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि हमलावर की उम्र करीब 13 साल है। वह घटनास्थल से भाग गया था। लेकिन तलाशी अभियान के बाद उसे कुछ घंटों में ही गिरफ्तार कर लिया गया। संदिग्ध को हत्या के प्रयास के आरोप में हिरासत में रखा गया है और उससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने हमले में इस्तेमाल होने वाला हथियार भी बरामद कर लिया है। डिटेक्टिव चीफ सुपरिंटेंडेंट ल्यूक विलियम्स ने मौके पर पत्रकारों से कहा कि कोई और संदिग्ध नहीं तलाशा जा रहा है और पुलिस अब किसी अन्य व्यक्ति की तलाश में नहीं है।

हालांकि पुलिस ने इस घटना को अभी तक आतंकी हमला घोषित नहीं किया है, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए जांच की कमान काउंटर-टेररिज्म पुलिस को सौंपी गई है। वे स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। डिटेक्टिव विलियम्स ने कहा कि मकसद को लेकर पुलिस सभी संभावनाओं पर खुला विचार रख रही है। स्कूल में छात्रों से लंबे समय तक पूछताछ जारी रही और शाम तक कई बच्चे अभी भी पुलिस के साथ बात कर रहे थे।

किंग्सबरी हाई स्कूल के हेडटीचर एलेक्स थॉमस ने अभिभावकों को पत्र लिखकर घटना को गहरा सदमा देने वाली बताया। स्कूल में लगभग 2,000 छात्र हैं, जो 11 से 18 साल के बीच के हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है, लेकिन बुधवार को स्कूल के कुछ हिस्से बंद रहेंगे। शिक्षा मंत्री ब्रिजेट फिलिपसन ने कहा कि वे इस घटना से दिल टूट गया है और उनका विभाग स्कूल तथा स्थानीय काउंसिल के साथ संपर्क में है ताकि हरसंभव मदद दी जा सके।

# कनाडा के कोलंबिया प्रांत में गोलीबारी, 10 की मौत 25 घायल

वैंकूवर, (वार्ता)

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज में एक उच्च विद्यालय और पास के एक घर में हुई गोलीबारी में संदिग्ध शूटर समेत 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि 25 अन्य लोग घायल हुए हैं।रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने मंगलवार को बताया कि अधिकारियों ने स्थानीय समय के अनुसार अपराह्न करीब 1:20 बजे टम्बलर रिज माध्यमिक विद्यालय में गोलीबारी की सूचना पर कार्रवाई की। विद्यालय में छह लोग मृत पाए गए, जबकि एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय में मृत्यु हुई। वहीं, दो और पीड़ित एक घर से मिले, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह इस घटना से जुड़ा है।आरसीएमपी ने कहा कि संदिग्ध शूटर भी मरा मृत पाया गया। शायद उसने खुद को गोली मार ली होगी। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि कोई और संदिग्ध फरार नहीं है। लगभग 25 लोग घायल हुए, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल ले जाया गया, जबकि दूसरों का इलाज स्थानीय स्तर पर किया गया। आरसीएमपी ने कहा कि सभी विद्यार्थी और कर्मचारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। गौरतलब है कि रॉकी माउंटेन्स की तलहटी में बसे टम्बलर रिज की आबादी लगभग 2,400 है। ब्रिटिश कोलंबिया के प्रधानमंत्री डेविड एबी ने इस घटना पर दुख जताया है।

# युवा मन बनाकर समाज, राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें : बागड़े

जयपुर, (वार्ता)

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा है कि युवा स्वयं के विकास के साथ राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। श्री बागड़े बुधवार को यहां राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्काउट गाइड संगठन के युवाओं को दृढ़ संकल्प शक्ति और मन बनाकर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं को अधिकारों की बजाय राष्ट्र और समाज और शिक्षा के प्रति कर्तव्य की भावना को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्काउट एवं गाइड संगठन युवाओं की सेवा संकल्प से जुड़ी संस्कृति से जुड़ा संगठन है।

राज्यपाल ने राजस्थान को योद्धाओं की भूमि बताते हुए कहा कि यहां का व्यक्ति शौर्य, वीरता और साहस से जुड़ा है। यहां निरंतर लड़ाइयाँ हुईं पर मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व अर्पण की भावना रही है। उन्होंने सेना में यहां के सर्वाधिक युवाओं के होने की चर्चा करते हुए स्काउट गाइड से जुड़े युवाओं को अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने आपात काल में स्काउट गाइड की रही भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। समारोह में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि वह स्वयं स्काउट संगठन में रहे हैं। यह अनुशासन से जुड़ा युवाओं को प्रेरणा देने वाला संगठन है। समारोह में विधायक दर्शन सिंह और श्री वीरेंद्र सिंह, श्री अखिल शुक्ला ने भी विचार रखें। स्काउट गाइड के मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने राजस्थान में संगठन की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना ताजमहल का दीदार करने के लिए पहुंचीं आगरा

आगरा (वार्ता)। थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना बुधवार को ताजमहल का दीदार करने के लिए आगरा पहुंचीं। सुबह करीब आठ बजे डेलिगेशन के साथ ताजमहल में पहुंचीं और ताजमहल में करीब डेढ़ घंटे तक रहीं। इस मौके पर उन्होंने फोटो शूट भी कराया। गाइड से ताजमहल के इतिहास के बारे में जानकारी ली। ताजमहल देखने के बाद आगरा किला भी गईं। भारी सुरक्षा के बीच आगरा का दौरा किया। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना के दौरा निजी था। राजकुमारी सिरिवन्नवारी नारीरत्ना एक दिन पहले विशेष विमान से आगरा पहुंच गईं थी और एक होटल में रात्रि विश्राम किया था। दोपहर के बाद विशेष वाहन से बैंकाक के लिए रवाना हो जाएंगीं।



# एपस्टीन की बिना एडिट वाली फाइलें देख सकेंगे अमेरिकी सांसद, जस्टिस डिपार्टमेंट ने उठाया कदम

नई दिल्ली

अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने सोमवार को कांग्रेस के सदस्यों के रिव्यू के लिए जेफरी एपस्टीन की बिना एडिट की हुई फाइलें खोल दीं। कई सांसदों ने चिंता जताई थी कि पब्लिक में जारी किए गए रिकॉर्ड से कुछ नाम हटा दिए गए हैं। इसके बाद डिपार्टमेंट ने यह कदम उठाया है।

नवंबर में कांग्रेस ने भारी बहुमत से एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट पास किया था, जिसके तहत जस्टिस डिपार्टमेंट को सेक्स अपराधी से जुड़े सभी दस्तावेज जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

एफबीआई के मुताबिक, एपस्टीन के शिकार लोगों की संख्या एक हजार से भी ज्यादा है। एजेंसी को लोगों के नाम और अन्य पर्सनल जानकारियां हटा दी गईं थी। इस पर एफबीआई का कहना था कि ऐसा उसने इसलिए किया क्योंकि सरकारी अधिकारी, हस्तियों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को शर्मिंदिगी, इज्जत को नुकसान या पॉलिटिकल सेंसिटिविटी को नुकसान पहुंचने का खतरा था।

कैलिफोर्निया से डेमोक्रेट रिप्रेजेंटेटिव रो खन्ना, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के उन सदस्यों में से हैं जो जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा जारी किए गए तीन मिलियन से ज्यादा डॉक्यूमेंट्स में कुछ बदलावों पर सवाल उठा रहे हैं।

खन्ना ने अपने फेसबुक पेज पर उदाहरण पोस्ट किए। उन्होंने कहा कि ईमेल भेजने वालों के नाम बताने की जरूरत है। जारी की गई फाइलों में 17 जनवरी, 2013 को एपस्टीन को भेजे गए ईमेल भेजने वाले का नाम छिपा दिया गया है। 11 मार्च 2014 को एपस्टीन को भेजे गए ईमेल भेजने वाले का नाम भी हटा दिया गया है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन


# अभिनेता रणवीर सिंह को मिली धमकी, करोड़ों रुपये की मांग



मशहूर अभिनेता रणवीर सिंह को अज्ञात व्यक्तियों की ओर से व्हाट्सएप के जरिए धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने उनके आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को कहा कि मुंबई अपराध शाखा और साइबर सेल वॉयस नोट के स्रोत की जांच कर रहे हैं और भेजने वाले की पहचान करने के लिए डिजिटल फुटप्रिंट की जांच कर रहे हैं। धमकी में कथित तौर पर करोड़ों रुपये रकम की मांग की गयी है तथा इसके लॉरेंश बिश्नोई गिरोह से जुड़े होने का संदेह है। यह मामला फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के आवास के बाहर इसी तरह की धमकी और गोलीबारी की घटना के बाद आया है जिसमें पांच गिरफ्तारियां हुई थीं। रणवीर सिंह और उनकी पत्नी दीपिका पादुकोण के मध्य मुंबई के प्रभादेवी स्थित हाउसिंग सोसाइटी वाले घर में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है और छह सशस्त्र गार्ड तैनात कर दिये गए हैं। सूत्रों ने बताया कि ब्यू मोंडे आवासीय टावर की प्रबंध समिति ने श्री सिंह के फ्लैट में सोसाइटी की अनुमति के बिना निजी सशस्त्र सुरक्षा गार्डों की तैनाती के संबंध में दादर पुलिस स्टेशन से संपर्क किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से, बॉलीवुड की करीब एक दर्जन हस्तियों को बिश्नोई गिरोह का सदस्य होने का दावा करने वाले व्यक्तियों से कथित तौर पर धमकी भरे फोन आए हैं। अब तक कोई शिकायत या प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है। बताया जा रहा है कि अधिकांश मशहूर हस्तियों ने अज्ञात नंबरों को ब्लॉक कर दिया है या अपरिचित कॉल का जवाब देना बंद कर दिया है। बिश्नोई गिरोह का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी, पिछले साल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और रोहित शेट्टी के घर पर हमले के बाद मुंबई के फिल्म जगत में डर का माहौल बना हुआ है।

# शाहिद कपूर ने फिल्म ओ रोमियो के निर्देशक विशाल भारद्वाज का आभार व्यक्त किया

बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर ने फिल्म ओ रोमियो के निर्देशक विशाल भारद्वाज का आभार व्यक्त किया है। शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर निर्देशक विशाल भारद्वाज के साथ एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों ही मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। शाहिद कपूर ने इस शानदार तस्वीर के साथ लिखा, एक अभिनेता के तौर पर मेरी तरफ से विशाल भारद्वाज के लिए ये है। ओ रोमियो के लिए धन्यवाद। मेरे लिए एक और किरदार, जो मेरी फिल्मोग्राफी में हमेशा के लिए दर्ज हो गया है। बहुत गर्व है, बहुत खुश हूं और बहुत आभारी हूं। ाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज पहले साथ में फिल्म कमीने (2009), हैदर (2014) और रंगून (2017) में काम कर चुके हैं। विशाल भारद्वाज निर्देशित फिल्म ओ रोमियो में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी लीड रोल में हैं। उनके साथ नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, फरीदा जलाल और अविनाश तिवारी जैसे कलाकार भी हैं।




फिल्म ओ रोमियो के निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। इस फिल्म को नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। यह फिल्म वेलेंटाइन डे पर 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# काजल राघवानी स्टारर फिल्म 'पिया का घर' की शूटिंग शुरू



भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री काजल राघवानी की नई फिल्म पिया का घर की शूटिंग उत्तर प्रदेश के जौनपुर में शुरू हो गई है। एसआरके म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले बन रही इस फिल्म की शूटिंग के पहले ही दिन सेट पर कलाकारों और तकनीकी टीम के बीच जबरदस्त ऊर्जा देखने को मिली। काजल राघवानी ने कहा कि पिया का घर एक खूबसूरत पारिवारिक और भावनात्मक कहानी पर आधारित फिल्म है, जिसमें रिश्तों की गहराई, प्यार और संस्कार को बहुत ही संवेदनशील तरीके से दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की कहानी दर्शकों को अपने परिवार और अपनों की अहमियत का एहसास कराएगी। काजल राघवानी ने कहा कि जौनपुर की खूबसूरत लोकेशन पर शूटिंग का अनुभव बेहद शानदार रहा और पूरी टीम के साथ काम करके उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह फिल्म दर्शकों को जरूर पसंद आएगी और उनके दिलों में खास जगह बनाएगी। फिल्म के निर्माता रौशन सिंह और सह-निर्माता शर्मिला आर. सिंह हैं, जबकि निर्देशन की कमान संजय श्रीवास्तव संभाल रहे हैं। सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी राज ठाकुर निभा रहे हैं। निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि पिया का घर दर्शकों को पारिवारिक मूल्यों और भावनात्मक जुड़ाव की एक खूबसूरत कहानी पेश करेगी। फिल्म के भव्य लोकेशन और मजबूत स्टारकास्ट को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि रिलीज के बाद यह भोजपुरी दर्शकों के बीच खासा लोकप्रिय होगी। फिल्म एक पारिवारिक और भावनात्मक कहानी पर आधारित है, जिसमें रिश्तों, प्रेम और संघर्ष की झलक देखने को मिलेगी।

# निखिल सिद्धार्थ स्टारर स्वयंभू का टीजर




अभिनेता निखिल सिद्धार्थ की आने वाली फिल्म स्वयंभू का टीजर हो गया है। फिल्म स्वयंभू में निखिल सिद्धार्थ लीड रोल में हैं। यह फिल्म एक बड़े ऐतिहासिक महाकाव्य की तरह बनाई गई है। इस फिल्म में साम्युक्ता और नभा नतेश भी अहम भूमिकाओं में हैं। उत्साह को और बढ़ाते हुए मेकर्स ने अब इसका बेहद इंतजार किया जाने वाला टीज़र जारी कर दिया है, जिसमें दर्शकों को स्वयंभू की दुनिया की एक दमदार झलक देखने को मिलती है। कहानी के केन्द्र में है सेंगोल, एक प्राचीन पवित्र राजदंड, जो सही नेतृत्व, न्याय और नैतिक ताकत का प्रतीक माना जाता है।कहानी सेंगोल के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे हासिल करने के लिए अलग-अलग राज्यों के बीच भयंकर युद्ध और हमले होते हैं।

यह फिल्म भारत कृष्णमाचारी द्वारा लिखी और निर्देशित की गई है। इसमें केजीएफ और सालार फेम रवि बसरूर का दमदार म्यूज़िक है, बाहुबली और आरआरआर के सिनेमैटोग्राफर केके सेंथिल कुमार की शानदार सिनेमैटोग्राफी है और बाहुबली फेम तम्मिराजू की एडिटिंग है, साथ ही कई और जाने-माने टैलेंट्स भी इस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। स्वयंभू को पिक्सेल स्टूडियोज़ के भुवन और श्रीकर ने प्रोड्यूस किया है।इस भव्य फिल्म को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, चीनी, स्पेनिश और अरबी सहित कई भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज़ किया जाएगा। स्वयंभू की रिलीज़ 2026 की गर्मियों में तय की गई है।

# अवैध शराब के विरुद्ध नरसिंहपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त

## मिठाई के खाली डिब्बों के नीचे बंकर बनाकर की जा रही थी अवैध शराब की तस्करी

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध आपरेशन ईगल चला किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की जा रही है।दिनांक 10.02.2026 की रात्रि को विस्वस्त मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की एक महाराष्ट्र पासिंग आयशार ट्रक से कुछ लोग भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी नरसिंहपुर श्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया गया। गठित की गयी एक टीम को नरसिंहपुर से लखनादौन की ओर जाने वाले मार्ग पर तैनात किया गया एवं एक टीम को राजमार्ग चौराहे की ओर जाने वाले रास्ते पर तैनात किया जाकर आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान थाना करेली पुलिस को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक आयशर ट्रक नरसिंहपुर की ओर से आता हुआ दिखाई दिया जिसे चेकिंग के लिए पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया किंतु पुलिस टीम को देख ट्रक चालक द्वारा तेजी से ट्रक लेकर भागने का प्रयास किया पुलिस टीम द्वारा ट्रक को भागता देख उसका पीछा किया गया एवं बैहर तिराहे, बरमान के पास को रोकने में सफलता प्राप्त हुई। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में मिठाई पैक करने के डब्बे भरे हुए थे। किंतु पुलिस टीम को देख ट्रक चालक में घबराहट को देखते हुए पुलिस को संदेह हुआ कि उक्त वाहन से कोई अवैध वस्तु परिवहन की जा रही है। इस पर पुलिस टीम द्वारा और बारीकी से चेकिंग की एवं नुकीली रॉड को डिब्बों के अंदर डाला गया तो कुछ भारी चीज होने की आबाज आयी जिसे खाली करने पर लगभग 3 फिट डिब्बों के नीचे बनाएं गए एक बंकर में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब भरी हुई मिली। ट्रक में अवैध शराब होने के संदेह पर ट्रक सहित वाहन चालकों को थाने लाया गया जिनसे पूछताछ पर उनके द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया आरोपियों द्वारा उक्त अवैध शराब को परिवहन नरसिंहपुर से सिलीगुडी ले जाना बताया एवं कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अवैध शराब एवं वाहन को जप्त किया जाकर उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उ

क्त प्रकरण में जपती उपरांत गहनता से जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी १सतीश नंदड निवासी उदेशीपुर, थाना गनोर, जिला सोनीपथ, हरियाणा,आरोपी 2*-मनोज यादव निवासी जफारपुर, साउथ बेस्ट दिल्ली से जप्त कर 286 पेटी अंग्रेजी शराब एवं एक आयसर ट्रक क्रमांक एमएच 04 के एफ 3613 मे कुल जप्त मशरूका कीमत लगभग 50 लाख रूपये वैधानिक कार्यवाही धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक, करेली निरीक्षक रत्नाकर हिग्वें, सउनि संतराम मरकाम, प्रधान आरक्षक कुलदीप सोमकुवर, आरक्षक राजेश बागरी, विपिन पटेल, सैनिक रियाज खान, रमेश सिसोदिया की सराहनीय भूमिका रही है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चौपाटी में लगाई गई दुकानों का किया निरीक्षण

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सारिका दुबे ने चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के साथ सुभाष पार्क नरसिंहपुर स्थित चौपाटी क्षेत्र में संचालित विभिन्न खाद्य दुकानों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न चाट भंडार, डोसा सेंटर, मोमोज की दुकानें एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों की दुकानों का परीक्षण किया गया।

पनीर, खोवा, दूध-दही, इमली की खटाई, लाल मिर्च पाउडर, फुलकी का पानी सहित लगभग 20 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनका मौके पर त्वरित प्राथमिक परीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने समस्त खाद्य विक्रेताओं को निर्देशित किया कि खाद्य सामग्री को ढंककर रखा जाए, स्वच्छता के मानकों का पालन किया जाए तथा गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों का ही विक्रय किया जाए। उन्होंने दुकानों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, स्वच्छ जल का उपयोग करने एवं खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## गौसेवा, स्वावलंबन और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण : दयोदय पशु सेवा समिति

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गाडरवारा स्थित दयोदय पशु सेवा समिति गौशाला का निरीक्षण कर वहां संचालित गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे बहुआयामी प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। समिति के अध्यक्ष श्री राजीव जैन ने अवगत कराया कि दयोदय पशु सेवा समिति विगत लगभग 20 वर्षों से निरंतर गौसेवा के क्षेत्र में कार्यरत है। वर्तमान में गौशाला में लगभग 300 गौवंश का संरक्षण एवं समुचित देखभाल की जा रही है। गौवंश के भरण- पोषण, चिकित्सा एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह को बताया गया कि गौशाला में गौकाष्ठ (गोबर से निर्मित लकड़ी) का निर्माण कर उससे पर्यावरण अनुकूल दीये एवं भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। साथ ही वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन भी किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से एक ओर जहां पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

**कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गौशाला का किया निरीक्षण, गौकाष्ठ उत्पादों व जैविक गतिविधियों की सराहना**

गौशाला परिसर की उपलब्ध भूमि का समुचित उपयोग करते हुए जैविक उद्यानिकी फसलों जैसे आम, आंवला तथा विभिन्न प्रकार की जैविक सब्जियों की खेती की जा रही है। इसके अतिरिक्त गौवंश के लिए पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने हेतु जैविक हरी घास का उत्पादन भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने समिति के कार्यों को गौसंवर्धन, जैविक कृषि और पर्यावरण संरक्षण के समन्वित मॉडल के रूप में उल्लेखनीय बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें समाज में सेवा, संवेदनशीलता एवं सतत विकास की भावना को सुदृढ़ करती हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गौशाला परिसर में जामुन का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ने किया राधावल्लभ वेयर हाउस उमरपानी व ओपन कैप जामुनपानी का निरीक्षण

### धान भंडारण, गुणवत्ता एवं नमी परीक्षण की गई जांच

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



अनुविभागीय राजस्व अधिकारी तेंदूखेड़ा सुश्री पूजा सोनी ने राधावल्लभ वेयरहाउस उमरपानी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउसिंग के शाखा प्रबंधक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि वेयरहाउस की भंडारण क्षमता 5 हजार 616 मीट्रिक टन है। वर्तमान में खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का कुल 80 हजार 216 बोरे स्टॉक वेयरहाउस में सुरक्षित रूप से संग्रहीत पाया गया। यह धान गाडरवारा तहसील अंतर्गत विभिन्न समितियों द्वारा उपार्जित किया गया है। धान का समुचित रखरखाव शाखा प्रबंधक वेयरहाउसिंग तेंदूखेड़ा की निगरानी में किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ओपन कैप जामुनपानी में भी धान के भंडारण का निरीक्षण किया गया, जहां वर्तमान में 12 हजार 432 मीट्रिक टन धान का भंडारण किया गया है। निरीक्षण के दौरान धान की गुणवत्ता, मात्रा, एसी नोट का सत्यापन किया गया। साथ ही मौके पर धान की नमी का परीक्षण भी कराया गया, जिसमें नमी 10 प्रतिशत पाई गई, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप है। कैप में भंडारित धान के उठाव के संबंध में शाखा प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि राइस मिलर्स के साथ अनुबंध की प्रक्रिया पूर्ण होने पर धान का उठाव प्रारंभ किया जाएगा। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ने भंडारित धान के सुरक्षित एवं रखरखाव के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को सतत निगरानी बनाए रखने के लिए कहा।

# जिला भाजपा कार्यालय में मनाई गई पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि

## पं. दीनदयाल को नमन कर प्रारंभ किया आजीवन सहयोग निधि संचय अभियान

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरूष पं.दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्य तिथि जिले भर में मनाई गई। जिसमें भाजपा जनों द्वारा अपनी पुष्पांजलि व शब्दांजलि श्रद्धेय उपाध्याय जी को समर्पित की गई। इसी क्रम में जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में भी पुण्य तिथि के अवसर पर मूर्तियों पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए तत्पश्चात आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, पूर्व जिलाध्यक्ष महंतप्रीतमपुरी गोस्वामी, वरिष्ठ समाज सेवा सुनील कोठारी जी सहित भाजपा नेता उपस्थित रहे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रामस्नेही पाठक ने कहा कि आज एकात्म मनाववाद व अन्त्योदय के प्रणेता महामानव श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि है जिन्होने पारिवारिक आर्थिक व राजनैतिक कष्टों को सहन करते हुए राष्ट्रवादी विचारधारा को बढाते हुए जनसंघ ही स्थापना की जो आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में स्थापित हुई। उनके ही परिश्रम का प्रतिफल है कि आज भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में स्थापित है। सामाजिक एवं राजनैतिक परिवेश में आर्थिक सुचिता एवं पारदर्शिता बेहद जरूरी है इस कारण हम आज दीनदयाल जी की पुण्य तिथि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आजीवन सहयोग निधि संचय अभियान की शुरूआत कर रहे है। इस अभियान में सभी कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर भाग ले और अपनी आजीवन समर्पण निधि निश्चित समय में पार्टी में जमा कराएं जिससे पार्टी के वर्ष भर में होने वाले कार्यक्रम क्रियान्वित हो सकें।पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी ने कहा कि दीनदयाल जी ने अन्त्योदय का जो मूल मंत्र हमें दिया था उसे हमारी सरकारें अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को बिना किसी भेद भाव के लाभान्वित कर उनके सपने को साकार कर रही है। दीनदयाल जी का यह मंत्र दरिद्र नारायण की सेवा ही हमारे एि ध्येय वाक्य है। भाजपा सबके साथ सबके विकास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है जिससे समाज के सभी लोगों की भागीदारी के साथ ही सभी का विकास सुनिश्चित हो रहा है तो वही दूसरी ओर कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल है, जो परिवार विशेष व वर्ग विशेष के विकास में लगी है। एक ओर कांग्रेस पार्टी सामंतवाद की एवं भाजपा सुचिता की राजनीति करती है। संगोष्ठी की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी के पश्चात् उपस्थित जनों की आजीवन सहयोग निधि की रसीद काटकर अभियान का प्रारंभ किया गया।

संगोष्ठी का संचालन मंडल महामंत्री मयंक जैन, व आभार रचना वर्मा ने किया इस अवसर पर पार्षद अजय प्रताप पटेल, सुषमा तिवारी, अर्चना राय, श्रीकांत श्रीवास्तव, शिशिर चरण दुबे, मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा, योगेन्द्र पटैल, रमाकांत चौबे, अभिषेक नेमा, विनोद जैन, मोती पटैल, गुड्डा यादव, विनोद मेहरा, शारदा साहू, मूलचंद यादव, संजय नामदेव, जितेन्द्र तिवारी, सरवरी सिद्धकी, स्वाति जयसवाल, रमाकांत खत्री, अमन चौरसिया, राकेश मेहरा, हरिओम महोबिया सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले के चयनित वृद्धाश्रमों में वरिष्ठजनों के लिए समग्र कल्याण शिविर का होगा आयोजन

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** संचालनालय आयुष विभाग मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशों के परिपालन में आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिले के चयनित वृद्धाश्रमों में वरिष्ठजनों के लिए समग्र कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के शारीरिक, मानसिक एवं समग्र स्वास्थ्य संवर्धन के लिए आयुष पद्धतियों के माध्यम से परामर्श, जांच एवं स्वास्थ्य जागरूकता प्रदान करना है। शिविर में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा आदि के विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी वरिष्ठजनों से अनुरोध है कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि यह शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। गोटेगांव तहसील के इशानी देवी चिकित्सालय के सामने वृद्धाश्रम झौंतेश्वर में 12 फरवरी को समग्र कल्याण शिविर, 19 फरवरी को आयुष विभाग के साथ नियमित योग और 26 फरवरी को गतिज और मानसिक कौशल में सुधार के लिए शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह करेली तहसील के बरमानकलां स्थित वृद्धाश्रम में 13 फरवरी को समग्र कल्याण शिविर, 20 फरवरी को आयुष विभाग के साथ नियमित योग और 27 फरवरी को गतिज व मानसिक कौशल में सुधार के लिए शिविर लगाए जाएंगे।

# सीईओ जिला पंचायत महेन्द्र सिंह नागेश ने किया ग्राम पंचायत रौंसरा, नकटुआ व मगरधा का निरीक्षण

## स्वच्छता कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने जिले की ग्राम पंचायत रौंसरा, नकटुआ एवं मगरधा का भ्रमण किया। उन्होंने यहां सिंगरी नदी के उत्तर एवं दक्षिण तट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तीनों बड़ी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए नियमित कचरा संग्रहण, कम्पोस्ट पिट निर्माण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने ग्राम पंचायत मगरधा स्थित शांतिधाम परिसर में निर्मित बाउंड्रीवाल का अवलोकन किया तथा घर-घर से निकलने वाले कचरे का नियमित संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए ग्राम स्तर पर ठोस कार्ययोजना के साथ सतत मॉनिटरिंग की जाए। सीईओ जिला पंचायत ने पंचायतों में कर वसूली की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि मिलों एवं उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल का विधिवत उपचार (ट्रीटमेंट) सुनिश्चित किया जाए, ताकि बिना उपचारित पानी सिंगरी नदी में न मिले। साथ ही सिंगरी नदी में अतिक्रमण रोकने के लिए सतत कार्रवाई करने एवं नदी तट पर पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बांस सहित अन्य उपयुक्त पौधों का रोपण किए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण एवं स्वच्छता सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए पंचायत स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए।



## राजस्व वसूली की समीक्षा

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** नरसिंहपुर व्रत के अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्वत, नरसिंहपुर संचा/ संधा संभाग के कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले ने डांगीढाना वितरण केन्द्र का ओचक निरीक्षण किया गया । जिसमें डांगीढाना वितरण केन्द्र के डूडवारा मुख्यालय में समाधान योजना अंतर्गत टॉप लेवल बकायादार 50 हजार रुपए के ऊपर बालों से संवाद स्थापित किया गया है और डांगीढाना वितरण केन्द्र में राजस्व वसूली कार्य समीक्षा की । जिसमें समाधान योजना अंतर्गत बकायादार उपभोक्ताओं से कितने प्रतिशत उपभोक्ताओं से राशि जमा करवाई है। समीक्षा की ओर पंप बिल डी एल बिल एन डी एल एफ आई के बकायदार की सूची अनुसार समीक्षा की। समीक्षा बैठक में टीसी कनेक्शन सीएम हेल्पलाइन 1912 पेंपेंडेंसी क्यू आर पेंडेंसी ओर विगत वर्ष की अपेक्षा 60 प्रतिशत अधिक राजस्व लाने हेतु निर्देशित किया गया ओर तल समय सीमा अंतर्गत वितरण केन्द्र में जले ट्रांसफॉर्मर समय सीमा में बदलने ओर अटल ज्योति लाइन 24 घंटे कृषि सिंचाई हेतु 10 घंटे पंप फीडर निर्बाध सुचारू रूप से देने के लिए निर्देशित किया गया।

# चावरा विद्यापीठ में इको क्लब का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



चावरा विद्यापीठ में इको क्लब के तत्वावधान में छत पर खेती (टैरेस फार्मिंग), रसोई सब्जी बागवानी (किचन वेजिटेबल गार्डन) एवं जैविक खेती विषय पर आयोजित गतिविधियों के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ मार्गदर्शक शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मॉरिस (उप संचालक, कृषि विभाग, नरसिंहपुर) रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को जैविक खेती के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि जैविक खेती स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है तथा पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने घरों में किचन गार्डन विकसित करने और छत पर खेती करने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्राचार्य फादर वर्गीस ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी जैविक खेती को अपनाकर समाज में इसका प्रचार-प्रसार करें, ताकि लोगों को शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिल सके। उन्होंने इको क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

समारोह के दौरान विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए तथा कार्यक्रम को सफल बनाने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# महाशिवरात्रि पर्व पर डमरूघाटी मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने ली बैठक

गाडरवारा।





श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देशगाडरवारा (स्वतंत्र मत)। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गाडरवारा स्थित डमरूघाटी शिवधाम परिसर एवं यहां लगने वाले मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली। बैठक में गाडरवारा नगर पालिका अध्यक्ष श्री शिवाकांत मिश्रा, एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावती व्यारे, डमरूघाटी समिति के पदाधिकारी व सदस्य तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित एसडीएम, एसडीओपी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं के आगमन-प्रस्थान, प्रकाश व्यवस्था, पूजन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, वाहन पार्किंग, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने यातायात एवं आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रमुख मार्गों पर डायवर्सन प्वाइंट चिन्हित कर प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक डॉ. मीणा ने भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डमरूघाटी समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि महाशिवरात्रि पर लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पूजन- अर्चन हेतु आने की संभावना है। इस पर कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि संभावित श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध रूप से की जाएं। दर्शन व्यवस्था को क्रमबद्ध रखा जाए, ताकि भीड़ नियंत्रण प्रभावी ढंग से किया जा सके। उन्होंने फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग की टीम, प्राथमिक उपचार केंद्र, एंबुलेंस एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक के उपरांत कलेक्टर श्रीमती सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. मीणा ने डमरूघाटी क्षेत्र का निरीक्षण किया। शक्कर नदी पुल के समीप रेत घाट पर लगने वाले मेले की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई।

# आजीवन सहयोग निधि अभियान का शुभारंभ

## भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाया

कटनी (स्वतंत्रमत)

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानवतावाद के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लेते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आजीवन सहयोग निधि समर्पण अभियान की भी शुरुआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकारें अंतिम छोर के व्यक्ति तक जनकल्याण पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकारें अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर कार्यरत हैं। साथ ही उन्होंने आजीवन सहयोग निधि में अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया। पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री अलका जैन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते



हुए कहा कि उनके विचारों और सिद्धांतों ने संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने समर्पण निधि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे संगठन सुदृढ़ीकरण का माध्यम बताया। पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को नई दिशा और दशा दी। उन्होंने राष्ट्रवाद और एकात्म मानवदर्शन के माध्यम से समाज को नया चिंतन दिया और कठिन परिस्थितियों में भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल ने कहा कि समर्पण का भाव हमें दीनदयाल के व्यक्तित्व से सीखने को मिलता है। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद ने उनके जीवन को देश और समाज के लिए पूर्ण समर्पण का उदाहरण बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष रामचन्द्र तिवारी ने कहा कि आज भी एकात्म मानवतावाद जीवन के विविध सरोकारों को समाहित करने वाला प्रासंगिक विचार है। भाजपा नेता नन्दू बसरानी ने पंडित से जुड़े अपने संस्मरण साझा करते हुए उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं आजीवन सहयोग निधि समर्पण अभियान के प्रभारी पीताम्बर टोपनानी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हें युगपुरुष बताया तथा समर्पण निधि अभियान की व्यवहारिक जानकारी देते हुए सभी से सहभागिता की अपील की। गोष्ठी के उपरांत भाजपा जनों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही जिले के समस्त मंडलों एवं बूथ स्तर पर भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सादर नमन एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। गोष्ठी कार्यक्रम के पश्चात समर्पण देने वाले कार्यकर्ताओं ने अपनी आजीवन सहयोग निधि भी सौंपी। कार्यक्रम में मंचासीन प्रमुख अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, वरिष्ठ नेता चमनलाल आनंद, रामचन्द्र तिवारी, नन्दू बसरानी, पूर्व मंत्री अलका जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव एवं जिला महामंत्री सुखदेव चौधरी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी ने किया।

# अब सिर्फ 4 किलोमीटर में तय होगा 25 किलोमीटर का सफर

### पौने छह करोड़ की लागत की बरही-हथियागढ़ सड़क का विधायक प्रणय पांडेय ने किया भूमिपूजन




कटनी (स्वतंत्रमत)।

आदिवासी वन अंचल के ग्रामीणों के लिए नई सड़क निर्माण शुरू होने से लोगों के लिए बड़ी राहत और खुशखबरी सामने आई है। मंगलवार को बरही से हथियागढ़ सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक प्रणय पांडेय द्वारा किया गया। यह सड़क लगभग 5 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से निर्मित की जाएगी। सड़क के बन जाने से बरही से हथियागढ़ के बीच की दूरी, जो अभी लगभग 25 किलोमीटर है, घटकर महज 4 किलोमीटर रह जाएगी। इससे रामपाटन, रामनगर, बरही मनगवा सहित आसपास के कई ग्रामों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही बाकल क्षेत्र को भी इस सड़क का सीधा लाभ मिलेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब विकास की रोशनी अंतिम छोर के गांव तक पहुंचे। सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं ही ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर जनपद सदस्य अनुज सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत सरपंच रुक्मिणी गोविंद, मंडल अध्यक्ष लोकेश व्योहार, राजेश चौधरी, नारायण सिंह, प्रवीण यादव, राजू पटेल, राकेश गर्ग, वीरेंद्र गुप्ता, इंद्र कुमार पटेल, पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, लोकनाथ द्विवेदी, मनोज बर्मन, हुकम सिंह ठाकुर, जुगराज सिंह ठाकुर, मिलन सिंह ठाकुर, पूरन सिंह, भैयालाल, झाम सिंह ठाकुर, डीलन सिंह ठाकुर, विनोद सिंह, उमराव सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ रविंद्र बत्रा, सचिव मदन पटेल, धूप सिंह पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## श्री 1008 संत शिरोमणि सतगुरु बाबा थॉवर दास साहिब जी की 155 वी वर्सी महोत्सव साहिब

कटनी (स्वतंत्रमत)

पूज्य श्री मेहड़ दरबार साहिब शान्तिनगर कटनी मे धूमधाम भक्ति भाव से मनाई जाएगी। आप सभी प्यारी साध संगत जी सतगुरू जी की पावन वर्सी साहिब के समस्त कार्यक्रम में सपरिवार पधार कर गुरू बाबा की कृपा प्राप्त कर जीवन सफल बनाऐ। कार्यक्रम 2 फरवरी सुबह 9 बजे श्री सत्यनारायण स्वामी की व्रत कथा से वर्सी महोत्सव का शुभारंभ 2 फरवरी से 10 फरवरी सुबह 7 से रात्रि 9 बजे तक अपनी इच्छानुसार समय पर श्री सुखमनी पाठ सप्ताह गुरूदेवो के नाम सुखमनी साहिब जरूर दरबार साहिब में करें ।

# नियमों के उल्लंघन पर आटो चालकों पर होगी कार्रवाई

## आपका सारथी कौन : पुलिस से कर सकेंगे शिकायत

कटनी (स्वतंत्रमत)




जिला कटनी में यात्री सुरक्षा, अनुशासन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कटनी पुलिस द्वारा आपका सारथी कौन नवाचार के अंतर्गत ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कटनी पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि कोई भी चालक यदि शराब के नशे में वाहन चलाते पाया जाता है, या लापरवाही पूर्वक या तेज गति से वाहन चलाता है, एवं निर्धारित से अधिक किराया मांगता है, अथवा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस पहल के अंतर्गत सभी ऑटो/ई-रिक्शा चालकों को खाकी यूनिफॉर्म धारण करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही प्रत्येक चालक को बैच के रूप में एक विशिष्ट (यूनिक) पहचान संख्या प्रदान की गई है, जिससे यात्रियों को चालक की पहचान करने में सुविधा होगी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। कटनी पुलिस द्वारा आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि यदि किसी चालक द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को प्रदान करें, जिससे त्वरित कार्यवाही की जा सके। कटनी पुलिस यात्री सुरक्षा एवं जन-सुविधा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# जनसुनवाई में दिव्यांग दीपक तक स्वयं पहुंचीं महापौर, संवेदनशीलता के साथ सुनी पीड़ा

## पात्रता अनुसार शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के दिए निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)

नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक मानवीय दृश्य तब देखने को मिला, जब राम निवास सिंह वार्ड निवासी दिव्यांग नागरिक दीपक रैकवार अपनी समस्या लेकर महापौर से मिलने पहुंचे। दीपक की दिव्यांगता को देखकर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उन्हें अपने पास बुलाने के बजाय स्वयं उनके पास पहुंचकर गंभीरता के साथ उनकी पीड़ा सुनी। दीपक नें बताया कि गल्ला पर्ची जारी नहीं हो पाने के कारण उनके परिवार वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। महापौर ने दीपक की परिस्थितियों को गंभीरता से समझते हुए योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय को समक्ष में बुलाकर दीपक की गल्ला पर्ची जारी होने में आ रही दिक्कतों का समाधान करानें के निर्देश दिए। जिस पर योजना प्रभारी पांडेय द्वारा तत्काल ही दीपक से आवश्यक दस्तावेज लेकर गल्ला पर्ची जारी किये जाने हेतु पोर्टल पर अपलोड कराने की कार्यवाही की



गई। पांडेय ने बताया कि शासन से गल्ला पर्ची जारी होते ही शीघ्र ही दीपक को राशन मिलना प्राप्त हो जायेगा। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने दीपक की दिव्यांगता को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु भी योजना प्रभारी को निर्देशित किया गया, ताकि उनका जीवन अधिक सहज और सम्मानजनक बन सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए शासन की योजनाएं तभी सार्थक है, जब उसका लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। महापौर ने यह भी कहा कि नगर निगम प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के निराकरण प्रति संवेदनशील है और जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आमजन के दुःख-दर्द को समझने और समाधान का सशक्त माध्यम है।

# आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

कटनी (स्वतंत्रमत)

12 फरवरी को प्रातः 08:00 बजे से 18:00 बजे तक 132 के.व्ही उपकेंद्र कटनी के 33 के.व्ही मेन बस के सुदृढीकरण एवं कंडक्टर प्रतिस्थापन कार्य हेतु शट डाउन लिया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से जुडे समस्त उच्चदाब एवं निम्न दाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

33 के.व्ही एनकेजे फीडर-प्रभावित क्षेत्र - 11 के.व्ही खिरहनी फीडर क्षेत्र-सांईपुरम कालोनी, दुबे कालोनी, दुर्गा चौक, प्रेमनगर, छोटी खिरहनी, राहुल बाग, निमिया मोहल्ला, 11 के.व्ही गायत्री नगर फीडर क्षेत्र-गायत्री नगर, नीरज टाकीज, रबर फेक्टरी, शास्त्री कालोनी, 11 के.व्ही एनकेजे फीडर क्षेत्र-एनकेजे मार्केट, जैन कालोनी, एस.के.पी कालोनी, आई.टी.आई, 11 के.व्ही मंगल नगर फीडर क्षेत्र-मंगल नगर, बिलगवा, लखेरा, मूंगा बाई कालोनी, 11 के.व्ही बडवारा, रोषन नगर क्षेत्र से जुडे सभी उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 33 के.व्ही बिलहरी फीडर- प्रभावित क्षेत्र 11 के.व्ही बिलहरी, रैपुरा घरेलू, घुघरा घरेलू एवं कृषि, 33 के.व्ही बिलहरी फीडर के उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

33 के.व्ही पहरूआ फीडर प्रभावित क्षेत्र- 33/11 के.व्ही उपकेंद्र गणेष चौक से निर्गमित 11 के.व्ही सिटी-8, सिटी-9, सिटी-10, सिटी-11 फीडर से जुडे उच्चदाब उपभोक्ता, शासकीय हास्पीटल, रेलवे, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेषन, बरही रोड, विधायक बंगला, हीरागंज, गुरूनानक वार्ड, सुभाष चौक, झंडा बाजार, गोल बाजार, गर्ग चौराहा, घंटाघर, गांधीद्वार, सब्जी मंडी, विश्वकर्मा पार्क, गणेष चौक, गजानन काम्पलेक्स, ढोर हस्पताल, एवं फीडर से जुडे समस्त उपभोक्ता। 33 के.व्ही मानसरोवर फीडर प्रभावित क्षेत्र- 33/11 के.व्ही समदडिया उपकेंद्र से निर्गमित 11 के.व्ही समदडिया-1, 2, 33/11 के.व्ही उपकेंद्र मित्तल से निर्गमित 11 के.व्ही मित्तल-1, 2 से जुडे समस्त उपभोक्ता। 33 के.व्ही बर्न एंड कंपनी फीडर प्रभावित क्षेत्र- 33/11 के.व्ही निवार, भनपुरा, भरौली उपकेंद्र से निकले समस्त निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 33 के.व्ही स्लीमनाबाद फीडर प्रभावित क्षेत्र 33/11 के.व्ही बडवारा, विलायतकला, देवरीहटाई, भुडसा उपमेंद्रों से जुडे समस्त निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 33 के.व्ही बडवारा फीडर- 33/11 के.व्ही उपकेंद्र बडवारा, विलायत कला उपकेंद्र से निकले समस्त 11 के.व्ही फीडर से विद्युत प्रदाय वाले समस्त निम्न दाब एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपरोक्तानुसार 33 के.व्ही एवं 11 के.व्ही फीडरों के अंतर्गत विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि.
विद्युद् ब्रह्मोति

# नो पार्किंग जोन में खड़े 40 वाहनों पर चालानी कार्रवाई, 20,000 समन शुल्क वसूले

कटनी (स्वतंत्रमत)

यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने एवं आम नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के नो पार्किंग जोन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नो पार्किंग जोन में अवैध रूप से खड़े कुल 40 वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में कुल 20,000/- समन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के कारण यातायात बाधित हो रहा था, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पुलिस द्वारा वाहन चालकों



को नियमों का पालन करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने की समझाइश भी दी गई। थाना कोतवाली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नागरिकों से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नो पार्किंग क्षेत्रों में वाहन खड़ा न करें तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें।

# अवैध शराब कारोबार पर करारा प्रहार

## ऑपरेशन शिकंजा के तहत कटनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### गभग 1 लाख मूल्य की 184 लीटर अवैध देशी, विदेशी एवं कच्ची शराब जब्त

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में संचालित विशेष अभियान ऑपरेशन शिकंजा के अंतर्गत 10 फरवरी को कटनी पुलिस द्वारा जिलेभर में एक साथ व्यापक एवं सघन कार्रवाई की गई। इस विशेष अभियान के दौरान जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में गठित पुलिस टीमों ने अवैध देशी एवं विदेशी शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध ताबड़तोड़ दबिश दी। कार्रवाई के दौरान विभिन्न संदिग्ध ठिकानों से



भारी मात्रा में अवैध शराब, कच्ची मदिरा तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण एवं सामग्री नष्ट की गई। अभियान की प्रमुख उपलब्धियाँ:- कुल दर्ज प्रकरण- 67, गिरफ्तार आरोपी- 67, जब्त अवैध देशी/विदेशी शराब- 117 लीटर, कच्ची शराब- 67 लीटर, जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य- 98,020/- सभी मामलों में आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई करते करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। कटनी पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि उन्हें कहीं भी अवैध शराब अथवा अन्य नशीले पदार्थों के निर्माण, बिक्री या परिवहन की जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

# व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में खेल की अहम भूमिका

## निवार ने पौनिया को हराकर जीता बिचुआ क्रिकेट कप

कटनी (स्वतंत्रमत)

कटनी जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर, प्राकृतिक हरियाली एवं धार्मिक आस्था के केंद्र भगवान वीरभद्र धाम से सुशोभित ग्राम बिचुआ में प्रतिवर्ष की भाँति आयोजित होने वाला क्षेत्र का विशाल एवं भव्य बिचुआ क्रिकेट टूर्नामेंट इस वर्ष भी खेल प्रेमियों के लिए यादगार बन गया। फाइनल मुकाबले में निवार टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पौनिया टीम को पराजित कर बिचुआ क्रिकेट कप पर कब्जा जमाया। इस रोमांचक फाइनल मैच को देखने के लिए हजारों दर्शक, खेल प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे और विराट आयोजन के साक्षी बने। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि धीरेंद्र बहादुर सिंह विधायक, बड़वारा रहे। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य अखिल पांडेय एवं युवा नेता यश पाठक की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक आकर्षक एवं प्रेरणादायी बना दिया। आयोजन समिति द्वारा निर्धारित पुरस्कार स्वरूप विजेता टीम को 51,000 एवं उपविजेता टीम को 25,000 साथ ही



कप एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अपने संबोधन में विधायक बड़वारा ने कहा कि खेल आपसी एकता, अनुशासन, भाईचारे एवं सतत प्रयास की भावना को मजबूत करता है। खेल हमें संघर्ष करना और आगे बढ़ना सिखाता है। युवा नेता यश पाठक ने उपस्थित हजारों दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि श्खेल जीवन का अभिन्न अंग है। इससे न केवल शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है, बल्कि राष्ट्रीय भावना भी सुदृढ़ होती है। व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण में खेल की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने मनोरम प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस भव्य टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। जिला पंचायत सदस्य अखिल पांडेय ने कहा कि प्रतिभाएँ प्रतियोगिताओं से ही निकलती हैं। खेल हमें आगे बढ़ने, प्रतिस्पर्धा करने और सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा देता है। अब ग्रामीण अंचलों में भी सुविधायुक्त एवं बड़े स्तर के आयोजन होने से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिल रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक विशिष्ट जन, गणमान्य नागरिक, युवा साथी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। फाइनल मैच में मंडल अध्यक्ष नितिन पांडेय, बिचुआ, भनपुरा-2, पौनिया, शाहपुर, टेढ़ी के सम्मानित सरपंचगण, प्रशांत कोका शुक्ला, राकेश यादव, कर्मचारी कल्याण कोष जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय, रमेश पांडेय, अशोक मिश्रा, रामनारायण तिवारी, जगदीश हल्दकार, अबध बिहारी मिश्रा, सहित ग्राम के वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम के ही रमाशंकर राजू तिवारी द्वारा किया गया। इस विशाल, भव्य एवं सफल क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन हेतु आयोजन समिति के संयोजक एवं उच्च स्तरीय सुरक्षा संस्थान डीआईएस ग्रुप के संचालक दीपेंद्र दीपू मिश्रा तथा समिति सदस्य बबलू पटेल, शम्भु दत्त तिवारी, दुर्गेश सरवारी, प्रदीप तिवारी, रविकांत प्यासी, रेणु गुप्ता सहित समस्त सदस्यों ने अतिथियों, दर्शकों, खेल प्रेमियों, युवाओं एवं सभी प्रतिभागी टीमों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# नामीबिया के खिलाफ उम्मीद और जिम्मेदारी के साथ उतरेगा भारत

नयी दिल्ली (वार्ता)।

भारत गुरूवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में नामीबिया के खिलाफ ग्रुप ए के मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन होने के नाते उम्मीद और जिम्मेदारी दोनों लेकर उतरेगा। अमेरिका के खिलाफ उनके शुरुआती मैच ने सभी को याद दिलाया कि टी20 क्रिकेट, भारत जैसी टैलेंटेड टीम के लिए भी, मुश्किल हो सकता है। एक समय, भारत 77 रन पर 6 विकेट खो रहा था, ऐसी पिच पर जिसमें टेक्निक, टेम्परामेंट और टैक्टिकल अवेयरनेस की जरूरत थी। यह एक ऐसी हार हो सकती थी जिससे टीम का कॉन्फिडेंस डगमगा जाता, लेकिन ऐसे पलों में वर्ल्ड-क्लास खिलाड़ी मौके का फायदा उठाते हैं। वह खिलाड़ी, एक बार फिर, सूर्यकुमार यादव थे। 48 गेंदों पर उनकी नाबाद 84 रन की पारी टाइमिंग, कॉन्फिडेंस और कंट्रोल्ड एग्रेशन का मास्टरक्लास था। सूर्यकुमार का हर शॉट सोचा-समझा लेकिन हिम्मत वाला था, हर बाउंड्री याद दिलाती है कि वह दुनिया के सबसे खतरनाक टी20 बल्लेबाजों में से एक क्यों बन गए हैं। उन्होंने न सिर्फ़ भारत को मुश्किल से बचाया, बल्कि मोमेंटम को पूरी तरह से मेजबान टीम के पक्ष में कर दिया, जिससे पता चला कि जब सबसे ज़्यादा जरूरत होती है तो वे ज़िम्मेदारी लेने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं।



बॉलिंग ने भी भारत की गहराई और खुद को ढालने की काबिलियत दिखाई। चोटिल हर्षित राणा की जगह देर से आए मोहम्मद सिराज ने शुरू में ही विरोधी टीम पर दबाव डाला, जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने बीच के ओवरों में दबाव बनाकर रन बनाने के मौके कम किए। यह दबाव में मिलकर किया गया प्रदर्शन था, और इस लेवल का प्रदर्शन भारत के लिए एक ब्लूप्रिंट देता है क्योंकि वे नामीबिया का सामना कर रहे हैं, जो इस लेवल पर खुद को साबित करने के लिए बेताब टीम है। नामीबिया इस मुकाबले में अपने सामने मौजूद चुनौती को जानते हुए उतरेगा। नीदरलैंड्स से उनकी शुरुआती हार ने उम्मीद और सुधार की ज़रूरत वाले एरिया, दोनों को दिखाया। टॉप-ऑर्डर के बैट्समैन निकोल लॉफ्टी-ईटन और जान फ्राइलिंक ने संयम और स्किल दिखाई, लेकिन मिडिल ऑर्डर तेज़ी से रन बनाने के लिए संघर्ष करता रहा, और जरूरी मौकों पर विकेट गिरे।

भारत के खिलाफ, नामीबिया को शुरू से ही अग्रेसिव होना होगा, समझदारी से स्ट्राइक रोटेट करनी होगी, और ऐसी पार्टनरशिप बनानी होगी जिससे वे एक मुश्किल टोटल बना सकें या उसका पीछा कर सकें। उनके बॉलर्स को इंडिया की गहराई और क्वालिटी के सामने कड़ी परीक्षा देनी होगी, और उनके फील्डर्स को आसान रन और छूटे हुए मौकों को रोकने के लिए अलर्ट रहना होगा। अगर नामीबिया डिफेंडिंग चैंपियन को मुश्किल में डालना चाहता है तो डिसिप्लिन और फोकस बहुत जरूरी होगा।

दिल्ली की पिच से पेसर्स को शुरुआत में मदद मिलेगी लेकिन लाइट्स में स्ट्रोक्स के लिए आसानी होने की उम्मीद है। टॉस एक फैक्टर हो सकता है, लेकिन असली टेस्ट एग्जीक्यूशन में होगा - इंडिया अपने एक्सपीरियंस और कंपोजर से, और नामीबिया अपने एम्बिशन और भूख से। सभी की निगाहें एक बार फिर सूर्यकुमार पर होंगी, जिनकी अकेले दम पर गेम बदलने की काबिलियत बेजोड़ है, लेकिन नामीबिया के खास परफॉर्मर्स को भी अपनी छाप छोड़ने के मौके मिलेंगे।

कल एक्सपीरियंस बनाम एम्बिशन, स्किल बनाम भूख, और स्ट्रैटेजी बनाम इंस्टिंक्ट का एक दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। भारत अपनी बादशाहत दिखाने की कोशिश करेगा, लेकिन नामीबिया उनकी लय को चुनौती देना, उनकी हिम्मत परखना और यह साबित करना चाहेगा कि वे टी20 क्रिकेट के टॉप लेवल पर हैं। टी20 में कुछ भी हो सकता है, लेकिन अगर भारत ने अपना पूरा दम दिखाया, तो डिफेंडिंग चैंपियन टीम सुपर आठ की ओर कॉन्फिडेंस और स्टाइल के साथ आगे बढ़ सकती है।

# दफ्रीका की दूसरे सुपर ओवर में अफगानिस्तान पर रोमांचक जीत

अहमदाबाद (वार्ता)।



रहमानुल्लाह गुरबाज की बीच में बल्ले से कई धमाकेदार पारी बेकार गई, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को अहमदाबाद में दूसरे सुपर ओवर में जीत हासिल करके टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक जीत लिया। यह मुकाबला, जिसमें पेंडुलम कई बार किसी भी दिशा में घूमा, जिसके खत्म होने का कई बार वादा किया गया था, आखिरकार दूसरे सुपर ओवर की आखिरी गेंद पर तय हुआ। मैच आखिरी ओवर की पहली गेंद पर ही खत्म हो सकता था, जब कगिसो रबाडा ने नूर अहमद को कवर पर कैच कराया। लेकिन पेसर ने ओवरस्टेप कर दिया था। यह अफगानिस्तान के लिए राहत की बात थी, जो आखिरी ओवर में सिर्फ एक विकेट के साथ 13 रन का पीछा कर रहा था। यह पहले सुपर ओवर की आखिरी बॉल पर भी खत्म हो सकता था, लेकिन साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 7 रन चाहिए थे और 18 रन का पीछा कर रहे थे, ट्रिस्टन स्टब्स - जिन्होंने तब तक कोई बॉल नहीं खेली थी - ने फजलहक फारूकी की बॉल पर सीधा छक्का जड़ दिया। एक बार फिर, दूसरे सुपर ओवर में चार बॉल बाकी रहते हुए, मैच का फैसला हो गया लग रहा था। जीत के लिए 24 रन का पीछा करते हुए, अफगानिस्तान पहली दो बॉल पर रन नहीं बना सका - और मोहम्मद नबी का विकेट भी गंवा दिया। साउथ अफ्रीका को बस एक डॉट बॉल की जरूरत थी। लेकिन यह खत्म नहीं हुआ। गुरबाज़, जिन्होंने पहले 42 बॉल में 84 रन बनाए थे और अफगानिस्तान के लिए लक्ष्य का पीछा करने की शुरुआत की थी, ने तीन बॉल पर तीन छक्के मारे और आखिरी बॉल पर 6 रन की जरूरत को कम करके मैच अपने नाम कर लिया। महाराज, गुरबाज़ के हिटिंग आर्क से दूर जाने की कोशिश में, वाइड बॉल फेंक बैठे, जिससे एक और चांस बन गया कि मुकाबला इतना बराबरी का होगा कि आखिर में टाई हो जाएगा, और यह तीसरे सुपर ओवर में जाएगा। महाराज ने आखिरी गेंद गुरबाज़ के आर्क से दूर भेजी, जिसने उसे पॉइंट पर डेविड मिलर के हाथों में मार दिया।

### पहला सुपर ओवर - टाई

**अफगानिस्तान** - 6 बॉल में 17/0
**दक्षिण अफ्रीका** - 6 बॉल में 17/1
**दूसरा सुपर ओवर** - दक्षिण अफ्रीका 4 रन से जीता
**दक्षिण अफ्रीका** - 6 बॉल में 23/0
**अफगानिस्तान** - 6 बॉल में 19/2

## अभिषेक को मिली अस्पताल से छुट्टी
### खेलने पर आज होगा फैसला

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** गुरुवार को दिल्ली में नामीबिया के ख़िलाफ भारत के दूसरे ग्रुप मुक़ाबले में अभिषेक शर्मा के खेलने पर भारतीय टीम प्रबंधन मैच से पहले फ़ैसला लेगा। भारतीय बल्लेबाज़ तिलक वर्मा ने मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ़्रेंस में बताया कि अभिषेक को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। तिलक ने कहा, अभिषेक को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उनके पेट में समस्या थी इसलिए वह अस्पताल में भर्ती थे। हम आज उनकी स्थिति देखने के बाद यह फ़ैसला कल लेंगे कि वह खेलेंगे



या नहीं। हमारे पास निर्णय लेने के लिए अभी एक दिन और है। अभिषेक को पेट में संक्रमण के चलते दिल्ली के निजी असपताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को भारत के सहायक कोच रायन टेन डेशकाटे ने कहा था, अभि (अभिषेक) के पेट में अभी भी कुछ समस्या है, लेकिन हमें उम्मीद है कि वह ठीक होकर इस मैच के लिए तैयार रहेंगे। अभिषेक शर्मा टी20 विश्व कप के अपने पहले मुक़ाबले में खाता नहीं खोल पाए थे और पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे। इसके बाद अभिषेक फ़ील्डिंग करने नहीं आए थे। भारतीय तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह भी अस्वस्थ होने के चलते अमेरिका के ख़िलाफ़ मुक़ाबला नहीं खेल पाए थे। हालांकि बुमराह ने मंगलवार को अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया और उन्होंने भरपूर गेंदबाज़ी भी की। वहीं वॉशिंगटन सुंदर भी भारतीय दल के साथ जुड़ गए हैं। अभिषेक अगर नामीबिया के ख़िलाफ़ मुक़ाबला नहीं खेलते हैं तो उनकी जगह पर संजू सैमसन, इशान किशन के साथ पारी की शुरुआत करते नजर आ सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को 67 रन से पीटा

कोलंबो (वार्ता)।



ऑस्ट्रेलिया ने जीत के साथ टी20 विश्व कप 2026 का आगाज किया है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने आयरलैंड को 67 रनों से हराया। आयरलैंड के यह लगातार दूसरी हार है और टीम के लिए अगले राउंड में पहुंचना काफी मुश्किल हो गया है। पहले खेलते ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट पर 182 रन बनाए। आयरलैंड की पारी 17वें ओवर में 115 रनों पर सिमट गई।

### तेज शुरुआत के बाद मुश्किल में थी ऑस्ट्रेलिया

टॉस जीतने के बाद पहले खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। मिचेल मार्श की जगह कप्तान कर रहे ट्रेविस हेड दूसरे ओवर में रन आउट हो गए। उन्होंने 6 रन बनाए। इसके बाद जोश इंगलिस और कैमरून ग्रीन ने तेज बैटिंग की। सिर्फ 23 गेंद पर दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 49 रन जोड़े। हालांकि 7वें ओवर तक दोनों की पारी का अंत हो गया। 17 गेंद पर इंग्लिस ने 37 जबकि 11 गेंद पर ग्रीन ने 21 रन बनाए। ग्लेन मैक्सवेल भी सिर्फ 9 रन बना सके।

### मार्कस स्टोइनिस ने संभाली टीम की पारी

88 रन पर चार विकेट गिरने के बाद मार्कस स्टोइनिस क्रीज पर उतरे। मैट रेनशॉ के साथ मिलकर उन्होंने पारी संभाली। हालांकि शुरुआत में दोनों खुलकर नहीं खेल पा रहे थे। 44 गेंद पर उनके बीच 61 रनों की साझेदारी हुई। रेनशॉ ने 33 गेंद पर 37 रन बनाए। डेथ ओवर में स्टोइनिस ने अच्छी बैटिंग की और आउट होने से पहले 29 गेंद पर 45 रनों का योगदान दिया। अंत में कूपर कोनली और जेवियर बार्टलेट ने 13 गेंद पर नाबाद 23 रन जोड़कर टीम को 180 के पार पहुंचा दिया। आयरलैंड ने आखिरी पांच ओवर में 53 रन दिए। मार्कर एडैर ने दो विकेट मिले।


### आयरलैंड की बैटिंग चली ही नहीं

आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग एक गेंद खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए और फिर बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। आयरलैंड के लिए जॉर्ज डॉकरेल ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। आयरलैंड की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए थे। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड चोट के कारण बाहर हैं। ऐसे में एलिस ने मुख्य तेज गेंदबाज के तौर पर जिम्मेदारी बखूबी निभाई। एलिस ने इस तरह तीन ओवर के शुरूआती स्पैल में नौ रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने रोस एडेयर (12), कर्टिस कैम्फर (04), बेन कालिट्ज (02) को आउट किया।

इसके बाद एडम जम्पा ने गेरेथ डेलानी (11), लोरकान टकर (24), डॉकरेल और मार्क एडेयर (12) के विकेट झटके। आयरलैंड हालांकि 100 रन का स्कोर पार करने में कामयाब रहा। एलिस ने बैरी मैकार्थी (02) को आउट करके मैच खत्म किया। 12 रन देकर एलिस ने चार जबकि जम्पा ने 23 रन देकर 4 ही विकेट लिए।

## जोकोविच के बाद सिलिच 600 जीत हासिल करने वाले बने दूसरे सक्रिय खिलाड़ी

डलास (वार्ता)।




नेक्सो डलास ओपन में लर्नर टिएन के खिलाफ मिली मारिन सिलिच की 600वीं टूर-लेवल जीत, उनकी कंसिस्टेंसी और लंबे समय तक टिके रहने की झलक है, इन खूबियों ने उन्हें आज के महान खिलाड़ियों में जगह बनाने में मदद की है। एटीपी टूर पर दो दशकों में, जिसका ज़्यादातर हिस्सा बिग थ्री युग में मुकाबला करते हुए बीता, क्रोएशियाई खिलाड़ी न केवल टिका रहा, बल्कि आगे भी बढ़ा है। 37 साल के सिलिच इस खेल के सबसे कड़े कॉम्पिटिटर में से एक हैं, जिनके पास उतनी ही जबरदस्त बेसलाइन फायरपावर है। साथ ही, 21 बार टूर-लेवल टाइटल जीतने वाले सिलिच शांत अंदाज़, आसान मुस्कान और सच्ची दयालुता के बीच संतुलन बनाते हैं, जो खिलाड़ियों और फैंस दोनों को पसंद आता है। सिलिक के नाम सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरी सबसे ज़्यादा जीत हैं, जो सिर्फ़ नोवाक जोकोविच (1,168 और गिनती जारी है) से पीछे हैं। अपनी 600वीं टूर-लेवल जीत हासिल करके, सिलिच अब तक के सबसे ज़्यादा जीत हासिल करने वाले क्रोएशियाई खिलाड़ी बन गए, उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 2 गोरान इवानिसेविच को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने अपने शानदार करियर में 599 टूर-लेवल जीत हासिल की थीं। सिलिच के करियर की एक खास बात 2014 में यूएस ओपन में आई, जहां उन्होंने अपनी पहली बड़ी ट्रॉफी उठाई। सिलिच ने फ़ाइनल में जापान के केई निशिकोरी को हराया, इसके कुछ ही पहले उन्होंने सेमीफ़ाइनल में पाँच बार के चैंपियन रोजर फ़ेडरर को हराया था। यह जीत फ़ेडरर के ख़िलाफ सिलिच की 11 एटीपी हेड2हेड भिड़ंत में अकेली जीत थी।

# गेहूं मजबूत, तेलों एवं दालों में घट-बढ़

नयी दिल्ली (वार्ता)।




घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चावल के साथ चीनी में भी टिकाव देखा गया। गेहूं के दाम बढ़ गये जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं की कीमत 16 रुपये बढ़कर 2,865 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा भी आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल 22 रुपये और उड़द दाल 17 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत भी पांच रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। मसूर दाल में कमोबेश टिकाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 35 रिंगिट टूटकर 4,060 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.42 प्रतिशत फिसलकर 57.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 74 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। सोया तेल 55 रुपये और पाम ऑयल 30 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 23 रुपये बढ़ी। वहीं, वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये। चीनी में लगभग टिकाव रहा।दाल चना 7783.83 रुपये, मसूर काली 8123.17 रुपये, मूंग दाल 10130.22 रुपये, उड़द दाल 10615.20 रुपये, तुअर दाल 11063.14 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2865.29 रुपये और चावल 3850.23 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3322.46 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4292.89 रुपये और गुड़ 4991.59 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17739.10 रुपये, मूंगफली तेल 18202.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 16393.29 रुपये, सोया तेल 14032.91 रुपये, पाम ऑयल 12722.34 रुपये और वनस्पति 14556.70 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## रुपया 22 पैसे कमजोर

*मुंबई ( वार्ता )। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया बुधवार को 22 पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.78 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 10 पैसे की मजबूती के साथ 90.56 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 90.56 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर खुला। शुरुआती कारोबार में 90.46 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत होने के बाद यह 90.78 रुपये प्रति डॉलर तक टूटकर अंत में उसी स्तर पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में दो प्रतिशत की मजबूती और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर सूचकांक में रही तेजी से रुपया दबाव में आ गया।*

# खनिज अन्वेषण के लिए लाइसेंस नीलामी का दूसरा चरण गुरुवार से

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** खान मंत्रालय खनिज अन्वेषण के लिए लाइसेंस नीलामी का दूसरा चरण 12 फरवरी से शुरू करेगा। मंत्रालय ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यहां सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में अन्वेषण के लिए लाइसेंस (ईएल) ब्लॉकों की नीलामी के दूसरे चरण का औपचारिक शुभारंभ होगा। यह खनिज अन्वेषण को सुदृढ़ बनाने और दीर्घकालिक खनिज सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में देश के निरंतर सुधारों का एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेष रूप से, यह प्रयास महत्वपूर्ण व गहराई में स्थित खनिज संसाधनों के व्यवस्थित और वैज्ञानिक दोहन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इस मौके पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी भी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के अगली पीढ़ी के डिजिटल पोर्टल का भी अनावरण किया जायेगा। यह अत्याधुनिक पोर्टल डेटा अधिग्रहण, विश्लेषण, विजुअलाइजेशन और प्रसार की प्रक्रियाओं को एकीकृत कर एक समेकित क्लाउड-आधारित मंच प्रदान करता है। यह खनिज अन्वेषण पारिस्थितिकी तंत्र



में पारदर्शिता, दक्षता और डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया को उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हितधारकों के लिए अन्वेषण लाइसेंस ढांचे, नीलामी पद्धति और अन्वेषकों हेतु उपलब्ध प्रोत्साहनों पर एक विस्तृत रोडशो आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी प्रक्रिया, नीलामी नियमों और राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी) योजना पर विस्तृत प्रस्तुतियां दी जायेंगी। अन्वेषण लाइसेंस की नीलामी के पहले चरण में दुर्लभ अर्थ मेटल, जस्ता, हीरा, तांबा और प्लैटिनम समूह तत्व जैसे महत्वपूर्ण खनिजों सहित कुल 13 अन्वेषण लाइसेंस ब्लॉकों को शामिल किया गया था।

## वेदांता ने स्टेम में 50 फीसदी महिलाओं की नियुक्ति का रखा लक्ष्य




**नयी दिल्ली (वार्ता)।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता ने विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के मौके पर बुधवार को कहा कि उसने स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) में इस साल 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की नियुक्ति का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने आज बताया कि स्टेम में उसकी नयी नियुक्तियों में 35 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। शीर्ष नेतृत्व और प्रबंधन की भूमिकाओं को मिलाकर कंपनी में 45 फीसदी महिलाएं हैं। इस गति को आगे बढ़ाते हुए उसने इस साल में स्टेम भूमिकाओं में 50 फीसदी से अधिक महिलाओं की नियुक्ति का लक्ष्य तय किया है। कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये वे उद्योग हैं जहां दुनिया भर में ऐतिहासिक रूप से पुरुषों का प्रभुत्व रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने इस साल विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर विज्ञान की शिक्षा, नवाचार और नेतृत्व में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। देश में स्टेम विधाओं में स्नातक की डिग्री हासिल करने वालों में 40-45 प्रतिशत महिलाएं होती हैं। हालांकि स्टेम कार्यबल में उनकी भागीदारी कम है।

# आईटी कंपनियों के दबाव में लुढ़का सेंसेक्स

मुंबई (वार्ता)।



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में आईटी कंपनियों में बिकवाली रही जिससे बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स गिरावट में बंद हुआ जबकि उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक हरे निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स शुरुआती तेजी के बाद लाल निशान में चला गया और अंत में 40.28 अंक (0.05 प्रतिशत) गिरकर 84,233.64 अंक पर रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 18.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की बढ़त में 25,953.85 अंक पर पहुंच गया जो 07 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.15 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। ईटी सेक्टर पर जबरदस्त दबाव देखा गया। निफ्टी आईटी सूचकांक 1.76 प्रतिशत फिसल गया।

निजी बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक भी लाल निशान में बंद हुआ। ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और रसायन समूहों के सूचकांक बढ़त में रहे। एनएसई में जिन 3,247 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,681 के शेयर लाल निशान में और 1,481 के हरे निशान में रहे। अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 16 के शेयर गिरावट में और 14 के बढ़त में बंद हुए। टीसीएस का शेयर 2.51 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 1.75 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.34 और इटरनल में 1.04 प्रतिशत की गिरावट रही। आईटीसी, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 3.40 प्रतिशत चढ़ा।

मारुति सुजुकी में 1.70 प्रतिशत और इंडिगो में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.28 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.31 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.09 प्रतिशत मजबूत हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.51 प्रतिशत नीचे था जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.24 प्रतिशत ऊपर चल रहा था।




## महिंद्रा एंड महिंद्रा का मुनाफा बढ़ा

**मुंबई (वार्ता)।** महिंद्रा एंड महिंद्रा को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) के दौरान समेकित आधार पर 4,675 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ, जो सालाना आधार पर 47 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल ने बुधवार को वित्तीय परिणामों की घोषणा की। तिमाही के दौरान उसका कुल समेकित राजस्व 26 प्रतिशत बढ़कर 52,100 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि तिमाही के दौरान स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की बिक्री में राजस्व के आधार पर 24.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ वह देश में पहले नंबर पर रही। हल्के वाणिज्यिक वाहनों के मामले में 51.9 प्रतिशत और ट्रैक्टरों के मामले में 44 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ वह पहले स्थान पर रही। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के मामले में भी कंपनी नंबर एक रही और उसकी बाजार हिस्सेदारी 38.6 प्रतिशत रही। कंपनी ने तिमाही के दौरान कुल 3,02,238 वाहन बेचे जो 23 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। ट्रैक्टरों की बिक्री भी 23 प्रतिशत बढ़कर 1,49,567 इकाई हो गयी।

# सिंहस्थ: उज्जैन के प्रबंधन से पूरे प्रदेश का बढ़ेगा गौरव: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने उज्जैन में किया हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमि-पूजन

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्हीं के मार्गदर्शन में बने महाकाल लोक में उज्जैन को वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन का केन्द्र बनाया है। मोक्षदायिनी शिप्रा मैया की कृपा से उज्जैन अब सिंहस्थ-2028 के लिए तैयार हो रहा है। भगवान महाकाल के आशीर्वाद से सिंहस्थ की तैयारियों के लिए 1133.67 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित की जा रही हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमि-पूजन हो रहा है। इस परियोजना से सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। साथ ही शहर के हर घर में लंबे समय तक जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। सिंहस्थ के लिए उज्जैन के प्रबंधन से पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के ग्राम हरियाखेड़ी में जल आवर्धन परियोजना के भूमि-पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लगभग 47.23 करोड़ लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की



पुण्यतिथि पर उनको नमन करते हुए कहा कि उनके दिखाए अंत्योदय के मार्ग पर चलते हुए ही हमारी सरकार गरीब से गरीब के कल्याण में लगी हुई है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ही उज्जैन जिले में प्रोजेक्ट संवर्धन आरंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके सम्मान और सफाई कर्मचारियों को किट वितरण जैसी गतिविधियां प्रतीक स्वरूप आयोजित की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में आयुर्वेद का धनवंतरी इंस्टीट्यूट खोला जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के माध्यम से आयुर्वेद की पढ़ाई और चिकित्सा के लिए एक बड़ी सौगात बहुत जल्द मिलने वाली है।

***धार्मिक स्थानों पर शराबबंदी कर एक आदर्श उदाहरण***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े सभी स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। सरकार ने उज्जैन, ओरछा सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थानों पर शराबबंदी कर एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं और बहनों को रोजगार दिलवाने के लिए रोजगार आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उज्जैन के पास रेडीमेड गारमेंट की यूनिट शुरू होने पर बहनों को काम करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी उज्जैन ने बाबा महाकाल के कार्यक्रमों का प्रसारण किया। यह प्रसन्नता का विषय है कि आकाशवाणी के माध्यम से उज्जैन के युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। आकाशवाणी के माध्यम से सिंहस्थ से जुड़े समाचार भी जन-जन तक पहुंचेंगे।

***सिंहस्थ 2028 में पूरी दुनिया के श्रद्धालु उज्जैन आएंगे***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में पूरी दुनिया के श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। राज्य सरकार इसके लिए सभी तैयारियों को समय रहते हुए पूरा कर रही है। उज्जैन बाबा महाकाल और सम्राट विक्रमादित्य की नगरी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सभी बुनियादी सुविधाओं के लिए विकास कार्य हो रहे हैं। क्षिप्रा के घाटों पर सिंहस्थ में आए 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। रामघाट के पास एक छोटा और एक बड़ा पुल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले महीने मार्च में उज्जैन में भव्य गीता भवन का लोकार्पण होगा। शीघ्र ही उज्जैन-इंदौर फोर लेन रोड का भूमि-पूजन भी किया जाएगा। उज्जैन भी मेट्रोपोलिटन सिटी का हिस्सा होगा। यह सभी कार्य शहर के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

***परियोजना को 24 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में बताया गया कि हरियाखेड़ी परियोजना को 24 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। हरियाखेडी एवं गंभीर पर 2 नए इंटेक वेल का निर्माण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नए जल शोधन संयंत्रों का निर्माण और 17 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे। योजना अंतर्गत 708 किमी पाइपलाइन का नया वितरण नेटवर्क विकसित किया जाएगा तथा पुरानी एसीपी पाइपलाइन भी बदली जाएगी। परियोजना से 49,087 नए घरेलू जल सेवा कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत सि?लारखेड़ी, गंभीर, उंडासा एवं साहिबखेड़ी को मुख्य जल स्रोत के रूप में उपयोग किया जाएगा जिससे सिंहस्थ के दौरान और उसके बाद निर्बाध जल आपूर्ति बनी रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय समर्थ भारत निर्माण के चिंतक थे : डॉ. यादव

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जब विश्व में सभी ओर साम्यवाद और समाजवाद की विचारधाराओं का प्रभाव था, तब पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद और अंत्योदय की कल्याणकारी दृष्टि प्रदान की। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को निरंतरता प्रदान करने का प्रभावी प्रयास था। पं. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता तथा समर्थ भारत निर्माण के चिंतक थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक, संगठनकर्ता और भारतीय जनसंघ के सह संस्थापक रहे। दीनदयाल जी का विचार था कि स्वतंत्रता तभी सार्थक होती है, जब वो हमारी संस्कृति की अभिव्यक्ति का साधन बने। उनके विचारों ने समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में उजास लाने का मार्ग प्रशस्त किया। दीनदयाल जी के विचार भारतीय मानस को सशक्त राष्ट्र और समाज के निर्माण के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. दीनदायल उपाध्याय की प्रतिमा



के निकट विकसित नमो वन का अवलोकन कर रुद्राक्ष का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गरीब-किसान-युवा और महिलाओं कल्याण के साथ सभी को प्रगति के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर सक्रिय है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में देश का प्रभाव निरंतर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर केश शिल्पियों को उपलब्ध कराई जा रही किट उनके अंत्योदय के विचारों को व्यावहारिक रूप देने का सार्थक प्रयास है। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर मालती राय सहित रविन्द्र यति जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# जेल में रहने के समय का करें सदुपयोग : सोलंकी

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में जिला जेल दमोह में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जेल अधीक्षक एमएल पटैल सहित समस्त जेल स्टाफ तथा बंदीगण उपस्थित रहे। प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने बंदियों को उनके अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा समय का सदुपयोग व्यक्ति को व्यवस्थित जीवन जीने के लिये आवश्यक है। हमें दृढ़ प्रतिज्ञा लेनी चाहिये कि हम समय का दुरूपयोग नही करेंगे तथा जेल से निकलने के उपरांत किसी प्रकार का नशा नहीं करेंगे। हमारी आने वाली पीढ़ी हमसे सीख लेती है, इसीलिये हमें उनके सामने नशा एवं दुर्व्यवहार नही करना चाहिये। आपने बंदियों को प्राप्त संपर्कए मुलाकात, धर्मपालन, उपचार, पढ़ने-लिखने के अधिकार के संबंध में जानकारी देते हुये बंदियों को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु नियमित रूप से प्राणायाम, ध्यान तथा योग का अभ्यास किये जाने हेतु प्रेरित किया।

# कट्टा की नोक पर व्यापारी से 7 लाख की लूट

दमोह (स्वतंत्र मत)

सागर रोड पर देहात थाना क्षेत्र के परसौरिया गांव के पास मंगलवार रात एक इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी से 7 लाख रुपए की लूट हो गई। तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने कट्टा अड़ाकर इस वारदात को अंजाम दिया। घायल व्यापारी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



दमोह में किसान भवन के सामने दुकान चलाने वाले व्यापारी राजा सिंधी उर्फ राजकुमार नागदेव गढ़ाकोटा में पैसों की वसूली के लिए गए थे। उनका माल गढ़ाकोटा की कई दुकानों पर सप्लाई होता है। वसूली के बाद मंगलवार रात वे वापस लौट रहे थे। गढ़ाकोटा से कुछ ही दूरी पर परसोरिया गांव के समीप एक बाइक पर आए तीन बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से व्यापारी नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद, आरोपियों ने कट्टा अड़ाकर उनसे 7 लाख रुपए से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। व्यापारी ने तत्काल अपने परिजनों और अन्य व्यापारियों को घटना की सूचना दी। डायल 112 मौके पर पहुंची और घायल व्यापारी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सागर नाका चौकी पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# पाइपलाइन जांच के नाम पर सड़कों की खुदाई

## अंधियारा बगीचा चौराहे के गड्ढे बने खतरा

हटा (स्वतंत्र मत)

नगर में पेयजल पाइपलाइन की जांच और सुधार के नाम पर की जा रही लगातार खुदाई अब आम नागरिकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। ताजा मामला अंधियारा बगीचा चौराहे का है, जहां चौराहे के बीचोबीच बड़े-बड़े गड्ढे खोद दिए गए हैं। तीन दिशाओं की पाइप लाइन काटे जाने से न सिर्फ यातायात बाधित हुआ है, बल्कि हादसे की आशंका भी बढ़ गई है। नगर के विभिन्न वार्डों में आए दिन कहीं न कहीं सीसी और डामर सड़कों को पाइप



फूटने या लाइन चेकिंग के नाम पर खोदा जा रहा है। हालात यह हैं कि नई नवेली सड़कें बनने के कुछ समय बाद ही दोबारा तोड़ी जा रही हैं। इसके बावजूद नलों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, जिससे नागरिकों में आक्रोश है। नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि एमपीआरडीसी द्वारा निर्मित की जा रही सीमेंट कंक्रीट फोरलेन सड़क के नीचे पूर्व से ही डाली गई पेयजल पाइपलाइन ही समस्या बनेगी। बार-बार लीकेज होने से सड़क तोड़ना मजबूरी बनेगी। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए लंबे समय से पाइपलाइन को फोरलेन के बाहर शिफ्ट करने की मांग उठ रही है लेकिन प्रस्ताव अब तक अमल में नहीं आ सका। बताया जा रहा है कि एमपीआरडीसी, एमपीयूडीसी और नगर पालिका के बीच समन्वय की कमी तथा फंड के अभाव का हवाला देकर मामला लंबित रखा जा रहा है। इस बीच कलेक्टर के निर्देश पर पुरानी पानी की टंकी बंद होने से जल संकट और गहरा गया है। कई क्षेत्रों में लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो हटा की सड़क व्यवस्था और पेयजल व्यवस्था दोनों ही चरमरा सकती हैं। अब जरूरत है विभागीय बैठकों से आगे बढ़कर जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई कीए ताकि जनता को राहत मिल सके।

## रेत का अवैध उत्खनन करते ट्रेक्टर जब्त

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी हैं। इस सबंध में खनिज अधिकारी दमोह ने बताया दमोह तहसील अन्तर्गत ग्राम इमलिया के बयारमा नदी अन्तर्गत खर्राघाट से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए ट्रेक्टर जप्त कर पुलिस चौकी इमलिया मे खड़ा किया गया। इसके अलावा एक अन्य ट्रेक्टर द्वारा रेत का अवैध परिवहन पाए जाने पर इमलिया मे जप्त कर पुलिस चौकी इमलिया मे खड़ा किया गया है। उन्होंने कहा उक्त दोनो प्रकरण में गौण खनिज नियमों के तहत कारवाई प्रस्तावित की जायेगी।

# अस्थियां लेकर आए ग्रामीणों ने न्याय की मांगकर किया प्रदर्शन

## नर्स की मारपीट से पीड़ित युवक ने कर ली आत्महत्या

दमोह (स्वतंत्र मत)

दमोह जिले के रनेह निवासी महेंद्र लोधी की आत्महत्या के बाद बुधवार को उनके परिजन ने सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट का घेराव किया। परिजन महेंद्र की अस्थियां लेकर पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे और न्याय की मांग की। भीड़ और हंगामे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया था लेकिन आक्रोशित भीड़ जबरन कलेक्टर परिसर में घुस गई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने मांग की देर तक प्रदर्शन किया।

मामला पिछले साल जून महीने का है। जब महेंद्र लोधी और रनेह स्वास्थ्य केंद्र की नर्स नीलम यादव के बीच विवाद हुआ था। महेंद्र का आरोप था कि नर्स ने उनकी गर्भवती पत्नी का इलाज नहीं किया और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और उल्टा उसके खिलाफ छेड़छाड़ काआरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करा दी। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच कराई और नर्स नीलम यादव को रनेह से हटाकर दूसरी जगह भेज दिया। साथ ही उनकी एक साल की वेतन वृद्धि इंक्रीमेंट भी रोक दी गई थी। फिलहाल यह पूरा मामला कोर्ट में चल रहा है। इसी बीच 5 फरवरी को महेंद्र सिंह लोधी ने पन्ना जिले के सिमरिया में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन और सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि महेंद्र नर्स द्वारा उससे सार्वजनिक रूप से की गई मारपीट एवं अपने ऊपर दर्ज केस और प्रशासन की अधूरी कार्रवाई से परेशान थे, जिसके कारण उन्होंने यह कदम उठाया। अंतिम संस्कार के बाद अब परिजन अस्थियां लेकर विरोध जताने एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग करते हुए मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं। घटना 9 जून को रनेह उप स्वास्थ्य केंद्र की है।

इसका वीडियो वायरल हो रहा है। नर्स ने युवक के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत की थी। जिसके बाद रविवार को ओबीसी महासभा के सैकड़ों लोगों ने रनेह थाने का घेराव कर नर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO No. 834 Date 11/04/2026 Tender id no. 2026_UAD_481665_1 | संगाग क्र. 09 लालमाटी अंतर्गत आचार्य विनोवा भावे वार्ड में पूर्व पार्षद टिल्लू नेचनाली के निवास के पास पेवर ब्लाक एवं नाली निर्माण एवं कवर कार्य। (महापौर मद) | 02 माह 3,81/- | 2,000/- 3,815 | 27/02/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती समता जैन पति श्री अमित जैन के द्वारा शिवनगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक MIG-II-91 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त भवन श्री एम.एल.अग्रवाल पिता श्री बाबूलाल अग्रवाल के नाम पर आवंटित है। श्रीमती समता जैन पति श्री अमित जैन के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर श्रीमती समता जैन पति श्री अमित जैन के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति संस्था को उक्त भवन के हस्तांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने से शिवनगर दमोहनाका MIG-II-91 श्रीमती समता जैन पति श्री अमित जैन के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति दावा मान्य नहीं होगा।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक -04 छोटीलाईन फाटक गोरखपुर, नगर पालिक निगम, जबलपुर**

पत्रांक/सं.अ./04/एम/222/25-26
दिनांक 3/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्तिकर पिन नं. 1000622270 में पंजीकृत भवन स्वामी श्री/श्रीमति सोना दुबे, मोना दुबे दोनों के पिता श्री दिनेश नारायण दुबे के स्थान पर आवेदक श्री/श्रीमती सोना दुबे पिता दिनेश नारायण दुबे एवं सानवी दुबे पिता स्व. भूपेन्द्र दुबे ने मकान नं. 433, 434, 434/1 (A-6) वार्ड क्रं. 10 प्लाट क्षेत्रफल 600 भूतल 460 प्रथमतल 460 एवं दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, खसरा की प्रति जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस पर किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय, क्रमांक-04, छोटी लाईन फाटक, गोरखपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र. 4 छोटी लाईन फाटक
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र. / सं.क्र.11/25-26
दिनांक 10.02.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रकाश चंद श्रीवास्तव पिता वीर नारायण (2) श्रीमती ऊषा श्रीवास्तव पति श्री प्रकाश चंद ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक FF-104 ब्लाक-A सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003994852 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा प्रथमतल 2598 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती इशिता मल्होत्रा पिता स्व.श्री गीतेश मल्होत्रा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 11/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेन्द्र जामदार पिता स्व. डॉ. श्री जनार्दन बलवंत जामदार ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी के भवन क्रमांक 1351 कैलाशपुरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000397150 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 8250 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 2661 प्रथम तल 1532 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती सुरजीत कौर चड्डा पति स्व. श्री जयदेव सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र. क्र./संभा.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/231, दिनांक 11/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमन गुप्ता पिता श्री लक्ष्मी प्रसाद हलवाई (पति श्री अनुपम गुप्ता) ने मकान नं. 862 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 200 व.फु. भूतल 200 व.फु. विकृय पत्र न्याया. तहसीलदार राज़. आदेश की प्रति के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग-13, मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र. क्र./संभा.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/232, दिनांक 11/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमन गुप्ता पति श्री अनुपम गुप्ता ने मकानं नं. 861/डी-5 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 405 व.फु. भूतल 405 व.फु. प्रथम तल 405 व.फु. द्वितीय तल 300 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग-13, मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र. क्र./संभा.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/229, दिनांक 11/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गुरप्रीत कौर सलूजा पिता श्री गुरदीप सिंह सलूजा ने मकान नं. 880/1 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान प्रथम मंजिल की छत 1440 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग-13, मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र. क्र./संभा.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/230, दिनांक 11/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रियंका पांडे पति श्री मुकेश पांडे ने मकान नं. 862 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 470 व.फु. भूतल 470 व.फु. विक्रय पत्र न्याया. तहसीलदार राज़ आदेश की प्रति के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग-13, मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**

पत्र. क्र./संभा.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/228, दिनांक 11/02/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डॉ. दीपक कुमार साहू पिता श्री हरिशंकर साहू ने मकान नं. 885 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 400 व.फु. शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग-13, मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# हाईकोर्ट की शरण में 1070 शिक्षक

## 3 साल परिवीक्षा अवधि और 70-80-90 प्रतिशत वेतनमान के विधेयक को दी चुनौती

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र हाईकोर्ट में तीन साल परिवीक्षा अवधि और 70-80-90 प्रतिशत वेतनमान व्यवस्था लागू करने वाले विधेयक को याचिका आनन्द कुमार मिश्रा बनाम मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चुनौती दी गई। समान कार्य समान वेतनमान के सिद्धांत को आधार बनाकर मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के 1070 शिक्षकों ने आनन्द कुमार मिश्रा के निर्देशन में एकजुट होकर एड राहुल दिवाकर के माध्यम से मप्र सरकार द्वारा 2019 में लागू की गई वेतन कटौती व्यवस्था को कानूनी रूप से असंवैधानिक और अमानवीय बताते हुए बुधवार को मप्र हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच में अपना पक्ष रखा। याचिका को सुनने के उपरांत मुख्य न्यायाधीश ने मध्यप्रदेश सरकार को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 4 हफ्तों का समय दिया है। साथ ही जवाब दाखिल होने के उपरांत अगली सुनवाई 20 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लेख

जानकारी अनुसार समस्त 1070 शिक्षक 2018 में विज्ञापित भर्ती के माध्यम से चयन होने के उपरांत मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यरत है। इनकी भर्ती का विज्ञापन सितंबर 2018 में तत्कालीन शिवराज सिंह चौहान सरकार द्वारा जारी किया गया था। परीक्षा और परिणाम जारी होने के उपरांत 2019 में कमलनाथ सरकार ने बीच भर्ती में परिवीक्षा अवधि तीन साल करते हुए 70-80-90 प्रतिशत वेतनमान व्यवस्था लागू कर दी गई और संबंधित शिक्षकों को इन्हीं नए नियमों के अंतर्गत वेतनमान व्यवस्था के अनुसार वेतन दिया गया। जबकि कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि एक बार भर्ती शुरू होने के बाद भर्ती के नियम नहीं बदले जा सकते हैं। मप्र सरकार ने ऐसे आदेशों को ताक पर रखते हुए शिक्षक भर्ती 2018 में 70-80-90 प्रतिशत वेतनमान और तीन साल परिवीक्षा अवधि का नियम लागू किया है। शिक्षकों द्वारा इन्हीं समस्त बिंदुओं को हाईकोर्ट में प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष रखा और हाईकोट ने मप्र सरकार को 4 हफ्तों में अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया है।

### 2019 में रद्द हो चुका आदेश

इसी तरह के एक अन्य मामले में हाईकोर्ट सामान्य प्रशासन विभाग के 70-80-90 प्रतिशत वेतनमान और तीन साल परिवीक्षा अवधि संबंधित जारी आदेश दिनांक 12 दिसंबर 2019 को रद्द कर चुका है। इसी आदेश को आधार बनाकर समस्त विभागों ने अपने विभागीय राजपत्र जारी कर 70, 80, 90 वेतनमान व्यवस्था लागू की थी। परन्तु 12 दिसंबर 2019 के आदेश के रद्द होने के बावजूद भी सरकारी विभागों ने कर्मचारियों को इस वेतनमान व्यवस्था में बनाए रखना जारी रखा हुआ है। जिससे कर्मचारियों को बार-बार उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ रही है।

# तिलका मांझी के बलिदान को याद कर युवाओं को मिलती है साहस की प्रेरणा

## हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाई गई जयंती



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में तिलका मांझी जयंती बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाई गई । कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता सोहन सिंह, वनवासी कल्याण संघ से उपस्थित रहे । उनके साथ आरजी पिल्ले, प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे । मुख्य वक्ता सोहन सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में महान आदिवासी, स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी के जीवन एवं उनके अदम्य साहस पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार तिलका मांझी ने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए आदिवासी समाज में स्वतंत्रता की चेतना जागृत की। उनके बलिदान और संघर्ष से आज की युवा पीढ़ी को राष्ट्र-प्रेम, साहस और आत्मसम्मान की प्रेरणा मिलती है।

***छात्राओं ने लिया आयोजन में हिस्सा***- कार्यक्रम में बीएड की 68 छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। अंत में प्राचार्य, डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी ने अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में राष्ट्रीय चेतना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय के जनजातीय अध्ययन प्रकोष्ठ की प्रभारी, डॉ. निरुपमा पाठक का कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, डॉ. निधि माथुर, कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, सुधा चौधरी एवं विजय दहायत का सहयोग रहा ।

# साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खिली मुस्कान



सिहोरा (स्वतंत्र मत)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोसलपुर में बुधवार को आयोजित एक समारोह में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों व संस्था प्रमुख द्वारा ग्रामों से पढ़ने आने वाले छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे पर खुशी और मुस्कान आ गई। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। समारोह में ग्राम पंचायत गोसलपुर की सरपंच गिरिजा जितेंद्र पालीवाल, जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत, धीरेंद्र भदोरिया, संस्था के प्राचार्य राज बहादुर सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## फ्लैट की बालकनी से कूदी महिला, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोराबजार थाने में जबलपुर अस्पताल में एक महिला की मृत्यु होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को आशीष कुशवाहा उम्र 38 वर्ष निवासी एफ एस अंजनी अभिनन्दन प्रगती नगर तिलहरी ने बताया कि उसकी पत्नी रिचा राजानी की उसके दोस्त वैभव साहू से सोशल मीडिया में बात चीत होती है। यह बात क्लीयर करने के लिये वह रिचा से इसी संबध में चर्चा करने लगा और इसी बात को लेकर उसकी और रिचा की बहस होने लगी। तभी रिचा गुस्से में दौडकर किचिन की बालकनी से नीचे कूद गई।

## वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कुंडम थाने में लखन सिंह मार्को उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम करोंदी ने सूचना देकर बताया वह ग्राम जैतपुरी का सरपंच है। बुधवार को पंचायत सचिव सुशीला बरकड़े ने फोन से बताया कि ग्राम करोंदी के 2 व्यक्तियों का एक्सीडेंट हो गया है। जिस गाड़ी से एक्सीडेंट हुआ है उसी गाड़ी में दोनों घायलों को सीएचसी कुण्डम लेकर गये हैं तो वह सीएचसी कुण्डम जाकर देखा उसके रिश्ते का भाई स्वरूप सिंह मार्को उम्र 62 वर्ष निवासी करोंदी के मृत अवस्था मे मिले जिन्हें सिर हाथ पैर में चोटें थीं तथा गांव के प्रिंस मार्को पिता प्रकाश मार्को उम्र 17 वर्ष का उपचार चल रहा है। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मामले को जांच में लिया है।



# नाले के ऊपर बने होटल के अवैध निर्माण को ननि ने ढहाया

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर को जलभराव की समस्या से मुक्त करने और ड्रेनेज सिस्टम को सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ नगर निगम की टीम इन दिनों एक्शन मोड में है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के कड़े निर्देशों के बाद, बुधवार को छोटी लाइन फाटक क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की गयी। क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि छोटी लाइन फाटक के सामने वासु होटल द्वारा नाले के ऊपर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था। इस अवैध निर्माण के कारण नाले की नियमित सफाई में बाधा आ रही थी, जिससे भविष्य में जलप्लावन का खतरा बना हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम की टीम ने तत्काल प्रभाव से नाले पर किए गए पक्के निर्माण को मौके पर ही ढहा दिया गया ताकि सफाई कार्य सुचारू रूप से हो सके। निगम के नियमों का उल्लंघन करने और जनहित के कार्य में बाधा डालने पर होटल प्रबंधन पर 5 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया और चालान काटा गया। अतिक्र मण हटते ही टीम ने नाले की गहरी सफाई का कार्य शुरू कर दिया।

# संभागायुक्त ने ली कलेक्टर्स की बैठक



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टरों से शासन के कार्यक्रमों एवं प्राथमिकता अभियानों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा कर प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने राजस्वल एवं सामान्यन प्रशासन से जुड़े मामलों आदि प्रकरणों पर समीक्षा कर इन्हें समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान निर्धारित लेबर बजट एवं विगत वर्षों के अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। संभागायुक्तं श्री सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की विभागीय योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिले के कलेक्टर्स एवं मुख्या कार्यपालन अधिकारी वर्चुअली रूप से सम्मलित रहे।

## जहर के सेवन से युवती की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोराबजार थाने में नेशनल से सूचना मिली कि सोनम लोधी पिता लटोरीलाल लोधी उम्र 25 साल निवासी तिलहरी थाना गोराबाजार द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन करने से इलाज हेतु भर्ती कराया था। जहां पर इलाज के दौरान सोनम लोधी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मामले को जांच में लिया है।

# हितकारिणी महाविद्यालय देवताल के विद्यार्थियों ने किया ओशो आश्रम का शैक्षणिक भ्रमण

## ध्यान सत्र में हिस्सा लेकर एकाग्रता, सकारात्मक ऊर्जा का किया अनुभव

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



हितकारिणी महाविद्यालय देवताल के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की एक टीम ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत ओशो आश्रम का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक शांति आत्मविश्वास, आत्म विकास तथा वैकल्पिक शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान महाविद्यालय की टीम ने ओशो आश्रम में आयोजित ध्यान सत्र में सहभागिता की जिससे विद्यार्थियों एवं प्राध्यापको ने ध्यान लगाकर ओम का उच्चारण किया। जिसमें मस्तिष्क हृदय और नाभी को केंद्र बिंदु मानकर मुख पर हाथ रखकर उच्चारण कर एकाग्रता का एवं आत्म चिंतन सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव प्राप्त किया। ध्यान सत्र के उपरांत टीम द्वारा आश्रम स्थित समृद्ध लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया जहां अध्यात्म दर्शन, मनोविज्ञान एवं जीवन प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पुस्तकों की जानकारी प्राप्त की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलेश पांडे ने बताया कि आचार्य रजनीश ओशो हितकारिणी सभा द्वारा संचालित सिटी कालेज के पूर्व छात्र रहे है। जिसे वर्तमान में हितकारिणी महिला महाविद्यालय के नाम से जाना जाता है। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों के बौद्धिक मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास को नई दिशा मिली। उन्होंने इस प्रकार के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### विद्यार्थियों ने प्राप्त किए नए अनुभव

इस अवसर पर महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ ममता पाठक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है और उनके व्यक्तित्व विकास में नए-नए अनुभवों की प्राप्ति होती है। महाविद्यालय की ओर से शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। डॉ संगीता शुक्ला, डॉ पुष्पा शुक्ला, सरिता शर्मा, अंकिता चंसोरिया, डॉ मीना पांडे, मोनिका पांडे, कु श्रद्धा श्रीवास, संदीप परिहार, कु सौम्या शुक्ला आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।



# एक मई से शुरू होगा जनगणना का प्रथम चरण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्य क्षता में बुधवार को जिला जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनगणना के कार्ययोजना के संबंध में विस्ताआर से चर्चा की गई। उल्ले खनीय है कि यह जनगणना वर्ष 1872 से 16वीं एवं स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी, पिछली जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी। जनगणना दो चरणों में होगी। प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 जिसमें मकान सूचीकरण और मकानों की गणना तथा द्वितीय चरण फरवरी-मार्च 2027 में जनसंख्या की गणना की जायेगी। इस दौरान कहा गया कि जनगणना का कार्य निर्धारित सीमा समय पर किया जाता है, अत: समय सीमा में किसी भी प्रकार का विस्तार व परिवर्तन संभव नहीं है। बैठक में 2027 की जनगणना के लिए अब तक की गई कार्यवाहियों के बारे में बताया गया और आगामी कार्यवाही की कार्ययोजना के संबंध में भी जानकारी दी गई।

# दहेज न मिलने पर पत्नी को मायके छोड़ा, एफआईआर दर्ज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पाटन थाने में मनीषा इकनोरिया उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मालाखुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसकी शादी हिन्दू रीति रिवाज से ग्राम बुधगांव थाना ठेमी जिला नरसिंहपुर निवासी शुभम सिलावट से हुयी थी। शादी में उसके पिता अपनी सामर्थता के अनुसार गृहस्थी का सामान दिया था। शादी के 15-20 बाद उसका पति शुभम सिलावट, सास रामबाई सिलावट, ससुर डोमन सिलावट शादी में दहेज नहीं मिलने का कहकर ताना देने लगे एवं दहेज में एक लाख रूपये की मांग कर झगड़ा कर मारपीट करने लगे। उसने मायके जाकर अपने माता पिता को बतायी थी। वह अपने मायके से ससुराल एक लाख रूपये दहेज के रूप में ससुराल नहीं ले गयी तो पति, सास, ससुर ने उसके देवर सौरव के साथ उसके मायके ग्राम मालाखुर्द भिजवा दिया था। उसने कई बार पति, सास, ससुर से सम्पर्क कर वापस ससुराल ले जाने के लिये कहा लेकिन नहीं लेकर गये, उसके मायके वालों ने ससुराल जाकर ससुराल वालों से बात की लेकिन ससुराल वाले बिना दहेज लिये उसे रखने के लिये तैयार नहीं हैं। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**